13. विकल, गोमती प्रसाद, 'बघेली संस्कृति एवं साहित्य', आदिवासी लोक कला अकादमी एवं बोली विकास अकादमी, भोपाल (म.प्र.), 2005

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
**Paper Received : 24th Jan. 2026** **Paper Accepted :30th Jan. 2026**

# उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण

**प्रो. रतन कुमारी वर्मा***


## शोध-सारांश

*किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्त्व के विकास के लिए शिक्षा ही सर्वोत्तम माध्यम है। चाहे वह स्त्री हो या पुरुष, शिक्षा के माध्यम से किसी भी क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट स्थान प्राप्त करता है। आज भी जीवन के विविध क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर पुरुषों का ही वर्चस्व है किन्तु धीरे-धीरे महिलाओं के पदार्पण करने से यह वर्चस्व टूट रहा है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आज भी पुरुषों की संख्या अधिक है परन्तु कुछ महिलायें भी शीर्ष पदों पर पहुँचकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन रही हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को रेखांकित करना इस शोध-पत्र का उद्देश्य है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में योगदान करने वाली महिलाओं के संघर्ष को एक पटल पर लाना, उनकी उपलब्धियों का वर्णन करना, नई पीढ़ी को प्रेरित करना अभीष्ट है।*


***मुख्य शब्द***—*उच्च शिक्षा, संघर्ष, उपलब्धियाँ, महिला कुलपति, प्रथम शिक्षिका, योगदान, उत्कृष्ट, प्रेरणास्रोत।*

शिक्षा किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्त्व के सर्वांगीण विकास की आधार शिला है। चाहे कोई स्त्री हो या पुरुष, शिक्षा के माध्यम से ही किसी भी क्षेत्र में शीर्ष स्थान प्राप्त करता है। आज भी जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष पदों पर अधिकांशतया पुरुषों का वर्चस्व है, परन्तु धीरे-धीरे यह वर्चस्व कम हो रहा है और महिलायें भी शीर्ष स्थान पर पहुँचकर अपनी योग्यता एवं क्षमता से समाज को मजबूती प्रदान कर रही हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी शनैः-शनैः महिलाओं का पदार्पण बढ़ रहा है। यद्यपि अभी भी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भागीदारी बहुत कम संख्या में है परन्तु शीर्ष स्थान पर पहुँचने वाली महिलायें अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

भारत में पहली महिला शिक्षक होने का गौरव सावित्रीबाई फुले को प्राप्त है। जो माली समुदाय से थीं और जिन्हें अपने पति ज्योतिबा फुले से शिक्षा प्राप्त हुई थी। निरन्तर समाज द्वारा अपमानित किये जाने के बावजूद समाज में शिक्षा की रोशनी फैलाने में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। सावित्रीबाई फुले का जन्म 03 जनवरी, 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित नायगाँव नामक छोटे से गाँव में हुआ था। इनके पिता का नाम खन्दोजी नैवेसे तथा माता का नाम लक्ष्मीबाई था। बचपन में ही इनका विवाह पूना के रहने वाले ज्योतिबा फुले के साथ 1841 में हो गया था। उस समय सावित्रीबाई की उम्र 9 वर्ष और ज्योतिबा फुले की उम्र 13 वर्ष थी। परिवार के सदस्यों द्वारा विरोध के बावजूद ज्योतिबा फुले से सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा प्राप्त की थी। सावित्रीबाई फुले पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रिंसिपल और पहले किसान स्कूल की संस्थापक थीं। महात्मा ज्योति राव को महाराष्ट्र और भारत

* हिन्दी विभाग, जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज

में सामाजिक सुधार आन्दोलन में एक सबसे महत्त्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। उन्होंने दलित जातियों एवं महिलाओं को शिक्षित करने के लिए अथक प्रयास किया। ज्योति राव जो कि अपने उल्लेखनीय कार्यों के कारण बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गये। उनके ही समर्थन से सावित्रीबाई फुले ने दलित महिलाओं एवं अन्य महिलाओं को शिक्षित करने का अनवरत प्रयास किया। विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं को शोषण से मुक्ति के लिए निरन्तर प्रयास किया। सावित्रीबाई फुले जब विद्यालय जाती थीं तो उनके विरोधी उनके ऊपर गंदगी, कीचड़, गोबर, जूठन तक फेंका करते थे। पत्थर मारते थे। वे एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और सकूल पहुँचकर गंदी कर दी गई साड़ी बदल लेती थीं। अपने जीवन को एक मिशन की तरह जिया और बालिकाओं की शिक्षा के लिए आजीवन समर्पित रहीं। सावित्रीबाई फुले शिक्षा के क्षेत्र में देश की महानायिका हैं जिनके जीवन से सभी प्रेरणा ले सकते हैं आज से लगभग 200 साल पहले जब बालिकाओं के लिए स्कूल खोलना, उनको शिक्षित करना पाप समझा जाता था, तब उन्होंने यह साहसिक कदम उठाया। ''सावित्रीबाई फुले के बिना देश की शिक्षा और सामाजिक उत्थान की बात अधूरी है।''[1] देश के सबसे पहले महिला विद्यालय की स्थापना भी 1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ी इलाके में सावित्रीबाई ने अपने पति के साथ मिलकर की। उन्होंने विभिन्न जातियों की 9 छात्राओं के लिए स्कूल की स्थापना की। इसके बाद केवल एक वर्ष में 5 नये विद्यालय खोलने में सफलता प्राप्त की।

देश की पहली महिला कुलपति बनने का गौरव श्रीमती हंसा जीवराज मेहता को प्राप्त है। वह गुजरात के पहले मुख्यमंत्री जीवराज नारायण मेहता की पत्नी थीं। वह बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) की संस्थापक कुलपति थीं। बड़ौदा कॉलेज के पूर्ण विश्वविद्यालय के रूप में बदलने का निर्णय सरदार बल्लभभाई पटेल ने लिया और हंसा मेहता को कुलपति के रूप में नियुक्त करने का निर्देश दिया।

हंसा मेहता ने बड़ौदा कॉलेज से दर्शन शास्त्र की शिक्षा प्राप्त की। उसके बाद पत्रकारिता और समाजशास्त्र में उच्च शिक्षा के लिए 1919 ई. में इंग्लैण्ड चली गईं। 1941 से 1958 ई. तक बड़ौदा विश्वविद्यालय की कुलपति के रूप में हंसा मेहता ने शिक्षा जगत में अपनी छाप छोड़ी। इनका जन्म 3 जुलाई, 1897 को सूरत गुजरात में हुआ था और निधन 4 अप्रैल, 1995 में मुंबई में हुआ। उनके पिता मनुभाई मेहता बड़ौदा और बीकानेर रियासतों के दीवान थे। 1959 में इन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था। हंसा मेहता प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षविद्, स्वतन्त्रता सेनानी, नारीवादी लेखिका थीं। वर्तमान समय के यू.जी.सी. के नियमों के अनुसार न उन्होंने परास्नातक की शिक्षा प्राप्त की थी और न ही पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की थी। परन्तु अपने मौलिक विचारों के कारण संयुक्त राष्ट्र में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया। वह संविधान सभा की भी सदस्य थीं। राजनीति जगत में भी बिना किसी तरह का आरक्षण स्वीकार किये अपना स्वतंत्र स्थान बनाया। महिलाओं के अधिकारों के लिए हमेशा संघर्ष किया। उनका मूल वाक्य था—''All Humans are equal and born free.''[2] संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार के आर्टिकल एक में पहले यह वाक्य था—''All men are equal and born free'' हंसा मेहता ने ''मानवाधिकार की वकालत की और 'Men' की जगह पर 'Human' शब्द को स्थापित किया।''[3] ''भारत की पहली महिला को स्नातक भारत में ही शिक्षा प्राप्त करने का श्रेय चंद्रमुखी बोस और कादम्बिनी गांगुली को जाता है। इन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय से सन् 1882 ई. में स्नातक की परीक्षा पास की थी।''[4] ''भारत में इन महिलाओं को बेथुन कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके पहले महिलाओं को किसी भी कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर ही नहीं मिलता था।''[5]

भारत में प्रथम महिला विश्वविद्यालय स्थापित करने का श्रेय महर्षि धोंडो केशव कर्वे को प्राप्त है, जिन्होंने 05 जुलाई, 1916 को पुणे में महिला विद्यालय की स्थापना की और इसके प्रथम प्रिसिंपल भी महर्षि कर्वे ही नियुक्त हुए। 1920 में इसका नाम श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसे महिला विश्वविद्यालय रखा गया। श्री विट्ठलदास ठाकरसके ने उस समय अपनी माँ श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसे की याद में 15,00,000/- (पन्द्रह लाख रूपये) देने का वचन दिया। इसलिए विश्वविद्यालय का संक्षिप्त नाम

एसएनडीटी रखा गया। एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय भारत के साथ-साथ दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला महिला विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय के चार परिसर हैं। विभागों की संख्या 39 है। इसकी अन्य 13 संस्थाएँ संचालित हो रही हैं। इसके अन्तर्गत 3 स्वायत्त कॉलेज भी हैं। इससे सम्बद्ध 307 कॉलेज हैं। 2020 की वीक-हंसा रिसर्च रैंकिंग के अनुसार यह भारत में चौथे स्थान पर है। इसका मूल वाक्य है— ''संस्कृति स्त्री पराशक्ति।''[6] एक प्रबुद्ध महिला अनन्त शक्ति का स्रोत है। हर गतिविधि में गुणवत्ता के साथ उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। 1921 में पहले बैच में पाँच महिलायें स्नातक हुई थीं। इसका मुख्यालय चर्च गेट परिसर में मुम्बई में स्थित है। इसके अन्य दो परिसर जुहू, मुम्बई तथा कर्वे रोड पुणे में है। इसकी पहली महिला कुलपति हंसा जीवराज मेहता थीं। वर्तमान समय में प्रो. उज्वला चक्रदेव इसके कुलपति हैं और प्रोफेसर रूबी ओझा प्रो. वाइस चांसलर हैं। महिलाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने की दिशा में इस विश्वविद्यालय का योगदान अद्वितीय है। वर्ष 1916 में महिला साक्षरता दर 1.81 प्रतिशत थीं। वर्ष 2011 में 65.49 प्रतिशत थी। अब अनुमान है कि महिलाओं की साक्षरता दर 90 प्रतिशत तक पहुँच गई है।

'पूरब का ऑक्सफोर्ड' कहा जाने वाला इलाहाबाद विश्वविद्यालय भारत का चौथा पुराना विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 23 सितम्बर 1887 को एक्ट के तहत हुई। इसकी प्रथम प्रवेश परीक्षा 1889 में हुई। सर जान एज इसके पहले कुलपति बने। इनका कार्यकाल 1887 से 1894 तक रहा। इतने पुराने विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति बनने का गौरव प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ जब उन्होंने 30 नवम्बर, 2020 को कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया। इसके पूर्व वह प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति के रूप में कार्य करने का अनुभव प्राप्त कर चुकी थीं। कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विगत 33 वर्षों से जुड़ी हुई हैं। ''सर्वप्रथम उनकी नियुक्ति गृह-विज्ञान विभाग में 1889 में हुई थी, जब वह स्वतंत्र विभाग नहीं था। बल्कि उस समय गृह विज्ञान बायोकेमिस्ट्री विभाग का एक हिस्सा था। उनके प्रयास में 2002 में गृह विज्ञान विभाग को नया भवन मिला। उस समय वह गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष थीं।''[1] उनके ही विशेष प्रयास से ही वर्ष 2024 में गृह विज्ञान विभाग में आठ शिक्षकों की नियुक्ति हुई। प्रो. संगीता श्रीवास्तव की प्रारम्भिक शिक्षा सेंट मेरीज कान्वेंट, स्नातक एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट नैनी, एम.एस.सी. की शिक्षा जबलपुर से सम्पन्न हुई। प्रोफेसर पी.सी. गुप्ता के निर्देशन में शोधकार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। 25 जून, 2018 को उन्हें प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय, प्रयागराज में तीन वर्ष के लिए कुलपति नियुक्त किया गया। कुलपति संगीता श्रीवास्तव कई महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक पदों का दायित्व बड़ी ही कुशलतापूर्वक सँभाल चुकी हैं और सर्वांगीण विकास के नये-नये कीर्तिमान गढ़े हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें कई पुरस्कार एवं सम्मान प्राप्त हुए हैं। नई दिल्ली प्रबन्धन संस्थान ने प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव को ''बिजनेस एक्सीलेंस एंड इनोवेटिव बेस्ट प्रैक्टिसेज एकेडेमिया अवार्ड'' 2021 (NDM) से सम्मानित किया है। कुलपति संगीता श्रीवास्तव को 2022 के ''देवी पुरस्कार'' से भी सम्मानित किया गया है। इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, प्रशासनिक कुशलता, नव-नवोन्मेषशालिनी कार्य योजनाओं की निरन्तर सफलता, शिक्षक-कर्मचारियों के खाली पड़े पदों पर नियुक्ति कर आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दृढ़ इच्छा शक्ति से सम्पन्नता, गुणात्मक समृद्धि की संकल्पना के साथ विश्वविद्यालय के कार्यों को तेज गति प्रदान की है। उनके इन विशिष्ट कार्यों ने महिलाओं की नेतृत्व शक्ति को नई पहचान दी है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय के बहुत से वरिष्ठ विद्वान शिक्षक भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुलपति के दायित्व को सँभाल रहे हैं परन्तु ''महिला जगत के इतिहास में इलाहाबाद विश्वविद्यालय की संगीत विभाग की प्रोफेसर स्वतंत्रबाला शर्मा पहली महिला शिक्षक हैं जिन्हें राजा मान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर में कुलपति बनने का अवसर मिला। उसके बाद प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव दूसरी महिला शिक्षक हैं और इलाहाबाद

विश्वविद्यालय की पहली महिला कुलपति हैं, जिन्होंने कुलपति के पद को गौरवान्वित किया है।''[8]

वर्तमान समय में बहुत सी महिला शिक्षिकाएं परंपरागत वर्जनाओं को तोड़कर शीर्ष पदों पर आसीन होकर कुशलतापूर्वक विश्वविद्यालयों में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। ''प्रोफेसर शांतिश्री धुलिपुड़ी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कुलपति के रूप अपनी गहरी छाप छोड़ रही हैं। जे.एन.यू. के इतिहास में पहली यह महिला कुलपति है। 07 फरवरी, 2022 को उन्होंने कुलपति का कार्यभाग ग्रहण किया है। प्रोफेसर शांतिश्री का जन्म रूस के पीट्सबर्ग में हुआ। स्कूल एवं कॉलेज की शिक्षा मद्रास में रहकर प्राप्त की। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से एम.फिल. में टाप किया। यही से पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। सावित्रीबाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी में प्रशासनिक पदों पर कार्य किया। कई वैधानिक निकायों की सक्रिय सदस्य रही हैं। भारतीय सामाजिक विज्ञान, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में विशिष्ट नामिनी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग। ''9 भाषाओं पर उनकी बेहतरीन पकड़ है—तमिल, तेलुगु, संस्कृत, हिन्दी, मराठी, अंग्रेजी, कन्नड़, मलयालम, कोंकड़ी आदि।''[10] अन्तर्राष्ट्रीय विषयों की विशेषज्ञ हैं। उनकी कई पुस्तकें बहुत प्रसिद्ध हैं—''पार्लियामेण्ट एंड फारेन पालिसी इन इंडिया'', ''रिस्ट्रक्चरिंग एन्वायरमेंटल गवर्नेंस इन एशिया इथिक्स एंड पालिसी'' प्रमुख हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 34 वर्ष से अधिक का अनुभव है। पुणे यूनिवर्सिटी में पॉलिटिक्स और पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन पढ़ाने के अनुभव के साथ कई विश्वविद्यालयों में शिक्षण कार्य कर चुकी हैं। प्रोफेसर शांतिश्री गोवा यूनिवर्सिटी, ओस्मानिया यूनिवर्सिटी, रक्षाशक्ति यूनिवर्सिटी, मद्रास यूनिवर्सिटी में भी अध्यापन कर चुकी हैं। वर्तमान समय में एन.पी.सी. राजस्थान के कई विश्वविद्यालयों में कई महिलायें कुलपति के रूप में नेतृत्व कर रही हैं। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में प्रोफेसर अल्पना कटेजा 26 सितम्बर, 2023 से 76 वर्षों के बाद पहली महिला कुलपति हैं। कोटा विश्वविद्यालय, राजस्थान में प्रोफेसर नीलिमा सिंह 28 सितम्बर, 2021 से कुलपति के रूप में कार्य कर रही हैं। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, राजस्थान में 10 अगस्त, 2023 से डा. सुनीता मिश्रा कुलपति के रूप में कार्य कर रही हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर लॉ विश्वविद्यालय, जयपुर में प्रोफेसर निष्ठा जायसवाल ने 8 अगस्त, 2024 से कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया है। महात्मा गाँधी दिव्यांग विश्वविद्यालय, जोधपुर में डॉ. कुसुमलता भंडारी 09 अक्टूबर, 2023 से कुलपति के रूप में कार्य कर रही हैं। प्रोफेसर हेमलता गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय हरिद्वार की पहली महिला कुलपति 03 अगस्त, 2024 को बनीं। प्रोफेसर देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा—''महिला कुलपति बनने से एक सकारात्मक सोच उत्पन्न हो रही है। साथ ही आर्य समाज द्वारा स्थापित गुरुकुल कांगड़ी को एक नया आयाम मिला है। रजनीश भारद्वाज ने कहा—''आर्य समाज के इतिहास में महिला सशक्तीकरण को मजबूत बनाने के लिए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने जगह-जगह पर आर्य समाज की पाठशाला और शिक्षण संस्थान को खोला था। उसको बल मिल रहा था। मूल रूप से दक्षिण भारत के मदुरई की रहनेवाली प्रोफेसर हेमलता ने मदुरई में यू.जी. तथा चेन्नई में पी.जी. करने के बाद 1997 में गुरुकुल कांगड़ी से ही पी-एच.डी. की उपाधि प्राप्त की। गुरुकुलकांगड़ी साम विश्वविद्यालय की स्थापना स्वामी श्रद्धानन्द ने 1902 में की थी। 1962 में डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। प्रोफेसर हेमलता को पहली महिला कुलपति के रूप में वरिष्ठताक्रम के अनुसार कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इसी तरह मध्य प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में महिला कुलपति नेतृत्व कर रही हैं। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में डॉ. रेणु जैन को पहली महिला कुलपति बनने का अवसर प्राप्त हुआ। 1964 में शुरु हुई यूनिवर्सिटी की पहली महिला कुलपति बनी थीं। अब स्थायी रूप से उनकी कुलपति के रूप में नियुक्ति हो गई है। प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता को डॉ. हरी सिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर का कुलपति नियुक्त किया गया है। वे इसके पूर्व तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर पदस्थ थीं। 18 मार्च, 2020 को कुलपति आर.पी. तिवारी का पाँच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रोफेसर जनकदुलारी आही को कुलपति का प्रभार मिला था। उसके बाद प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता को

कुलपति बनने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से 1981 में पी.एच.डी की। 1985 में रुहेलखण्ड यूनिवर्सिटी से लेक्चरर के पद से करियर की शुरुआत की। 1995 में रीडर, 2003 में प्रोफेसर, 2018 में कुलपति बनीं। प्रोफेसर नीलिमा गुप्ता को टेक्सोनामी का सर्वोच्च सम्मान ''जानकी अम्मल'' राष्ट्रीय पुरस्कार समेत कई अन्य पुरस्कार मिल चुके हैं। ''50 प्रभावशाली महिलाओं में भी उनका नाम शुमार हो चुका है। शिक्षा के क्षेत्र में जारी सूची में उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई है।''[11] इसके पूर्व वह छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की भी कुलपति रह चुकी हैं। ''छिंदवाड़ा के राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय की कमान जनजाति समुदाय से जुड़ी महिला प्रोफेसर डॉ. लीला भलावी के हाथ में सौंप दी गई है।''[12] प्रोफेसर लीला भलावी को विश्वविद्यालय का कुलपति बनाया गया है।

आज़ादी के बाद पहली बार यू.पी. में एक साथ नौ राजय विश्वविद्यालयों में महिला कुलपति की नियुक्ति हुई है। ''प्रोफेसर प्रतिभा गोयल, डा. पूनम टंडन, दीनदयाल गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रोफेसर संगीता शुक्ला, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, प्रो. आशु रानी, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, प्रोफेसर सीमा सिंह, यू.पी. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रोफेसर वन्दना सिंह, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद, किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज, लखनऊ, प्रोफेसर मांडवी सिंह, भारतखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ, प्रोफेसर उषा टंडन, डा. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय प्रयागराज की कुलपति नियुक्त की गई हैं।''[13] ''एक सदी पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोफेसर नईमा खातून को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की पहली महिला कुलपति नियुक्त किया है।''[14]

यह भी एक संयोग है कि प्रोफेसर नईमा खातून ने अपने पति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज से कार्यभार सँभाला जो एक साल से कार्यवाहक कुलपति के रूप में कार्य कर रहे थे। यद्यपि विश्वविद्यालय की संस्थापक कुलाधिपति भोपाल की बेगम सुल्तान जहाँ थीं तथा ए.एम.यू. की तीन पूर्व छात्रायें तीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय की कमान सँभाल चुकी हैं। फिर भी ओडिशा के जाजपुर जिले की साधारण परिवार की योग्य महिला को इस पद पर पहुँचने में 100 वर्ष से अधिक का समय लग गया। ए.एम.यू. में किसी महिला का कुलपति के रूप में नियुक्ति किया जाना बहुत आशा भरा संकेत देता है।

हमारा समाज बदल रहा है और यह बदलाव आ रहा है। शिक्षा के माध्यम से। अभी आधी आबादी की भागीदारी फिर भी बहुत कम है परन्तु जिस तेजी के साथ बदलाव हो रहा है, वह भविष्य के लिए अच्छे संकेत दे रहा है। बिना किसी आरक्षण के महिलाओं का शीर्ष पदों पर पहुँचना, कार्यभार सँभालना, कुशल नेतृत्व प्रदान करना, नये कीर्तिमान स्थापित करना शिक्षा के क्षेत्र में महिला सशक्तीकरण का प्रतीक है। प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय में तो महिला शिक्षिकाओं की पर्याप्त संख्या है। परन्तु प्रशासनिक नेतृत्व करने का अवसर सुलभ होना अभी भी संघर्ष से भरा पथ है। परन्तु महिलायें निरन्तर संघर्ष करते हुए शीर्ष पदों पर भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर महिला सशक्तीकरण का स्रोत बन रही हैं। महिलायें समाज के लिए प्रेरणा बिन्दु बन रही हैं। इससे हमारे समाज की नयी पीढ़ी को भी बल मिल रहा है। आशा है कि महिलायें निरन्तर सशक्तीकरण में अपने कदम आगे बढ़ायेंगी और मजबूत दिशा प्रदान करेंगी।

### सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. aajtak.in, New Delhi, 03 January, 2024
2. constitution of india.net
3. sndt.ac.in
4. Doordarshan National, 28 June, 2019
5. Beethunecollege.ac.in
6. Sndt.ac.in, हमारे आदर्श वाक्य
7. Jagaran.com, 29 November, 2020
8. Music.du.ac.in
9. Carrerindia Hindidesk, 07 February, 2022
10. Dainik Bhaskar-Bhaskar.com, 14 feb, 2022
11. ETV Bharat Madhya Pradesh Team, 09 March, 2024
12. Ldduram.com, 07 July, 2023
13. Khabarai.com, 30 March, 2024
14. The hindu.com, 23 April, 2024

SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778
Paper Received : 24th Jan. 2026 Paper Accepted :30th Jan. 2026

# वर्तमान समय में संत रविदास का विचारधारा की प्रासंगिकता

**( एक सामाजिक-दार्शनिक एवं समकालीन अध्ययन )**

□ अभिलाषा मिश्रा*
□ डॉ.सुशील कुमार दुबे**


## शोध-सारांश

*संत रविदास मध्यकालीन भारतीय भक्ति आंदोलन के ऐसे प्रमुख संत थे जिन्होंने आध्यात्मिक साधना को सामाजिक समानता और मानवीय गरिमा के साथ जोड़ा। उनके चिंतन में धार्मिक अनुभव केवल व्यक्तिगत मुक्ति का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्गठन का माध्यम भी है। उन्होंने जाति-आधारित भेदभाव, सामाजिक असमानता और धार्मिक आडंबरों का विरोध करते हुए यह प्रतिपादित किया कि मनुष्य की वास्तविक पहचान उसके कर्म, आचरण और आंतरिक चेतना में निहित है, न कि उसके जन्म या सामाजिक स्थिति में।*

*वर्तमान समय में, जब समाज जातिगत असमानता, आर्थिक विषमता, सांप्रदायिक तनाव और वैश्वीकरण से उत्पन्न सामाजिक विखंडन जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, संत रविदास का दर्शन नई प्रासंगिकता प्राप्त करता है। उनका समतावादी दृष्टिकोण आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों, मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय की अवधारणाओं के साथ सामंजस्य स्थापित करता है।*

*यह शोध-पत्र ऐतिहासिक-विश्लेषणात्मक पद्धति के माध्यम से संत रविदास की विचारधारा की समकालीन प्रासंगिकता का मूल्यांकन प्रस्तुत करता है। वर्ष 2026 के भारत के सामाजिक परिदृश्य विशेषतः दलित आंदोलन, धार्मिक ध्रुवीकरण, डिजिटल भक्ति संस्कृति और शिक्षा के प्रसार के संदर्भ में संत रविदास के विचारों का पुनर्पाठ किया गया है। अध्ययन से स्पष्ट होता है कि उनकी समतावादी और मानव-केंद्रित दृष्टि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) और अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन) के मूल भाव के साथ सामंजस्य स्थापित करती है। साथ ही, उनकी "बेगमपुरा" की अवधारणा सतत् विकास लक्ष्यों में निहित सामाजिक न्याय, समान अवसर और गरिमामय जीवन की संकल्पना से भी संगति रखती है।*

*यह शोध-पत्र संत रविदास के जीवन, उनकी प्रमुख दार्शनिक अवधारणाओं और सामाजिक*


* शोधार्थी, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** शोध निदेशक, प्राध्यापक (इतिहास),शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

*दृष्टिकोण का विश्लेषण करते हुए यह प्रतिपादित करता है कि उनकी विचारधारा आज भी समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए प्रेरणास्रोत है। अध्ययन का निष्कर्ष यह है कि संत रविदास का चिंतन केवल ऐतिहासिक धरोहर नहीं, बल्कि समकालीन सामाजिक विमर्श के लिए एक जीवंत और प्रासंगिक आधार है।*

***मुख्य शब्द***—*संत रविदास, बेगमपुरा, सामाजिक समानता, भक्ति आंदोलन, मानवाधिकार, धार्मिक सहिष्णुता।*

**प्रस्तावना**

भारतीय समाज का ऐतिहासिक निर्माण अनेक परतों में हुआ है, जहाँ आध्यात्मिकता, संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संरचनाएँ एक-दूसरे के साथ अंतः क्रिया करती रही हैं। भारतीय सभ्यता की विशेषता उसकी विविधता और सहअस्तित्व की परंपरा रही है, किंतु इसी के साथ सामाजिक स्तरीकरण की जटिल व्यवस्था भी विकसित हुई। वर्ण-व्यवस्था, जो प्रारंभ में कार्य-विभाजन का एक लचीला ढाँचा मानी जाती है, कालांतर में जन्म-आधारित कठोर सामाजिक संरचना में परिवर्तित हो गई। इस परिवर्तन ने सामाजिक गतिशीलता को सीमित कर दिया और व्यक्ति की पहचान को उसके कर्म की अपेक्षा उसके जन्म से जोड़ दिया।

मध्यकालीन भारत में यह सामाजिक संरचना और अधिक कठोर हो चुकी थी। धार्मिक कर्मकांडों और शास्त्रीय व्याख्याओं के माध्यम से सामाजिक असमानता को वैधता प्रदान की जाने लगी। निम्न मानी जाने वाली जातियों को न केवल सामाजिक सम्मान से वंचित रखा गया, बल्कि उन्हें शिक्षा, धार्मिक सहभागिता और संसाधनों तक पहुँच से भी दूर कर दिया गया। इस प्रकार सामाजिक असमानता केवल आर्थिक या सामाजिक समस्या नहीं रही, बल्कि यह मानसिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी गहराई से स्थापित की गई।

ऐसे ऐतिहासिक संदर्भ में भक्ति आंदोलन का उदय एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक और आध्यात्मिक मोड़ था। भक्ति आंदोलन ने ईश्वर के साथ व्यक्ति के प्रत्यक्ष संबंध को महत्त्व दिया और यह स्थापित किया कि आध्यात्मिक अनुभव किसी विशेष वर्ग या जाति का विशेषाधिकार नहीं है। इस आंदोलन के संतों ने धार्मिक आडंबरों और सामाजिक रूढ़ियों का विरोध करते हुए सरल भक्ति और नैतिक जीवन को मुक्ति का मार्ग बताया।

इसी क्रम में संत रविदास का प्रादुर्भाव हुआ, जिनका चिंतन केवल आध्यात्मिकता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सामाजिक न्याय की सशक्त अभिव्यक्ति बनकर उभरा। संत रविदास का जीवन स्वयं उस सामाजिक विषमता का उदाहरण था, जिसके विरुद्ध उन्होंने अपनी वाणी उठाई। एक श्रमिक परिवार में जन्म लेने के कारण उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव को निकट से अनुभव किया, परंतु उन्होंने इस अनुभव को नकारात्मक प्रतिक्रिया में परिवर्तित नहीं किया। इसके विपरीत, उन्होंने इसे मानवीय समता और आध्यात्मिक लोकतंत्र की स्थापना के लिए आधार बनाया।

संत रविदास की विचारधारा का मूल तत्त्व यह है कि मनुष्य की वास्तविक पहचान उसकी आत्मिक सत्ता में निहित है, न कि उसकी सामाजिक स्थिति में।

उनकी ''बेगमपुरा'' की कल्पना इस सामाजिक दृष्टिकोण का सजीव रूप है। बेगमपुरा एक ऐसे आदर्श समाज का प्रतीक है जहाँ कोई दुःख, कर-भार, भय या भेदभाव नहीं है। यह अवधारणा केवल धार्मिक मुक्ति का स्वप्न नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक न्याय की परिकल्पना है। इस दृष्टि से देखा जाए तो संत रविदास का चिंतन मध्यकालीन समाज की असमानताओं के विरुद्ध एक वैचारिक प्रतिरोध है।

वर्तमान समय में जब भारत संवैधानिक रूप से समानता और न्याय पर आधारित लोकतांत्रिक राष्ट्र है, तब भी सामाजिक यथार्थ में असमानताएँ पूरी तरह समापत नहीं हुई हैं। जातिगत पहचान अभी भी सामाजिक व्यवहार और अवसरों को प्रभावित करती है। आर्थिक उदारीकरण और वैश्वीकरण ने विकास के नए अवसर प्रदान किए हैं, किंतु साथ ही संसाधनों के असमान वितरण और सामाजिक दूरी

को भी बढ़ाया है। प्रतिस्पर्धा और उपभोक्तावाद की संस्कृति ने मानवीय मूल्यों को चुनौती दी है।

ऐसी परिस्थितियों में संत रविदास का चिंतन एक नैतिक और सामाजिक मार्गदर्शन के रूप में उभरता है। उनका संदेश यह स्पष्ट करता है कि सच्ची प्रगति केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि सामाजिक समता, मानवीय गरिमा और नैतिक संतुलन की स्थापना से संभव है। उनकी विचारधारा आधुनिक मानवाधिकार विमर्श, सामाजिक न्याय की अवधारणा और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ सामंजस्य स्थापित करती है।

यह शोध इसी धारणा पर आधारित है कि संत रविदास की विचाराधारा केवल ऐतिहासिक धरोहर नहीं, बल्कि समकालीन समाज के लिए जीवंत प्रेरणा है। उनके चिंतन का पुनर्पाठ वर्तमान सामाजिक संरचना को समझने और उसे अधिक न्यायपूर्ण बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस अध्ययन का उद्देश्य उनके विचारों का विश्लेषण करते हुए यह स्पष्ट करना है कि वे आधुनिक संदर्भ में किस प्रकार प्रासंगिक और उपयोगी हैं।

## संत रविदास का जीवन एवं ऐतिहासिक संदर्भ

संत रविदास का जीवन केवल भक्ति साधना का उदाहरण नहीं, बल्कि मध्यकालीन भारतीय समाज की जटिल सामाजिक संरचना के भीतर एक नैतिक और आध्यात्मिक प्रतिरोध का प्रतीक भी है। उनका जन्म 15वीं शताब्दी में वाराणसी के समीप एक श्रमिक (चर्मकार) परिवार में माना जाता है। उस समय की सामाजिक व्यवस्था में जातिगत विभाजन अत्यंत कठोर था और निम्न मानी जाने वाली जातियों को धार्मिक और सामाजिक अधिकारों से वंचित रखा जाता था।

ऐसे सामाजिक वातावरण में संत रविदास का जीवन अनुभव सामाजिक असमानता की वास्तविकता से गहराई से जुड़ा हुआ था। वे अपने पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े रहे और श्रम को कभी हीन नहीं समझा। उनके लिए श्रम जीवन का साधन ही नहीं, बल्कि साधना का भी माध्यम था। यही जीवन-दृष्टि उनके प्रसिद्ध कथन ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'' में परिलक्षित होती है।

यह कथन बाह्य कर्मकांडों और आडंबरों के विरुद्ध एक गहरा आध्यात्मिक और सामाजिक संदेश है। उस समय गंगा-स्नान को धार्मिक श्रेष्ठता और सामाजिक प्रतिष्ठा से भी जोड़ा जाता था। निम्न जातियों को कई बार धार्मिक स्थलों और अनुष्ठानों में समान अधिकार प्राप्त नहीं थे। ऐसे में यह कथन न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी क्रांतिकारी था।

## संत रविदास की प्रमुख विचारधाराएँ

संत रविदास की विचारधारा केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक सामाजिक दर्शन के रूप में विकसित होती है। उनके चिंतन में भक्ति, समानता, श्रम-सम्मान और न्यायपूर्ण समाज की कल्पना परस्पर संबद्ध तत्त्व हैं। निम्नलिखित बिंदुओं के माध्यम से उनकी प्रमुख विचारधाराओं का विश्लेषण किया जा सकता है।

### 1. सामाजिक समानता और मानव गरिमा

संत रविदास के चिंतन का केंद्रीय तत्त्व सामाजिक समानता है। उन्होंने स्पष्ट रूप से जन्म-आधारित श्रेष्ठता को अस्वीकार किया और यह प्रतिपादित किया कि मनुष्य की वास्तविक पहचान उसके कर्म और आचरण से निर्धारित होती है। उनका दृष्टिकोण केवल सैद्धांतिक नहीं था, बल्कि व्यावहारिक भी था। स्वयं सामाजिक रूप से वंचित समुदाय से थे और उन्होंने अपने जीवनानुभवों के आधार पर समानता की अवधारणा को विकसित किया।

**संत रविदास** ने कहा—

**जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई।**

यह पंक्ति उनके सामाजिक दृष्टिकोण का सार प्रस्तुत करती है। उन्होंने मनुष्य को उसके कर्म और भक्ति के आधार पर आँका, न कि जन्म या जाति के आधार पर।

रविदास के अनुसार, यदि ईश्वर एक है और समस्त सृष्टि उसी की रचना है, तो मनुष्यों के मध्य किसी प्रकार का भेदभाव उचित नहीं हो सकता। यह विचार उस समय की सामाजिक संरचना के लिए चुनौतीपूर्ण था।

## समकालीन संदर्भ

आज के लोकतांत्रिक समाज में समानता संवैधानिक

अधिकार है, किंतु व्यावहारिक स्तर पर जातिगत और सामाजिक असमानताएँ अभी भी विद्यमान हैं। संत रविदास का समतावादी चिंतन सामाजिक समरसता की दिशा में नैतिक आधार प्रदान करता है।

**2. ''बेगमपुरा'' की अवधारणा– आदर्श समाज की परिकल्पना**

संत रविदास की विचारधारा का सबसे महत्त्वपूर्ण और विशिष्ट तत्त्व ''बेगमपुरा'' है।

**''ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिले सबन को अन्न।**
**छोटा-बड़ो सब सम बसें, रैदास रहे प्रसन्न॥''**

यह एक ऐसे नगर की कल्पना है जहाँ किसी प्रकार का दुःख, भय, कर-भार या सामाजिक विभाजन नहीं है।

**वैचारिक महत्त्व**

बेगमपुरा की अवधारणा मध्यकालीन सामंती और कर-आधारित व्यवस्था के विरुद्ध एक वैचारिक प्रतिरोध के रूप में देखी जा सकती है।

यदि इस अवधारणा को आधुनिक संदर्भ में देखा जाए, तो यह कल्याणकारी राज्य, सामाजिक सुरक्षा और समान अवसर की नीतियों के साथ साम्य रखती है।

**3. श्रम की गरिमा**

संत रविदास स्वयं श्रमजीवी थे और उन्होंने अपने पारंपरिक व्यवसाय को त्यागने के बजाय उसे सम्मान दिया। उनके लिए श्रम केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक अनुशासन का माध्यम था। उन्होंने यह स्थापित किया कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता। यह विचार उस समय की सामाजिक मानसिकता के विपरीत था, जहाँ कुछ कार्यों को ''उच्च'' और कुछ को ''निम्न'' माना जाता था।

**सामाजिक महत्त्व**

श्रम-सम्मान की उनकी अवधारणा सामाजिक संरचना में व्याप्त पेशागत भेदभाव को चुनौती देती है।

आज के औद्योगिक और वैश्विक अर्थतंत्र में श्रम-अधिकार और कार्य-गरिमा की चर्चा महत्त्वपूर्ण है। संत रविदास का यह सिद्धांत आधुनिक श्रम-अधिकार विमर्श से मेल खाता है।

**4. धार्मिक सहिष्णुता और आध्यात्मिक लोकतंत्र**

संत रविदास ने निराकार ईश्वर की उपासना पर बल दिया और बाह्य आडंबरों का विरोध किया। उसके अनुसार, सच्ची भक्ति हृदय की शुद्धता और नैतिक आचरण में निहित है।

उन्होंने यह संदेश दिया कि ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग किसी विशेष वर्ग या धर्म का विशेषाधिकार नहीं है। यह विचार धार्मिक सहिष्णुता और आध्यात्मिक लोकतंत्र का आधार बनता है।

**समकालीन महत्त्व**

आज के समय में धार्मिक असहिष्णुता और पहचान-आधारित संघर्षों के संदर्भ में संत रविदास का यह दृष्टिकोण अत्यंत प्रासंगिक है।

**5. नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व**

संत रविदास की विचारधारा में नैतिकता का विशेष स्थान है। उन्होंने केवल सामाजिक व्यवस्था की आलोचना नहीं की, बल्कि नैतिक जीवन को परिवर्तन का आधार बनाया।

उनके अनुसार, सामाजिक सुधार बाहरी परिवर्तन से अधिक आंतरिक शुद्धता से संभव है। इस प्रकार उनका चिंतन व्यक्तिगत आचरण और सामाजिक उत्तरदायित्व के मध्य संतुलन स्थापित करता है।

**6. महिला सशक्तिकरण**

संत रविदास की विचाराधारा मूलतः समतामूलक, मानवीय और आध्यात्मिक लोकतंत्र पर आधारित है। यद्यपि उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से आधुनिक अर्थों में ''महिला सशक्तिकरण'' शब्द का प्रयोग नहीं किया, फिर भी उनके सिद्धांतों में निहित समानता, आत्मसम्मान और स्वतंत्र भक्ति की अवधारणा स्त्री-स्वतंत्रता के पक्ष में एक वैचारिक आधार प्रस्तुत करती है।

**(अ) सामाजिक समानता और स्त्री-पुरुष समता**—संत रविदास ने मनुष्य की पहचान को जन्म या सामाजिक स्थिति से परे आत्मिक सत्ता से स्थापित किया। उनका यह दृष्टिकोण केवल जातिगत विभाजन के विरुद्ध नहीं था, बल्कि व्यापक सामाजिक असमानताओं के विरुद्ध भी था।

यदि सभी मनुष्य ईश्वर की संतान हैं और उनकी आत्मा समान है, स्त्री और पुरुष के मध्य भी किसी प्रकार

का आध्यात्मिक या सामाजिक भेद उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस प्रकार, उनकी विचारधारा अप्रत्यक्ष रूप से स्त्री-पुरुष समानता की स्थापना करती है।

**( ब ) मीराबाई**—भक्ति परंपरा में यह मान्यता प्रचलित है कि मीराबाई ने संत रविदास को अपना गुरु माना। यद्यपि ऐतिहासिक प्रमाणों पर विद्वानों में मतभेद हो सकते हैं, किंतु सांस्कृतिक परंपरा में यह संबंध अत्यंत महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

मीराबाई राजघराने से थीं, फिर भी उन्होंने सामाजिक बंधनों को तोड़कर भक्ति का मार्ग अपनाया। यह निर्णय उस समय के सामाजिक मानकों के विरुद्ध था। यदि संत रविदास को उनका गुरु माना जाए, तो यह तथ्य विशेष महत्त्व रखता है कि एक राजवंशी स्त्री ने एक श्रमजीवी संत को आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में स्वीकार किया।

यह घटना सामाजिक पदानुक्रम के विघटन का प्रतीक है। इसमें दो स्तरों पर समानता दिखाई देती है—

(1) जातिगत समानता।

(2) स्त्री की आध्यात्मिक स्वतंत्रता।

इस दृष्टि से संत रविदास की विचारधारा महिला सशक्तिकरण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तैयार करती है।

**( अ ) स्वतंत्र भक्ति और स्त्री की आत्मनिर्णय क्षमता**—संत रविदास ने बाह्य आडंबरों और सामाजिक बंधनों की अपेक्षा आंतरिक भक्ति को महत्त्व दिया। यह दृष्टिकोण स्त्रियों के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण था, क्योंकि उन्हें प्रायः धार्मिक कर्मकांडों में सीमित भूमिका दी जाती थी। जब भक्ति को व्यक्तिगत अनुभव और आंतरिक साधना के रूप में प्रस्तुत किया गया, तब स्त्रियों को भी आध्यात्मिक अभिव्यक्ति का समान अवसर प्राप्त हुआ।

इस प्रकार, संत रविदास की विचारधारा ने अप्रत्यक्ष रूप से स्त्री की आत्मनिर्णय क्षमता और आध्यात्मिक स्वतंत्रता को बल प्रदान किया। यदि समाज में व्यक्ति की गरिमा को सर्वोच्च माना जाए और जन्म-आधारित भेदभाव को अस्वीकार किया जाए, तो स्त्रियों के प्रति भेदभाव का भी औचित्य समाप्त हो जाता है।

## निष्कर्ष

उपरोक्त अध्ययन के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि संत रविदास का चिंतन केवल मध्यकालीन भक्ति साहित्य का एक अध्याय नहीं है, बल्कि भारतीय सामाजिक इतिहास में एक वैचारिक परिवर्तन का संकेतक है। उन्होंने जिस समय में अपने विचार प्रस्तुत किए, वह काल सामाजिक विभाजन, जातिगत असमानता और धार्मिक आडंबरों से युक्त था। ऐसे वातावरण में समानता, श्रम-सम्मान और आध्यात्मिक लोकतंत्र की स्थापना का उनका प्रयास एक मौन सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा सकता है।

वर्तमान समय में भारतीय समाज तीव्र सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति और शहरीकरण ने जीवन-शैली में व्यापक परिवर्तन किए हैं, इसके बावजूद सामाजिक असमानता और पहचान-आधारित विभाजन पूरी तरह समाप्त नहीं हुए हैं। जातिगत हिंसा, आर्थिक विषमता और सामाजिक असंतुलन जैसी समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं। ऐसे में संत रविदास का समतामूलक दृष्टिकोण केवल ऐतिहासिक प्रेरणा नहीं, बल्कि समकालीन आवश्यकता प्रतीत होता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि संत रविदास की विचारधारा आज भी जीवंत और प्रासंगिक है। उनका चिंतन न केवल दलित चेतना के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए नैतिक दिशा प्रदान करता है। सामाजिक समरसता, मानवीय गरिमा और न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना के लिए उनके विचारों का पुनर्पाठ और पुनर्स्मरण आवश्यक है। संत रविदास का दर्शन ऐतिहासिक विरासत भर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शक प्रकाश है। यदि उनके समतावादी और मानवतावादी दृष्टिकोण को व्यावहारिक रूप में अपनाया जाए, तो एक अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी समाज की स्थापना संभव है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. शर्मा, रामकुमार, (2015), भक्ति आंदोलन और सामाजिक चेतना, नई दिल्ली, साहित्य प्रकाशन।
2. सिंह, परमानंद, (2012), संत रविदास और उनका युग, वाराणसी, विश्वविद्यालय प्रकाशन।
3. द्विवेदी, हजारीप्रसाद, (1990), हिंदी साहित्य की भूमिका, नई दिल्ली, राजकमल प्रकाशन।
4. तिवारी, विश्वनाथ प्रसाद, (2010), मध्यकालीन संत

साहित्य की प्रवृत्तियाँ, नई दिल्ली, वाणी प्रकाशन।

5. गुरु ग्रंथ साहिब, (विभिन्न संस्करण), अमृतसर, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति।
6. यादव, रामनारायण, (2016), संत रविदास का दार्शनिक चिंतन. लखनऊ, हिंदी अकादमी।
7. मिश्रा, श्यामसुंदर, (2019), भारतीय समाज और दलित विमर्श, नई दिल्ली, प्रभात प्रकाशन।
8. रविदास वाणी, (विभिन्न संस्करण), वाराणसी, विभिन्न प्रकाशन संस्थान।
9. कुमार, आर. (2017), संत रविदास की सामाजिक दृष्टि और समकालीन प्रासंगिकता, भारतीय समाजशास्त्र समीक्षा, 42(2), 115-132।
10. सिंह, ए. (2019), भक्ति आंदोलन और सामाजिक समानता, संत रविदास का पुनर्मूल्यांकन, इतिहास और संस्कृति शोध पत्रिका, 15(1), 78-94.

SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal
ISSN : 2350-0441
IMPACT-FACTOR
SJIF - 7.778
Paper Received : 1st March 2026
Paper Accepted : 5th March 2026

# महाराजा रघुराज सिंह एवं ब्रिटिश शासन के मध्यस्थ दीवान दीनबन्धु व लेफ्टिनेन्ट ऑसबर्न के बीच किये गये पत्र-व्यवहार

❒ डॉ. जीतेन्द्र कुमार पाण्डेय*

## शोध-सारांश

1857 ई की क्रांति की आग संपूर्ण भारत के जैसे ही बघेलखण्ड में भी भड़की। यहां पर अन्य क्षेत्रों की तरह क्रांति का स्वरूप व प्रभाव अलग था परन्तु मकसद स्पष्ट था विदेशी दासता की जड़ों को उखाड़ फेकना। रीवा राज्य बघेलखण्ड रियासत में शामिल था। महाराजा रघुराज सिंह के शासन के आते समय राजनैतिक सुगबुगाहट बहुत ज्यादा हो गई थी। अधिकांशतः देशी रियासते ब्रिटिश शासन के झांसे में आ गईं थी। ब्रिटिश शासन ने विभिन्न कूटनीति के जरिये कई संधि शर्तों को स्वेच्छा या गैर स्वेच्छा से रियासतों को मानने के लिए मजबूर कर दिया। डलहौजि की हड़पनीति तो पराकाष्ठा पार कर दी। तब विरोध में सम्पूर्ण देश में क्रान्ति के बादल मडराने लगे। महाराजा रघुराज सिंह के समय राजदरबार की स्थिति ज्यादा ठीक नहीं थी। वे कर्ज से दबे हुए थे। कई रियासतों को अंग्रेज हड़पने में सफलता पा चुके थे। मध्य भारत, महाकौशल, उत्तरप्रदेश के शासकों की बगावत एवं सैनिक छावनियों में सिपाही विद्रोह का बघेलखण्ड के जन–मानस पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा। परिणामस्वरूप रीवा व समीपी राज्य सहित अंग्रेंजो के प्रति हिस्सा भडक उठी। महाराजा रघुराज सिंह अपनी कूटनीति के जरिये ब्रिटिशों से अपना भरोसा बनाये रखे। रघुराज सिंह महाराज के शासन के समय अंग्रेजी शासन रीवा राज्य के दीवान दीनबन्धु के प्रति ज्यादा वफादार थी लेकिन महाराजा की चालों के प्रति सशंकित थी और चौकन्ना रहती थी। वे तत्कालीन परिस्थितियों से भयभीत होने के बावजूद भी शांत रहे।

***मुख्य शब्द***– ब्रिटिश शासन, महाराजा रघुराज, दीवान दीनबन्धु, लेफ्टिनेन्ट ऑसबर्न।

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास), कार्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा रीवा–शहडोल संभाग, जिला रीवा

## प्रस्तावना

महाराजा रघुराज सिंह रीवा राज्य के शासक थे, रीवा राज्य बघेलखण्ड के अन्तर्गत आता था। बघेलखण्ड की जनता भी अंग्रेजों के अन्यायपूर्ण विभेदकारी नीति का शिकार हुई। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रभाव रीवा की धरती पर भी पडा। जिसमें यहां के आमजन से लेकर शासक और महान क्रांतिकारियो ने इस क्रांति की ज्वाला में शामिल होकर बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया और यातनायें झेलीं। अपनी वीरता और पराक्रम से कंपनी सरकार की नींव हिला कर रख दी, जिसकी गाथा पूरे देश को जग जाहिर है। यहां के कई शासको जैसे महाराजा रघुराज सिंह ने कूटनीति के तहत अंग्रेजों और यहाँ के क्रांतिकारियों के साथ भी मिले हुए थे। मौका मिलने पर यहॉ के क्रांतिकारियों की हर संभव मदद करते थे। कलान्तर में रीवा राज्य को मध्यप्रदेश राज्य में शामिल किया गया।

## शोध पत्र का उद्देश्य

प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से विन्ध्य क्षेत्र के बघेलखण्ड में महाराजा रघुराज सिंह एवं ब्रिटिश शासन के मध्यस्थ दीवान दीनबन्धु व लेफ्टिनेन्ट ऑसबर्न के बीच किए गए पत्र–व्यवहार की वास्तविक जानकारी प्रदान करना है, जिससे रीवा राज्य और ब्रिटिश शासन के मध्य वास्तविक संबंधों का पता लगाया जा सके।

## प्रस्तुत शोध पत्र की प्रविधि

प्रस्तुत शोध पत्र सैद्धांतिक है जिसमें प्राथमिक स्त्रोत के रूप में अभिलेखागार, समकालीन साहित्य का प्रयोग किया गया है और द्वितीयक स्त्रोत के रूप में प्रकाशित ग्रन्थों, जर्नल्स, पत्र–पत्रिका का भी उपयोग शोध पत्र के लेखन में किया गया है।

## महाराजा रघुराज सिंह एवं ब्रिटिश शासन के मध्यस्थ दीवान दीनबन्धु व लेफ्निेन्ट ऑसबर्न के बीच किए गए पत्रों का विवरण

महाराजा रघुराज सिंह के शासन काल के समय सम्पूर्ण भारत का राजनैतिक वातावरण गर्म था। ज्यादा देशी रियासतें ब्रिटिश शासन के कूटनीतिक चालों की शिकार बनकर रह गयीं जिन्हें स्वेच्छा एवं गैर–स्वेच्छा से ही सहायक संधि की धाराओं को मानने के लिए बाध्य कर दिया गया था। डलहौजी की हड़पनीति ने क्रान्ति को भड़काने के लिए अग्नि में घी का कार्य किया। सम्पूर्ण देश में क्रान्ति के बादल छाए हुए थे। महाराजा रघुराज सिंह की प्रशासनिक व्यवस्था भी अस्त–व्यस्त थी। राज दरबार कर्ज से दब चुका था। जागीरदार एवं दरबारी सामन्त मनमानी करने में लगे हुए थे। सैनिक शक्ति से रघुराज सिंह का राज्य इस काल में न होने के कारण वे अंग्रेजी आतंक से दबे नजर आते थे। भारत की मुख्य–मुख्य रियासतों को ब्रिटिश सरकार ने हड़पने में सफलता पायी। मध्य भारत, महाकौशल, उत्तरप्रदेश के शासकों की बगावत एवं सैनिक छावनियों में सिपाही विद्रोह का बघेलखण्ड के जन–मानस पर अप्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा। जिसके परिणामस्वरूप रीवा राज्य व समीपी राज्य जो बघेलखण्ड के अंतर्गत शासित छोटे राज्य थे वहां के शासकों ने विरोधी भावना से संगठन तैयार करवाकर विद्रोह शुरू किया लेकिन रीवा राजा रघुराज सिंह एवं ब्रिटिश सरकार के बीच दोहरी नीति सदैव चलती रही। प्रथम यह कि रघुराज सिंह राज्य की सुरक्षा के काम का ध्यान रखते थे ब्रिटिश सरकार रीवा राज्य के मुख्य दरबारी जिसमें लोचन सिंह, धीर सिंह एवं श्याम सिंह का नाम मुख्य तौर से उल्लेखनीय है।

इस संबंध में जहां तक मेरा विचार है कि ब्रिटिश सरकार रीवा राज्य से सहायता की जो सीमा तक आशा रखती थी, महाराजा रघुराज सिंह आंतरिक तौर से क्रांतिकारियों के दमन में उस सीमा तक दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके प्रमाण में हमने यह देखा है कि ठाकुर साहब सोहागपुर व रघुराज सिंह के बीच पत्र–व्यवहार हुए जिसे ब्रिटिश सरकार ने पकड़ा। इस घटना का भी ब्रिटिश सरकार की भावनाओं पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ा। परिणाम यह हुआ कि राज्य में ऐसे व्यक्तित्व को शासन की वास्तविक सत्ता सुपुर्द करने की युक्ति दूढ निकालना ब्रिटिश सरकार की हस्तसिद्धि

दैनिक क्रिया मात्र थी। अस्तु, हम यह कह सकते हैं कि ब्रिटिश सरकार रीवा दरबार की क्रांतिकारी भावनाओं को अच्छे तरीके से समझते हुए भी उन्हें एक तरफा मानने के कभी प्रयास नहीं किये। इस संबंध में यदि ब्रिटिश शासन ने जल्दबाजी में किसी प्रकार का निर्णय ले लिया होता तो इसका प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों तरीके से भारतीय क्रांतिकारियों को लाभ प्राप्त हो गया होता।

दूसरी ओर रघुराज सिंह भी अपने को कूटनीतिक चालों में विशेष माहिर मानते थे। ब्रिटिश शासन ने जब भी कभी क्रांतिकारियों को दबाने का आदेश दिया वे बाह्य तौर से सदैव तत्पर रहे। उदाहरण में मैहर, सोहागपुर, विजयराघवगढ़ और ददरी को लिया जा सकता है। श्री रघुराज सिंह की यह नीति एक गंभीर राजनीतिक चाल है। एक ओर ब्रिटिश शासन के आदेशों का पालन यथावत् किया जाना और दूसरी ओर क्रांतिकारियों के साथ विचार–विमर्श भी करना, दोनों बातें एक साथ पालन करना सफल कूटनीति का प्रतीक कहा जा सकता है। बघेल–ब्रिटिश संबंध एक ऐसी राजनीतिक गुत्थी जान पड़ती है।

क्रांति के दमन के संबंध में जहां ब्रिटिश शासन को श्री रघुराज सिंह पर पूर्ण संदेह बना हुआ था। वहीं कानपुर दरबार में जी.सी.एस.आई. को पद की एवं सोहागपुर व अमरकंटक का इलाका व तीन तोपों की सलामी के सम्मान के साथ वापस राजधानी आना, ब्रिटिश शासन की राजनीतिक सफलता है। जबकि कानपुर दरबार में श्री महाराजा रघुराज सिंह के प्रस्थान के समय राज्य के जन–मानस में भय एवं निराशा का पूर्ण वातावरण छाया हुआ था। उस समय की स्थिति का अध्ययन करने से मालूम होता है कि श्री रघुराज सिंह को इस बात की स्वयं शंका थी कि उनकी भावनाओं का ब्रिटिश सरकार को पता लग चुका है, जिसका परिणाम कानपुर दरबार में शरीक होने से बुरा हो सकता है। इसलिए रीवा राज्य के सामंती वर्ग खासकर उन लोगों में जो जागीरदार एवं इलाकेदार स्तर के लोग थे, उनके बीच वातावरण काफी शुद्ध हो चुका था। दूसरी तरफ ऑसबर्न के निवास स्थान के घिर जाने के कारण जिसमें रणमत सिंह की मुख्य भूमिका थी, ब्रिटिश शासन को रीवा शासक रघुराज सिंह की वफादारी पर पूर्ण शक होने लगा था। ऐसी स्थिति का फायदा दीनबंधु पांडे ने उठाया और ब्रिटिश सरकार की चाटुकारिता एवं देशद्रोही भावनाओं के कारण सदैव के लिए अंग्रेजों के विश्वास पात्र बन बैठे।

दीवान दीन बन्धु व लेफ्निन्ट ऑसबर्न के बीच लिखे गए पत्रों का विवरण इस प्रकार है–

1–तारीख 26 सितंबर, 1857 को दीवान दीनबंधु की मैहर विजय के उपलक्ष्य में ऑसबर्न ने प्रथम पत्र बधाई के रूप में लिखा था। इस पत्र में दीवान दीनबंधु की बहादुरी एवं साहस का परिचय देते हुए ऑसबर्न ने निर्देश दिया कि क्रांतिकारियों को गिरफ्तार कर लिया जाए।

2–दूसरा पत्र 15 फरवरी, 1858 को दीवान दीनबंधु के नाम लिखा गया है। जिसमें कैदियों को विजयराघवगढ़ से सलीमनाबाद जेल जो जबलपुर के करीब है, भेजने की चर्चा की गई।

3–तीसरा पत्र तारीख 18 दिसंबर, 1862 को लिखा गया जब क्रांति प्रायः शांत हो चुकी थी इसमें दीवान दीनबंधु के ब्रिटिश शासन के प्रति वफादारी एवं निष्ठा की चर्चा की गई है।

4–चौथा पत्र 2 फरवरी, 1863 को तिघरा से लिखा गया है जिसमें ऑसबर्न ने दीवान दीनबंधु के नाम सर्वे संबंधी कार्य से कुछ लोग जो रीवा पहुंच रहे हैं, उस पार्टी में ऑसबर्न के चाचा सर्वे इंचार्ज थे, उनके वहां पहुंचने के संबंध में संभव मदद की याचना की थी।

5–पाँचवाँ पत्र जनवरी, 1863 का है, जिसमें सूचित किया गया है कि सर्वे पार्टी सुरक्षित ढंग से ऑसबर्न के निवास स्थान में पहुंच चुकी है।

6–18 फरवरी, 1870 को शिव शंकर राम के अयोध्या यात्रा के संबंध का यह पत्र यात्रा हेतु अधिकार पत्र के रूप में लिखा गया है।

7–4 फरवरी, 1861 को इंग्लैंड से ऑसबर्न ने दीवान दीनबंधु को लिखा कि वे 18 जुलाई को

इंग्लैंड छोड़ देंगे तथा 6 माह तक में रीवा पहुंच जाएंगे। रीवा पहुंचने पर उन्हें लकड़ी, चूना एवं अन्य सामग्री तैयार मिले।

8–26 जुलाई, 1862 को ऑसबर्न ने लिखा कि वे शीघ्र ही रीवा में होंगे। जब तक रेजिडेंसी नहीं बनती, फिलहाल नए बंगले के लिए 1 लाख ईंट, 400 मन चूना व घन्नियों की व्यवस्था की जावे।

9–20 दिसंबर, 1863 को डाक बंगला के सामने लगे बगीचे के संबंध में जो प्रधानमंत्री दीनबंधु के बंगले से संबंधित था, आदेश दिया कि वहां से गुजरने वाले यात्री बगीचे का फल–फूल नहीं तोड़ें और न छुएँ।

10– 28 दिसंबर, 1862 को दीवान दीनबंधु की योग्यता व सेवा भाव के संबंध की इस पत्र में ऑसबर्न ने सराहना की है, जो दीनबंधु ने युद्ध के समय ब्रिटिश शासन की मदद की थी।

11– इस पत्र में 19 दिसंबर, 1862 के कुछ अंग्रेजों के नाम को संबोधित किया गया था जिसमें लिखा गया था कि पत्र वाहक दीवान दीनबंधु रीवा राज्य के मुख्यमंत्री हैं, ये विशेष चतुर, ईमानदार व पूर्ण कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति हैं। केवल दीवान दीनबंधु ही एक ऐसे व्यक्ति रीवा राज्य में हैं। जिनके ऊपर मुझे पूर्ण विश्वास था।

12– एक पत्र 26 अप्रैल को बघेलखण्ड से लिखा गया है जिसमें सन् का उल्लेख नहीं है। यह पत्र दीवान दीनबंधु द्वारा ऑसबर्न को लिखा गया है। जिसमें 28 मई की शादी का जिक्र किया गया है। साथ ही 5 मई तक रीवा पहुंचने की भी सूचना है। इस पत्र में 8900 रुपये देने के लिए भी प्रार्थना की गई है। जो निश्चित ही अंग्रेज व्यक्ति के हाथ सुपुर्द किया जायेगा।

13–एक अन्य इसी तरह का पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें ऑसबर्न महोदय ने रीवा दरबार की चर्चा किया कि श्रीमान् गवर्नर जनरल ने यूरोपीय ऑफिसरों के आचरण की चर्चा करते हुए देशी ऑफिसरों को योग्य सिद्ध कर दिया।

14–ऑसबर्न ने भारत सरकार को एक पत्र लिख कर इस ओर ध्यान आकृष्ट किया कि दीवान दीनबंधु रीवा राज्य सैनिक टुकड़ी के संचालक थे, मैंने उन्हें सदैव ब्रिटिश शासन के हितों के अनुकूल कार्य करते हुए लगन के साथ जहां कहीं भी देखा है, तत्पर पाया है। इस प्रकार की टिप्पणी करते हुए ऑसबर्न ने लिखा कि यह सिफारिस दीवान दीनबन्धु की सेवाओं को ध्यान में रखते हुए कुछ भी नहीं है। इस प्रकार की सिफारिस करते हुये 3 नवंबर, 1859 को कानपुर दरबार में पत्र प्रेषित किया गया। दीवान दीनबन्धु को महाराज रीवा की सैनिक टुकड़ी का कुशलता पूर्वक नेतृत्व ब्रिटिश शासन के प्रति ईमानदारी, निष्ठावान व्यवहार को ध्यान में रखते हुए वायसराय के कानपुर दरबार में पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस प्रकार से मालूम होता है कि रीवा राज्य ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत सेन्ट्रल एजेन्सी में एकक महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त राज्य था। महाराजा रघुराज सिंह के सम्बन्ध में ब्रिटिश शासन को थोड़ा भी विश्वास नहीं था। साथ ही रघुराज सिंह भी पूर्ण सतर्क रहते थे। जैसा कि देखने में आता है कि महाराजा रघुराज सिंह को जब ब्रिटिश सरकार ने कानपुर दरबार के लिए आमन्त्रित किया उस समय सम्पूर्ण राज्य का वातावरण प्रायः सशंकित था कि ब्रिटिश सरकार महाराजा के ऊपर ब्रिटिश द्रोह का अभियोग लगाकर उन्हें कैद न कर ले। किन्तु ब्रिटिश अधिकारियों ने बाद में ऐसा नहीं किया। ब्रिटिश अधिकारी सदैव रीवा महाराजा रघुराज सिंह से सतर्क रहे तथा इस बात का प्रयास करते रहे कि रीवा राज्य में ब्रिटिश सैनिक अड्डा सदैव के लिए बन जाये और रीवा राज्य की राजनैतिक कार्यवाही भविष्य के लिए रुक जावे। अन्त में मैं रीवा दरबार के पंडित दीनबन्धु और ऑसबर्न के सम्बन्धों पर विचार करते हुए कह सकता हूँ कि दीनबन्धु निःसन्देह राज्यद्रोही थे। महाराजा रघुराज सिंह के काल का अध्ययन करने से पता चलता है कि बघेल ब्रिटिश सम्बन्ध इन दिनों अस्थाई तौर से सम्बन्ध था।

ऑसबर्न तत्कालीन अस्थाई पॉलिटिकल एजेन्ट

Journal Starting Year-**2015**, Frequency- **Quarterly**, Subject- **Multidisciplinary**, Language-**Hindi & English**, Publishers- **Sushil Kumar Kushwaha,** Publishing Body- **G.H. Publication**, Prayagraj, U.P.-211003 (India), Email Id:- **ghpublication@gmail.com, Mob.: 9532481205, 9807520344**

के रूप में कार्य रहा था। अस्तु उपरोक्त पत्रों के आधार से यह बात पूर्ण स्पष्ट है कि महाराजा रघुराज सिंह से ब्रिटिश अधिकारी अप्रसन्न थे तथा उनका आन्तरिक तौर से विश्वास नहीं मानते थे। महाराजा रघुराज सिंह भी ब्रिटिश शासन की हड़पनीति की चाल जो देशी राजाओं के साथ लागू होती जा रही थी तथा राज्य में अब तक स्वयं उत्तराधिकारी के न होने से राज्य की स्थिति बड़ी गंभीर थी। पूर्व संधि के आधार पर ब्रिटिश सरकार महाराजा के बाह्य अधिकारियो पर नियन्त्रण कर चुकी थी। जिसके प्रमाण में यह भी देखने में आया कि महाराजा की फौज का स्वयं नेतृत्व ब्रिटिश सेनाध्यक्ष ने किया।

## निष्कर्ष

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की संपूर्ण गतिविधियों में यहां के शासकों और क्रांतिकारियों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। उनका पुनः स्मरण और कृतज्ञता का प्रकटीकरण विभिन्न प्रकार से किया जा सकता है। जैसे उनके कार्यो के बारे में पुनः निष्पक्ष तरीके से अध्ययन व शोध कर उनके कार्यों को आम जन–मानस तक पहुचाने का कार्य किया जा सकता है। क्रांति की ज्वाला शान्त होने के बाद रीवा राज्य की शक्ति का सन्तुलन बनाये रखने हेतु राज्य में बघेलखण्ड एजेन्सी के नाम से एजेन्सी कायम कर दी। जिसमें जो व्यय हो रीवा दरबार से देने का प्रस्ताव किया गया तथा राज्य में पॉलिटिकल एजेन्ट के नाम से कुछ सैनिकों को रखने की योजना भी रखी गयी। जिसका नेतृत्व भी ब्रिटिश अधिकारी को सुपुर्द कर देने की योजना की गयी। महाराजा रघुराज सिंह ने आवश्यकता के अनुसार कर्ज के लिए भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया किन्तु आवश्यक शर्तों के साथ मन्जूर करते हुए कुछ समय के लिए यह प्रकरण पीछे कर दिया। उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि रघुराज सिंह महाराजा के समय ब्रिटिश शासन रीवा राज्य के दीवान दीनबन्धु के प्रति ज्यादा वफादार थी और स्वयं महाराजा के प्रति सशंकित दृष्टि से चौकन्ना थी। इसीलिए स्पष्ट है कि महाराजा रीवा भी ब्रिटिश शासन के प्रति निष्ठावान नहीं थे। किन्तु राज्य की तत्कालीन आपत्ति से भयभीत होकर ही शान्त रहे।

आशा ही नहीं अपितु विश्वास है कि यह शोध पत्र महाराजा रघुराज सिंह एवं ब्रिटिश शासन के मध्यस्थ दीवान दीनबन्धु व लेफ्निेन्ट ऑसबर्न के बीच किए गए पत्रों के विवरण का अध्ययन कर वास्तविकता को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। निश्चित ही आमजन इस शोध पत्र के अध यन से काफी लाभान्वित होंगे।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. बघेलखण्ड फाइल नंबर 4, नंबर 27, 133, दिनांक 10 जून, 1868, सेन्ट्रल इण्डिया
2. आधुनिक भारत का इतिहास, ले. सत्यनारायण दुबे, पृ. 184
3. विन्ध्य प्रदेश का इतिहास, ले. गुरू रामप्यारे अग्निहोत्री, पृ. 263
4. हिस्ट्री ऑफ रीवा स्टेट, बाय दीवान रहमान अली खान, पृ. 95
5. इण्डियन हिस्ट्री कांग्रेस सेशन, 21, ए.एच. निजामी
6. रीवा राज्य दर्पण, ले. जीतन सिंह बघेल, पृ0 58
7. बघेलखण्ड इन 1857 ई., ए.एच. निजामी
8. रीवा राज्य का इतिहास, बाबू रघुवर प्रसाद
9. महाराज रघुराज सिंह, ले. श्री गुरू रामप्यारे अग्निहोत्री, पृ. 18

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
**Paper Received : 2nd March 2026** **Paper Accepted : 6th March 2026**

# भारतीय ध्वज का विकास साम्प्रदायिक पहचान से धर्मनिरपेक्ष स्वरूप तक

**अभिषेक दौनेरिया**
नेट (इतिहास)

**शोध-सारांश**

प्रस्तुत शोध आलेख का मुख्य उद्देश्य भारतीय राष्ट्रध्वज के क्रमिक विकास की यात्रा का विश्लेषण करना है। यह शोध इस तथ्य को रेखांकित करता है कि किस प्रकार एक राष्ट्रीय प्रतीक अपनी प्रारंभिक अवस्था में विभिन्न धार्मिक और सामुदायिक पहचानों को समेटे हुए था, जिसे प्रायः 'सांप्रदायिक संतुलन' के रूप में देखा गया। बीसवीं शताब्दी के आरंभिक कालखंड में ध्वज के रंगों और चिन्हों को हिंदू, मुस्लिम और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधित्व के रूप में परिभाषित किया गया था। किंतु, जैसे–जैसे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम परिपक्व हुआ और संवैधानिक मूल्यों की नींव पड़ी, इस ध्वज के चरित्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

शोध के निष्कर्ष यह दर्शाते हैं कि आधुनिक भारतीय ध्वज का स्वरूप पूर्णतः 'धर्मनिरपेक्ष' और समावेशी है। वर्तमान में इसके रंग किसी विशेष पंथ या संप्रदाय का प्रतिनिधित्व न करके मानवीय मूल्यों जैसे साहस, सत्य, शांति और प्रगति का बोध कराते हैं। चरखे के स्थान पर अशोक चक्र का चयन इस बात का प्रमाण है कि भारत ने संकीर्ण पहचानों से ऊपर उठकर एक गतिशील और न्यायपूर्ण राष्ट्र की परिकल्पना को स्वीकार किया है। यह रूपांतरण केवल प्रतीकात्मक नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोकतंत्र की उस मूल आत्मा को दर्शाता है जहाँ राज्य का कोई निजी धर्म नहीं है और जहाँ प्रत्येक नागरिक की पहचान उसकी भारतीयता से सुनिश्चित होती है। अंततः, तिरंगा एक ऐसे भारत का प्रतीक बन गया है जो अपनी विविधता को संजोते हुए एकता और वैश्विक कल्याण के मार्ग पर अग्रसर है।

## प्रस्तावना

किसी भी राष्ट्र का ध्वज केवल कपड़े का एक टुकड़ा नहीं होता बल्कि वह उस देश की आत्मा, उसकी संस्कृति और उसके भविष्य के स्वप्नों का प्रतिबिंब होता है। भारतीय ध्वज के वर्तमान स्वरूप तक पहुँचने की यात्रा अत्यंत रोचक और प्रेरणादायी रही है। यह यात्रा संकुचित सांप्रदायिक प्रतीकों से निकलकर एक व्यापक और समावेशी धर्मनिरपेक्ष पहचान को आत्मसात् करने की प्रक्रिया है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के शुरुआती दौर में जब राष्ट्रीय

चेतना का उदय हो रहा था, तब प्रतीकों का चयन अक्सर धार्मिक या सामुदायिक आधार पर किया जाता था। इसका मुख्य कारण जनमानस को उनकी जड़ों से जोड़ना था। किंतु जैसे–जैसे आंदोलन परिपक्व हुआ और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में विविधता को एकता में पिरोने का प्रयास शुरू हुआ, ध्वज का चरित्र भी बदलने लगा। यह शोध आलेख इसी परिवर्तन की पड़ताल करता है कि किस प्रकार हमारा राष्ट्रध्वज किसी एक धर्म या संप्रदाय का प्रतिनिधित्व करने के स्थान पर संपूर्ण मानवता और भारतीयता का प्रतीक बन गया।

## ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और प्रारंभिक स्वरूप

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का प्रारंभिक इतिहास बीसवीं शताब्दी के आरंभिक वर्षों से शुरू होता है। वर्ष उन्नीस सौ छह में पारसी बागान चौक पर जो ध्वज फहराया गया था, उसमें कमल के फूल और धार्मिक प्रतीकों की प्रधानता थी। उस समय राष्ट्रीयता को अक्सर धार्मिक प्रतीकों के माध्यम से व्यक्त किया जाता था। वन्दे मातरम् का उद्घोष और ध्वज पर अंकित चिन्ह इस बात के प्रमाण थे कि उस कालखंड में राष्ट्रवाद का स्वरूप सांस्कृतिक और धार्मिक पुट लिए हुए था। तत्कालीन नेताओं का मानना था कि साझा धार्मिक चेतना ही लोगों को औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध एकजुट कर सकती है। यहाँ से ध्वज की यात्रा एक ऐसे मोड़ पर आती है जहाँ पहचान के संकट और एकता की आवश्यकता के बीच द्वंद्व दिखाई देता है।

## सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व की अवधारणा

स्वतंत्रता आंदोलन के मध्य काल में जब गांधी जी का भारतीय राजनीति में पदार्पण हुआ, तब ध्वज के स्वरूप पर व्यापक मंथन शुरू हुआ। पिंगली वेंकैया द्वारा डिजाइन किए गए ध्वज के प्रारंभिक प्रारूप में लाल और हरे रंग को शामिल किया गया था। उस समय के राजनीतिक विमर्श में लाल रंग को हिंदू समुदाय और हरे रंग को मुस्लिम समुदाय का प्रतीक माना गया। यह वह दौर था जब भारत में सांप्रदायिक एकता को दो बड़े समुदायों के मिलन के रूप में देखा जा रहा था। यहाँ धर्मनिरपेक्षता का अर्थ धर्मों का अभाव नहीं, बल्कि धर्मों का संतुलन था। गांधी जी ने इसमें सफेद रंग को जोड़ने का सुझाव दिया, जो शेष अल्पसंख्यक समुदायों और शांति का प्रति–निधित्व करता था। इस प्रकार, ध्वज का यह त्रिकोणीय स्वरूप एक प्रकार से समुदायों का परिसंघ था। यहाँ चरित्र सांप्रदायिक शब्द के सकारात्मक अर्थ में था, जहाँ हर धर्म अपनी पहचान के साथ राष्ट्र के साथ खड़ा था।

## धर्मनिरपेक्षता की ओर संक्रमण

जैसे–जैसे भारत की आजादी का समय निकट आने लगा, बौद्धिक विमर्श में बदलाव आया। पंडित जवाहरलाल नेहरू और अन्य दूरदर्शी नेताओं ने महसूस किया कि एक आधुनिक राष्ट्र के ध्वज को समुदायों के प्रतिनिधित्व से ऊपर उठकर मानवीय मूल्यों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए। यदि हम रंगों को समुदायों से जोड़कर देखते रहेंगे, तो भविष्य में यह विभाजनकारी भी हो सकता था। यहीं से ध्वज के धर्मनिरपेक्ष चरित्र का बीजारोपण हुआ। संविधान सभा में जब ध्वज के वर्तमान स्वरूप को स्वीकार किया गया, तब रंगों की व्याख्या को पूरी तरह से बदल दिया गया। अब केसरिया रंग किसी संप्रदाय का नहीं बल्कि साहस और त्याग का प्रतीक बना। सफेद रंग सत्य और पवित्रता का वाहक बना और हरा रंग धरती की उर्वरता और खुशहाली का परिचायक बना। यह भारतीय राजनीति के इतिहास में एक महान वैचारिक बदलाव था, जहाँ धर्म को व्यक्तिगत आस्था का विषय बनाकर राष्ट्र ध्वज को सार्वभौमिक मूल्यों से जोड़ दिया गया।

## रंगों का दार्शनिक रूपांतरण और सांप्रदायिकता का अंत

भारतीय ध्वज के इतिहास में सबसे महत्त्वपूर्ण मोड़ तब आया जब प्रतीकों की व्याख्या को सामुदायिक पहचान से मुक्त कर दिया गया। शुरुआती दौर में केसरिया को हिंदू, हरे को मुस्लिम

और सफेद को अन्य अल्पसंख्यकों का प्रतीक माना जा रहा था। यह एक प्रकार का सांप्रदायिक संतुलन था। किंतु, एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में उभरते भारत के लिए यह आवश्यक था कि राष्ट्र का सर्वोच्च प्रतीक किसी संप्रदाय विशेष की जागीर न लगे। इसी विचार के साथ, सर्वपल्ली राधाकृष्णन् ने संविधान सभा में ध्वज के रंगों की जो व्याख्या प्रस्तुत की, उसने इसे पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष बना दिया।

केसरिया रंग अब केवल एक धर्म का रंग नहीं रहा, बल्कि यह वैराग्य, त्याग और निस्वार्थ सेवा का प्रतीक बन गया। यह नेताओं और नागरिकों को याद दिलाता है कि राष्ट्र के प्रति उनका कर्तव्य व्यक्तिगत लाभ से ऊपर होना चाहिए। मध्य की सफेद पट्टी केवल शांति की द्योतक नहीं है, बल्कि यह प्रकाश का मार्ग है, सत्य की ओर ले जाने वाला मार्ग जो हमारे आचरण को निर्देशित करता है। इसी प्रकार, नीचे की हरी पट्टी मिट्टी के साथ हमारे गहरे संबंध और उस वनस्पति जगत के प्रति हमारे सम्मान को दर्शाती है जिस पर सारा जीवन निर्भर है। इस प्रकार, ध्वज का चरित्र एक संकीर्ण पहचान से निकलकर एक वैश्विक जीवन–दर्शन में परिवर्तित हो गया। यह बदलाव ही भारतीय धर्मनिरपेक्षता की वास्तविक विजय थी, जहाँ राज्य का अपना कोई धर्म नहीं था, बल्कि वह सभी नैतिक मूल्यों का संरक्षक बन गया।

## चरखे से अशोक चक्र तक एक वैचारिक संक्रमण

ध्वज के केंद्र में स्थित 'चरखे' का स्थान अशोक चक्र द्वारा लिया जाना भी धर्मनिरपेक्षता की दिशा में एक बड़ा कदम था। चरखा गांधीवादी अर्थशास्त्र और आत्मनिर्भरता का प्रबल प्रतीक था, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में ग्रामीण भारत को जोड़े रखा था। हालाँकि, जब आजाद भारत के लिए ध्वज का चयन किया जा रहा था, तब यह महसूस किया गया कि राष्ट्र का प्रतीक ऐसा होना चाहिए जो कालजयी हो और भारत के प्राचीन गौरवशाली इतिहास को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ जोड़े।

सम्राट् अशोक का धर्म चक्र यहाँ सबसे उपयुक्त सिद्ध हुआ। अशोक एक ऐसे सम्राट् थे जिन्होंने युद्ध का त्याग कर धम्म (धर्म) और करुणा का मार्ग चुना था। उनका धर्म किसी एक संप्रदाय तक सीमित नहीं था, बल्कि वह सदाचार और नैतिकता की एक सार्वभौमिक संहिता थी। चक्र गतिशीलता का प्रतीक है 'चरैवेति चरैवेति' अर्थात् चलते रहो। यह संदेश देता है कि भारत अब रुकने वाला नहीं है। चक्र के चौबीस अरा (तीलियाँ) दिन के चौबीस घंटों और निरंतर प्रगति का प्रतिनिधित्व करते हैं। चरखे के स्थान पर चक्र को अपनाना इस बात का प्रमाण था कि भारत अपनी जड़ों को नहीं भूला है, परंतु वह एक आधुनिक और वैज्ञानिक सोच वाले धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाना चाहता है। यह परिवर्तन ध्वज को एक राजनीतिक उपकरण से उठाकर एक सांस्कृतिक और नैतिक आदर्श के स्तर पर ले गया।

## संविधान सभा की बहस और सर्वसम्मति

बाईस जुलाई उन्नीस सौ सैंतालीस को जब संविधान सभा में पंडित नेहरू ने राष्ट्रध्वज का प्रस्ताव रखा, तब उनके भाषण में एक गहरे भावुक और वैचारिक मंथन की झलक मिलती थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह ध्वज किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक का है। सभा में मौजूद विभिन्न विचारधाराओं के नेताओं ने इस पर लंबी चर्चा की। कुछ का मानना था कि ध्वज में धार्मिक पुट बना रहना चाहिए, लेकिन अंततः बहुमत इस बात पर सहमत हुआ कि स्वतंत्र भारत का ध्वज समावेशी होना चाहिए।

इस बहस के दौरान यह उभर कर आया कि धर्मनिरपेक्षता का अर्थ धर्म का विरोध नहीं, बल्कि 'सर्वधर्म समभाव' है। ध्वज के वर्तमान स्वरूप को स्वीकार करना इस बात की घोषणा थी कि नए भारत में किसी भी नागरिक के साथ उसके धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं होगा। ध्वज की तीनों पट्टियाँ और चक्र मिलकर एक ऐसे भारत की कल्पना प्रस्तुत करते हैं जहाँ विविधता एक बाधा

नहीं बल्कि एक शक्ति है। इस प्रकार, संविधान सभा ने ध्वज को एक विधिक और नैतिक वैधता प्रदान की, जिसने इसके सांप्रदायिक से धर्मनिरपेक्ष होने की यात्रा पर अंतिम मुहर लगा दी।

## आधुनिक भारत में ध्वज की प्रासंगिकता और चुनौतियाँ

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारतीय ध्वज केवल एक प्रतीक मात्र नहीं रहा, बल्कि यह करोड़ों भारतीयों की अस्मिता का आधार बन गया। समय बीतने के साथ–साथ समाज में कई वैचारिक परिवर्तन आए, लेकिन ध्वज का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप अडिग रहा। आज के समय में जब हम राष्ट्रवाद और धर्मनिरपेक्षता के बीच के संबंधों का विश्लेषण करते हैं, तो तिरंगा एक सेतु का कार्य करता है। यह ध्वज हमें स्मरण कराता है कि हमारी भारतीयता हमारे धार्मिक विश्वासों से ऊपर है।

आधुनिक युग में ध्वज के समक्ष कई चुनौतियाँ भी आई हैं। वैश्वीकरण के इस दौर में प्रतीकों का बाजारीकरण बढ़ा है, लेकिन भारतीय ध्वज की गरिमा को बनाए रखने के लिए समय–समय पर भारतीय ध्वज संहिता में संशोधन किए गए। यह संहिता सुनिश्चित करती है कि ध्वज का प्रदर्शन केवल एक उत्सव न हो, बल्कि एक अनुशासित और मर्यादित कृत्य हो। यहाँ धर्मनिरपेक्षता का अर्थ यह भी है कि राष्ट्र का कोई भी नागरिक, चाहे वह किसी भी मत या पंथ को मानने वाला हो, इस ध्वज के नीचे समान अधिकार और सुरक्षा का अनुभव करे। जब कोई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराता है या कोई सैनिक सीमा पर इसकी रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देता है, तब वहाँ संप्रदाय का कोई स्थान नहीं होता। वहाँ केवल एक भारतीय की पहचान शेष रहती है। यही इस ध्वज की सबसे बड़ी सफलता है कि इसने विविधताओं से भरे देश को एक धागे में पिरोकर रखा है।

## ध्वज संहिता और विधिक संरक्षण का महत्त्व

किसी भी राष्ट्र के प्रतीक को उसकी पवित्रता बनाए रखने के लिए कानूनी ढाँचे की आवश्यकता होती है। भारतीय ध्वज के संदर्भ में प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग निवारण) अधिनियम और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। ये कानून यह सुनिश्चित करते हैं कि ध्वज का उपयोग किसी राजनीतिक लाभ या व्यावसायिक उद्देश्य के लिए न किया जाए। सांप्रदायिक राजनीति के दौर में कई बार ध्वज को विशेष विचारधाराओं से जोड़ने के प्रयास किए गए, लेकिन भारत की न्यायपालिका और संविधान ने सदैव इसके मूल धर्मनिरपेक्ष चरित्र की रक्षा की है।

वर्ष दो हजार दो में नवीन जिंदल बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक मील का पत्थर साबित हुआ। न्यायालय ने व्यवस्था दी कि सम्मानपूर्वक ध्वज फहराना प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है, जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत आता है। इस निर्णय ने ध्वज को सरकारी भवनों की चारदीवारी से निकालकर आम आदमी के हाथों में सौंप दिया। अब यह किसी सत्ता का प्रतीक नहीं, बल्कि जनता की संप्रभुता का प्रतीक बन गया। जब एक आम नागरिक अपने घर पर तिरंगा लगाता है, तो वह किसी संप्रदाय विशेष के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त नहीं करता, बल्कि वह उस भारतीय गणराज्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है जो धर्मनिरपेक्षता की नींव पर खड़ा है।

## निष्कर्ष और भविष्य की राह

उपर्युक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय ध्वज की यात्रा एक संकुचित और सांप्रदायिक सोच से आरंभ होकर एक विशाल और उदार धर्मनिरपेक्ष गंतव्य तक पहुँची है। प्रारंभिक दौर के प्रतीकों में जहाँ समुदायों को अलग–अलग रंगों में देखा जाता था, वहीं वर्तमान ध्वज में वे रंग मानवीय गुणों और राष्ट्रीय आदर्शों में समाहित हो चुके हैं। केसरिया अब साहस का, सफेद सत्य का और हरा समृद्धि का पर्याय है। अशोक चक्र उस निरंतर चलने वाली न्याय और धर्म की व्यवस्था का प्रतीक है जो किसी पंथ विशेष की नहीं, बल्कि मानवता की थाती है।

यह शोध इस बात की पुष्टि करता है कि भारतीय ध्वज का धर्मनिरपेक्ष चरित्र ही उसकी असली शक्ति है। यह किसी भी संप्रदाय को छोटा या बड़ा नहीं दिखाता, बल्कि सभी को राष्ट्र की मुख्यधारा में समान स्थान देता है। भविष्य में भी जब तक भारत अपनी विविधता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सहेज कर रखेगा, तब तक यह तिरंगा दुनिया के सामने एक प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र का प्रमाण बना रहेगा। हमें यह समझना होगा कि ध्वज का सम्मान केवल उसे फहराने में नहीं है, बल्कि उन संवैधानिक मूल्यों को जीने में है जिनका यह प्रतिनिधित्व करता है। धर्मनिरपेक्षता कोई थोपा गया विचार नहीं है, बल्कि यह हमारे ध्वज की बनावट और उसके इतिहास में रची–बसी एक जीवंत सच्चाई है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


- भारतीय संविधान सभा के वाद–विवाद, खंड चार, जुलाई उन्नीस सौ सैंतालीस।
- भारत का इतिहास, बिपन चंद्र, दिल्ली विश्वविद्यालय प्रकाशन।
- पिंगली वेंकैया की जीवनी, राष्ट्रीय अभिलेखागार, भारत सरकार।
- डिस्कवरी ऑफ इंडिया, जवाहरलाल नेहरू, सस्ता साहित्य मंडल।
- महात्मा गांधी के लेख 'यंग इंडिया और हरिजन' के विभिन्न अंक।
- भारतीय ध्वज संहिता, गृह मंत्रालय, भारत सरकार का आधिकारिक राजपत्र।
- भारत का राष्ट्रीय ध्वज, प्रभाकर द्विवेदी, नेशनल बुक ट्रस्ट।

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
**Paper Received : 7nd March 2026** **Paper Accepted : 10th March 2026**

# छत्तीसगढ़ में रोजगार के क्षेत्र में महिला समूह की भूमिका

▫ डॉ. प्रेमलता एक्का*

## शोध-सारांश

अनादिकाल से वर्तमान तक की बात करें तो भारत में महिलाओं का दर्जा सर्वश्रेष्ठ ही रहा है। भारत देश जहां नारी को शक्ति स्वरूपा 'देवी' के रूप में आज भी पूजा जाता है। जहां महिलाओं के सम्मान के लिए कई लोगों ने अपना बलिदान भी दिया है; किन्तु बदलते हुए परिवेश में नारियों की स्थिति में भी परिवर्तन हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा महिलाओं के सम्मान के लिए तथा उनका स्तर ऊँचा करने के लिए मार्च 1975 से अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत की गई तब से लेकर आज तक विश्व में महिला सशक्तिकरण एक जागरूकता अभियान बन गया इसके लिए राष्ट्रीय स्थानीय स्तर पर भी विभिन्न प्रयास किए गए महिलाओं को सामाजिक आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। आज देश में लगभग 60 लाख स्वयं सहायता समूहों से 6.7 करोड़ महिलाएँ जुड़ी हुई हैं। परंतु हमारे देश की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक गतिशीलता, व्यवहार्यता व सहायता में अनेक चुनौतियों को कम करने में महिला संगठनों द्वारा समाजसेवी संस्थाओं व गैर सरकारी संगठनों द्वारा कार्य किया जा रहा है; जिसके परिणामस्वरूप यह अध्ययन पूर्ति के अध्यायों में नवीन परिदृश्य में देखने का प्रयास है; स्वयं सहायता समूह की व्यापकता लगभग सामान्य रूप से सभी क्षेत्रों में देखने को मिलती है; चाहे वे गांव हों, शहर हो या कोई कस्बा हो किन्तु, इसका महत्त्व ज्यादातर उन क्षेत्रों में होता है, जिस क्षेत्र की महिलाएं अशिक्षित या साक्षर हैं या उन्हें घरेलू कामकाज से कम समय मिलता है; ऐसी महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर संगठित होकर कार्य करती हैं; जिससे उनको आर्थिक सहायता के साथ–साथ बौद्धिक विकास भी होता है; और अपने खाली समय का सदुपयोग भी कर लेती है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को ऐसे छोटे–छोटे कार्यों में निपुण कर दिया जाता है, जिससे वह स्वयं से कुछ करने में सक्षम बन सकती हैं; बढ़ती हुई आबादी को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि महिलाएँ भी पुरुषों की भांति परिवार में आर्थिक सहायता प्रदान कर सकती हैं; चाहे वह शिक्षित हों या अशिक्षित। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से छोटे–छोटे रोजगार

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र), शासकीय महाविद्यालय, सिलफिली, जिला–सूरजपुर (छत्तीसगढ़)

प्राप्त रही हैं और परिवार में अपना सहयोग दे रही हैं। हमारे समाज में जिस तरह की मनोवृत्ति और आचार–विचार व्याप्त है, वह तेजी से उभरती हुई औद्योगिक संस्कृति के अनुरूप नहीं है; आवश्यकता है कि हम अच्छे मूल्यों को बरकरार रखते हुए अपनी परम्परा और संस्कृति को नई दिशा दें। अगर एक नया समाज और मूल्य आधारित नई अर्थव्यवस्था बनती है; तो यह जरूरी है कि युवावस्था में ही भविष्य के नागरिकों की सोच की प्रक्रिया और प्रवृत्ति को लक्ष्य के अनुरूप ढाला जाए।

***शब्द बीज***– रोजगार का विकास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक–आर्थिक विकास, स्वयं सहायता समूह, जागरूकता, बौद्धिक विकास एवं उन्नति, आत्मनिर्भरता।

## प्रस्तावना

महिलाएँ परिवार में धुरी की तरह काम करती हैं; चाहे घर के बाहर का काम हो या घर के भीतर का, दोनों जगह महिलाएँ बड़ी ही सहजता से खुद को सन्तुलित कर लेती हैं। उनकी यही काबिलियत उनको आगे बढ़ने में बड़ी भूमिका अदा करती है; किसी राष्ट्र की प्रगति उनकी महिलाओं की प्रगति से आंकी जा सकती है। युग युगांतर से महिलाओं ने संस्कृति को समृद्ध बनाने में और सभ्यता को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया है; हालांकि उनके इस योगदान को समुचित मान्यता नहीं मिली यदि वर्तमान में महिलाओं की स्थिति की व्याख्या करें तो कई बार परिवार के लोगों या रूढ़िवादी विचारधारा के लोग कहते हैं कि ये काम महिलाओं का नहीं है; महिलाएं घर के अंदर रहकर चूल्हा–चौका करेंगी, सिर्फ पुरुष ही बाहर जाके काम करेंगे। ऐसा कहकर उन्हें अपमानित किया जाता है, जबकि वह काम करने में सक्षम हैं। आज भी जिस समाज में शिक्षा का विस्तार है, वहां तो कम किन्तु आदिवासी समाज या जहां आज भी शिक्षा का विस्तार कम है, वहां आज भी महिलाओं की स्थिति में सुधार तो है; किन्तु पूर्णरूप से परिवर्तन नहीं आ सका है। आज भी कई महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं और पारिवारिक शोषण को बर्दाश्त कर रही हैं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए महिलाएँ विभिन्न प्रकार के संगठनों, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रही हैं, जिससे उनके व्यक्तित्त्व विकास में परिवर्तन आ रहा है; महिलाएं अपने काम और जिम्मेदारी के प्रति जागरूक हो रही है; कई महिलाएं पुनः पढ़ाई प्रारम्भ करके शिक्षित हो रही हैं; जिसमें सरकार का पूर्ण सहयोग होता है। सरकार तमाम योजनाओं को ला रही है, जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। सच्चाई यह है कि शिक्षा का स्तर सामाजिक आर्थिक विकास को प्रमाणित करता है; इससे समाज में रुतबा बढ़ता है और आर्थिक–सामाजिक हित के व्यापक क्षेत्रों की जानकारी मिलती है, जिसमें व्यक्ति परिवार से हटकर समाज या कई अन्य नए–नए क्षेत्रों से जुड़ता है।

स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण की प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं; जिसमें बांग्लादेश के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री मो. यूनुस का प्रयास उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने 1970 में ही 'लघुवित्ता' आन्दोलन की शुरुआत की थी, जिसके तहत गरीबी, विशेषकर औरतों को बिना किसी शर्त के ऋण देने की व्यवस्था की गई और आज लघुवित्ता आन्दोलन विश्व के सात हजार संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा है; जिससे लगभग एक करोड़ 6 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। वास्तव में स्वयं सहायता समूह गांवों के व्यक्तियों का एक ऐसा संगठन है; जो स्वेच्छा से संगठित होकर नियमित रूप से थोड़ी–थोड़ी बचत करके सामूहिक निधि में जमा करते हैं तथा जिसका उपयोग सदस्यों की आकस्मिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए किया जाता है; यदि छत्तीसगढ़ की विशेष बात करें तो छत्तीसगढ़ एक आदिवासी

प्रधान क्षेत्र है। यहां की महिलाओं के उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूह (SHG's) रोजगार सृजन और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वह महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रहे हैं; जिससे उनकी आत्मनिर्भरता और खाली समय का सदुपयोग हो रहा है।

## महिला समूह की प्रमुख भूमिकाएँ

### (1) स्वरोजगार और उद्यमिता

स्वयं सहायता समूह महिलाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं; उन्हें प्रशिक्षण और सूक्ष्म वित्त (माइक्रो फाइनेंस) की सुविधा मिलती है जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### (2) स्वनिर्णय की शक्ति

स्वयं सहायता समूह सदस्य के रूप में काम करने के कारण महिलाओं की स्वयं निर्णय लेने की शक्ति का विकास होता है; महिलाओं द्वारा बैंकों के साथ लेन–देन, कागजी कार्यवाही इत्यादि करने से उनमें आत्मविश्वास पनपता है।

### (3) नेतृत्व क्षमता का विकास

समूहों के माध्यम से महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, कौशल, सामूहिक निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास विकसित होता है; जिससे उनकी सामाजिक स्थिति सुधरती है।

### (4) आर्थिक गतिविधियों में शामिल

स्वयं सहायता समूह के सदस्य के रूप में महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं; जिससे परिवार में उनकी स्थिति में सुधार होता है।

### (5) सामूहिक निर्णय समर्थता

स्पष्ट होता है कि स्वयं सहायता समूहों में कार्य करने वाली महिलाओं की सामुदायिक कार्यों में स्वयं सहभागिता, पंचायत की बैठकों में उपस्थिति अधिक सक्रिय होती है।

**छत्तीसगढ़ में महिलाओं के कुछ प्रमुख समूह और उनके कार्य**

| 1– प्रमुख स्वयं सहायता समूहों के नाम | 2– समूह द्वारा किए जाने वाले मुख्य कार्य | 3– सहायता और ऋण योजनाएँ |
|---|---|---|
| • लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह।<br>• माँ लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह।<br>• जय अम्बे महिला स्वयं सहायता समूह।<br>• माँ जगत जननी अम्बा महिला समूह।<br>• राधा कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूह।<br>• वैभव लक्ष्मी और ज्योति सेवा समूह। | • **रेडी टू ईट**– आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए पौष्टिक आहार का निर्माण।<br>• **राशन दुकान संचालन**–सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के तहत उचित मूल्य दुकानों का प्रबंधन।<br>• **प्राकृतिक पेंट निर्माण**– गौणानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट बनवाने का कार्य (जैसे जहाँगीर में विश्व सहायता समूह)।<br>• **निर्माण कार्य**– प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने के लिए सेट्रींग प्लेट और बल्ली लगाने का कार्य। | • **छत्तीसगढ़ महिला कोष**– समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 3 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 5 लाख से 6 लाख तक का ऋण प्रदान किया जाता है।<br>• **लखपति दीदी योजना**–इस योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनकी वार्षिक आय 1 लाख से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। |

## शोध का उद्देश्य

(1) छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक ग्रामीण व वंचित परिवारों कम–से–कम एक महिला को स्वयं सहायता समूह से जोड़कर संगठित करना।

(2) संगठन (BLF) व जिला संगठन का निर्माण करना।

(3) ग्रामीण गरीब परिवारों की परिरिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उनकी सशक्त एवं स्थायी संस्थाएँ बनाकर लाभदायक स्वरोजगार एवं कुशल मजदूरी वाले रोजगार के अवसर प्राप्त करने में

समर्थ बनाना; जिसके फलस्वरूप उनकी गरीबी कम हो एवं उनके जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो।

(4) ग्रामीण क्षेत्र में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना तथा स्वयं–रोजगार एवं रोजगार के अवसर बढ़ाना।

(5) ग्रामीण उद्यमियों के लिए वित्त की व्यवस्था करने में सहयोग करना।

(6) गरीब एवं वंचित ग्रामीणों के कौशल उन्नयन परिवारों की सामाजिक कर आर्थिक स्थिति मजबूत करना।

**निष्कर्ष**

निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि विभिन्न प्रकार की सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाएँ जो कि महिलाओं के उत्थान का कार्य कर रही हैं; उनमें महिलाएँ अधिक–से–अधिक अपनी सहभागिता देकर विकास के लिए आयाम से जुड़ें और विकास करें महिला सशक्तिकरण का प्राथमिक उद्देश्य ही यह है कि उनको अपने अधिकारों के प्रति सशक्त किया जाए और परिवार में निर्णय के स्तर पर ज्यादा–से–ज्यादा भागीदारी बढ़ाई जाए।

कुछ समय पूर्व जो आदिवासी या सामान्य महिलाएँ अशिक्षित तथा अज्ञानी थीं, जिन्हें घर के कार्यों में ही आराम तथा संतुष्टि मिल जाती थी वही कामकाजी महिलाएं स्वयं सहायता समूह में जुड़ने के पश्चात् अपने स्वास्थ्य, बच्चों की शिक्षा, भोजन की पौष्टिकता तथा परिवार नियोजन के प्रति जागरूक हो गई हैं। प्रौढ़ शिक्षा मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूह आंदोलनों से महिलाओं में नेतृत्व गुणों का भी विकास किया गया, जिससे वे समूह की बात सामने लाने में सक्षम हुईं। इस अध्ययन में विशेषकर छत्तीसगढ़ की अविभाज्य किन्तु पिछड़े हुए अंग महिला को सशक्त एवं स्वाबलंबी बनाने हेतु प्रभावी उपकरण स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर दृष्टिपात करने का प्रयास किया गया है।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. कुमार, नीरज, मार्च 2007, महिला सशक्तिकरण की कुछ कोशिशें, कुरुक्षेत्र 53 (5)
2. शर्मा, ओम प्रकाश, 2004, ग्रामीण समाज में नियोजित सामाजिक परिवर्तन, रावत पब्लिकेशन
3. वर्षा कहार, डॉ. पूजा तिवारी, 2025, महिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूह की भूमिका, नवीन शोध संसार (रिसर्च जर्नल)
4. छत्तीसगढ़ में सूक्ष्म वित्त और महिला सशक्तिकरण डॉ. रोहित वर्मा (रिसर्च थीसिस)
5. प्रतिवेदन, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर का पंचायत परिणाम
6. आर.बी. ताम्रकार, भारत में सामाजिक परिवर्तन

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
SHODH CHETNA YEAR 2026 Vol. 1 PRAYAGRAJ
**Paper Received : 7nd March 2026** **Paper Accepted : 10th March 2026**

# उच्च माध्यमिक विद्यालयीन शिक्षा में कौशल विकास की प्रासंगिकता

❑ **डॉ. रीता निगम***


## शोध-सारांश

"उच्च माध्यमिक शिक्षा में कौशल विकास की प्रासंगिकता" के अंतर्गत रीवा जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों, उनके संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को न्यादर्श रूप में चयनित किया गया, प्रस्तुत शोध विद्यार्थियों के कौशल विकास पर आधारित है जो छात्रों को रोजगार के लिए तैयार करना तथा उन्हें सक्षम बनाने के उद्देश्य से किया गया। प्रस्तुत शोध कार्य में न्यादर्श का चयन, शोध विधि, शोध उपकरण का प्रयोग, परिकल्पना का निर्माण एवं तथ्यों का संकलन किया गया, जिसमें यह ज्ञात हुआ कि ग्रामीण क्षेत्रों के संस्था प्रमुखों के अनुसार कौशल विकास का स्तर 20 % उच्च, 40 % सामान्य, 40 % निम्न है तथा शिक्षकों के अनुसार 10 % उच्च, 50 % सामान्य, 40 % निम्न एवं विद्यार्थियों के अनुसार 25 % उच्च, 40% सामान्य और 35 % निम्न है। समग्र प्रतिदर्शो के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के संस्था प्रमुखो, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के आधार पर 42–8 % कौशल विकास का स्तर सामान्य है। वहीं शहरी क्षेत्रों के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुखों के अनुसार 60 % उच्च, 20 % सामान्य एवं 20 % निम्न स्तर पाया गया जबकि शिक्षकों के अनुसार 60 % उच्च, 20 % सामान्य एवं 20 % निम्न स्तर है तथा विद्यार्थियों मतानुसार 40 % उच्च, 35 % सामान्य एवं 25 % निम्न स्तर को दर्शाता है। विद्यालयों में कौशल विकास का स्तर संस्था प्रमुखों, शिक्षकों, विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त आँकडों के आधार पर 42–8 % है। जो समान्य स्तर को दर्शाता है वहीं शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों के संस्था प्रमुखों, शिक्षकों, विद्यार्थियों द्वारा कुल प्रतिदर्शों के आधार पर 48–5 % है जो उच्च स्तर को दर्शाता है। अतः निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के कौशल विकास का स्तर सामान्य एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के कौशल विकास का स्तर उच्च है।


***मुख्य शब्द–*** उच्च माध्यमिक, विद्यालयीन, शिक्षा, कौशल विकास, प्रांसगिकता।

* सहायक प्राध्यापक– रेवांचल इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, रीवा (म.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8770100296 Email : prositanigam19@gmail.com

Journal Starting Year-**2015**, Frequency-**Quarterly**, Subject-**Multidisciplinary**, Language-**Hindi & English**, Publishers-**Sushil Kumar Kushwaha,** Publishing Body-**G.H. Publication**, Prayagraj, U.P.-211003 (India), Email Id:-**ghpublication@gmail.com, Mob.: 9532481205, 9807520344**

## प्रस्तावना

शिक्षा एक ऐसा अनुशासन है जो स्कूल जैसे वातावरण में शिक्षण एवं सीखने के तरीकों से संबंधित है, शिक्षा कों समाज के मूल्यों और संचित ज्ञान के हस्तांतरण के रूप में समझा जा सकता है।

**कौटिल्य के अनुसार**– "शिक्षा का अर्थ देश के लिए प्रशिक्षण तथा राष्ट्र के लिए प्रेम।"[1]

शिक्षा में कौशल विकास विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायता करता है, इसके द्वारा विद्यार्थी अपनी व्यक्तिगत शक्तियों एवं कमजोरियों को पहचान सकता है तथा अर्जित ज्ञान को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में लागू करने की क्षमता विकसित करता है। कौशल विकास देश की आर्थिक प्रगति, सामाजिक विकास के लिए प्रेरक साधन है। एनएसएसओ (NSSO) 2011–12 के 68 दौर के रिपोर्ट के आधार पर" 15 वर्ष से 59 वर्ष की आयु के व्यक्तियों में से औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति की संख्या लगभग 2–2 प्रतिशत एवं गैर औपचारिक 8–6 % बताई गई।"[2] उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आयु लगभग 15–17 या 16–18 वर्ष के मध्य होती है जो कक्षा 11वीं, 12वीं के विद्यार्थी होते है। पिछले कुछ दशकों में साक्षरता का स्तर निम्न रहा जिसके कारण विद्यालयों में विद्यार्थियों के कौशल का स्तर भी निम्न ही रहा। कौशल विकास की दृष्टि से चीन, कोरिया, जापान भारत से अत्यधिक आगे हैं। शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में कौशल विकास पर ध्यान केन्द्रित करना होगा, जिससे हमारा देश अन्य देशों से पीछे न रहे।

## शोध की आवश्यकता

देश में उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों एवं युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान कर देश को आर्थिक रूप से उन्नत बनाने हेतु अध्ययन की आवश्यकता महसूस की गई, देश के प्रधानमंत्री द्वारा सन्–2015 में कौशल विकास योजना प्रारंभ की गई, जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया गया, सरकार द्वारा योजनाओं का निर्माण कर दिया जाता है, लेकिन उसके क्रियान्वयन पर भी ध्यान देने की आवश्कता है कि विद्यार्थियों को इन योजनाओं से कितना लाभ हुआ। कौशल विकास योजना का लक्ष्य, उद्देश्य एवं परिणाम को ज्ञात करने हेतु शोध अध्ययन आवश्यक हुआ है।

## शोध का महत्त्व

प्रत्येक शोध अपना विशिष्ट महत्त्व रखता है। प्रस्तुत शोध के अंतर्गत वो विद्यार्थी हैं जो उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत है। उन विद्यार्थियों में कौशलों का विकास हो एवं उन्हें व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से यह शोध अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह जी ने कहा कि "भारत में सन्–2014 के उपरांत शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ा परिवर्तन वर्ष–2020 में लागू की गई नवीन शिक्षा नीति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लिया गया निर्णय महत्त्वपूर्ण है इससे अध्ययनरत विद्यार्थियों के कौशल विकास के साथ ही भविष्य में रोजगार की संभावना को बल मिलेगा।"[3] शोध कार्य हेतु निम्नलिखित महत्त्व निर्धारित किए गए है–

1– ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को रोजगार योग्य बनाने हेतु कौशलों के विकास का अध्ययन करना।

2– विद्यार्थियों की अभिक्षमता, योग्यता एवं रुचि के अनुसार कौशल विकास के अवसरों का अध्ययन किया जा सकेगा।

3– विद्यार्थियों की अंतर्निहित कौशलों की पहचान हो सकेगी।

## शोध अध्ययन के उद्देश्य

सर्वोत्तम शिक्षा केवल कौशल सिखाना ही नहीं, बल्कि उसे उपयोग में लाना भी सिखाना है।

**गिल्टन बर्टे के अनुसार**– "अगर अवसर दस्तक न दे, तो दरवाजा बना लो।"[4]

प्रस्तुत शोध हेतु निम्न उद्देश्यों का निर्धारण किया गया है–

1. उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों की उपलब्धता का अध्ययन करना।

2. शोध क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण एवं शहरी छात्रों में अंतर्निहित कौशलों का अध्ययन करना।

3. विद्यार्थियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के अवसरों का अध्ययन करना।

4. शोध क्षेत्रांतर्गत विद्यार्थियों की रुचि, क्षमता एवं योग्यता का अध्ययन करना।

## शोध परिकल्पना

प्रस्तुत शोध पत्र उच्च माध्यमिक स्तर पर अध्ययनरत विद्यार्थियों में शिक्षा में कौशल विकास की प्रासंगिकता हेतु निम्न शोध परिकल्पना निरूपित की गई है–

1. शोध क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्रों के कौशल विकास का स्तर सामान्य है।

2. शोध क्षेत्रांतर्गत शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्रों के कौशल विकास का स्तर उच्च है।

## शोध क्षेत्र का परिसीमन

प्रस्तुत शोध पत्र में भौगोलिक परिसीमन के अंतर्गत शोध भौगोलिक रूप से रीवा जिले की राजस्व सीमा तक परिसीमित है।

1–विषयवस्तु का परिसीमन के अंतर्गत रीवा जिले के ग्रामीण एवं शहरी शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुखों एवं कार्यरत शिक्षक, अध्ययनरत विद्यार्थियों तक परिसीमित है।

## शोध विधि

प्रस्तुत अनुसंधान समस्या "उच्च माध्यमिक विद्यालयीन शिक्षा में कौशल विकास की प्रासंगिकता" के अंतर्गत शोध विधि में "सर्वेक्षण विधि" उपयोग की गई है।

**शोध उपकरण**– यूनेस्को द्वारा जारी "स्टेट ऑफ द एजुकेशन रिपोर्ट फॉर इंडिया–2020" "भारत की शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण पर केन्द्रित है, इसमें भारत के कौशल विकास क्षेत्र में उभरती हुई चुनौतियों एवं नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर दिया गया है।"[5]

प्रस्तुत शोध पत्र में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों में रुचि, क्षमता, योग्यता, कौशलों का विकास किस स्तर पर हुआ यह ज्ञात करने के उद्देश्य से निम्न उपकरणों का प्रयोग किया गया–

1. संस्था प्रमुखों के लिए प्रश्नावली प्रपत्र।

2. छात्रों हेतु प्रश्नावली प्रपत्र।

3. शिक्षकों हेतु प्रश्नावली प्रपत्र।

## न्यादर्श

शैक्षिक अनुसंधान में न्यादर्श अपना विशिष्ट स्थान रखता है, न्यादर्श के अभाव में शोध कार्य नहीं किया जा सकता। समग्र समूह का एक छोटा प्रतिनिधि जिसे अध्ययन के लिए चयनित किया जाता है, जिससे उस छोटे हिस्से से पूरे समूह का निष्कर्ष निकाला जा सके प्रस्तुत शोध कार्य में यादृच्छिक विधि द्वारा न्यादर्श का चयन किया गया है।

**प्रस्तुत शोध का न्यादर्श विवरण (तालिका कमांक–01) के आधार पर**

| क. | जिले का नाम | विद्यालयों की संख्या | | उच्च माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुख | | कार्यरत शिक्षक | | अध्ययनरत विद्यार्थी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी |
| 01 | रीवा (म.प्र.) | 05 | 05 | 05 | 05 | 10 | 10 | 20 | 20 |
| | | कुल योग = 10 | | कुल योग = 10 | | कुल योग = 20 | | कुल योग = 40 | |

**पूर्ववर्ती शोध साहित्य का अध्ययन**

उन सभी अध्ययनों, प्रयोगों और कार्यों का सारांश जो किसी विशेष विषय में वर्तमान शोध शुरू करने से पहले किये जा चुके हैं। चयनित समस्या के पूर्व में कि, गए शोध कार्यों के अध्ययन उपरांत पूर्ववर्ती शोध साहित्य निम्न प्रकार है–

**शोध शीर्षक**– "प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का योगदान।"

**शोधार्थी**– दीपक कुमार दास

**उद्देश्य**– 1. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जानकारी प्राप्त करना। 2. कौशल विकास योजना के योगदान का अध्ययन।

**निष्कर्ष**– 1. निष्कर्ष में यह पाया गया कि यह योजना कौशल पर आधारित है। 2. इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार प्रदान किया जाता है।

2– **शोधार्थी**– दिलीप तिवारी

**शोध शीर्षक**– "ग्रामीण युवाओं पर प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का योगदान।"

**उद्देश्य**– 1. कौशल विकास योजना का मूल्यांकन करना। 2. कौशल विकास योजना से स्वरोजगार पर प्रभाव का अध्ययन।

**निष्कर्ष**– 1. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का ग्रामीण युवाओं पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ा है। 2. ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रशिक्षण केन्द्र पर्याप्त हैं। 3. ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षा का स्तर अच्छा है।

**तथ्यों का सारणीयन, विश्लेषण एवं व्याख्या**

कोई शोध तभी प्रतिबिम्बित होता है जब प्राप्त तथ्यों का क्रमबद्ध सारणीयन एवं सांख्यिकीय विवेचना के आधार पर पुष्टि संभव हो सके। **कार्नर के अनुसार**– "सारणीयन किसी विचाराधीन समस्याओं को स्पष्ट करने के उद्देश्य, संख्यात्मक तथ्यों के क्रमबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से प्रस्तुत करने की एक विधि है।"[6] प्रस्तुत शोध में न्यादर्श चयनित क्षेत्रों से संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं छात्रों से समस्या के संबंध में प्रश्नों के माध्यम से तथ्यों का संकलन किया गया। प्रश्नों का विवरण इस प्रकार है–

1. कौशल विकास योजना की जानकारी के संबंध में।
2. विद्यालय में कौशल विकास योजना का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के संबंध में।
3. कौशल विकास योजना के अंतर्गत किन–किन क्षेत्रों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा।
4. योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं।
5. योजना के प्रति दृष्टिकोण क्या है।
6. योजना का प्रभाव क्या पड़ा है।
7. विद्यार्थियों की रुचि एवं कौशल में वृद्धि के संबंध में अध्ययन।

**तालिका क्रमांक–02**

**परिकल्पना क्रमांक–01 के आधार पर**

| क्र. | जानकारी संकलन के स्रोत | न्यादर्श की संख्या | संगत प्रश्न | "शोध क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण विद्यालयों में छात्रों के कौशल विकास का स्तर सामान्य है।" | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उच्च | | सामान्य | | निम्न | |
| | | | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 01 | संस्था प्रमुख | 05 | 1,2,7 | 01 | 20% | 02 | 40% | 02 | 40% |
| 02 | शिक्षक | 10 | 1,3,5 | 01 | 10% | 05 | 50% | 04 | 40% |
| 03 | विद्यार्थी | 20 | 3,4,5,6 | 05 | 25% | 08 | 40% | 07 | 35% |
| | **कुल योग** – 35 | | | **07** | **17.1%** | **15** | **42.8%** | **14** | **40%** |

**विश्लेषण**– तालिका क्रमांक 02 के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों में कौशल विकास का अध्ययन किया गया जिसके विश्लेषित तथ्यों के संदर्भ में संस्था प्रमुख

के आधार पर 20% उच्च, 40% सामान्य एवं 40% निम्न कौशल स्तर है। जबकि शिक्षकों के आधार पर 10% उच्च 50% सामान्य, 40% निम्न है, वहीं विद्यार्थियों के अनुसार 25% उच्च, 40% सामान्य, 35% निम्न है।

जानकारी संकलन के समस्त स्रोतों के कुल प्रतिदर्शों में से 17% कौशल विकास का स्तर उच्च, 42.8% सामान्य एवं 40% निम्न है।

**व्याख्या**– उपरोक्त विश्लेषण के आधार पर यह ज्ञात हुआ कि संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के उच्च माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के कौशल का स्तर सामान्य है।

**"शोध क्षेत्र के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्रों के कौशल विकास का स्तर सामान्य है।"**




**आरेख क्रमांक 01**

**तालिका क्रमांक–03**

**परिकल्पना (तालिका क्रमांक–02) के आधार पर**

| क्र. | जानकारी संकलन के स्रोत | न्यादर्श की संख्या | संगत प्रश्न | "शोध क्षेत्रांतर्गत शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्रों के कौशल का विकास स्तर सामान्य है।" | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | उच्च | | सामान्य | | निम्न | |
| | | | | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत | संख्या | प्रतिशत |
| 01 | संस्था प्रमुख | 05 | 1,2,7 | 03 | 60% | 01 | 20% | 01 | 20% |
| 02 | शिक्षक | 10 | 1,3,5 | 06 | 60% | 02 | 30% | 02 | 20% |
| 03 | विद्यार्थी | 20 | 3,4,5,6 | 08 | 40% | 07 | 35% | 05 | 25% |
| | **कुल योग** – 35 | | | **17** | **48.5%** | **10** | **28.5%** | **08** | **22.8%** |

**विश्लेषण**– तालिका क्रमांक–03 के विश्लेषित तथ्यों के आधार पर संस्था प्रमुखों के अनुसार 60% उच्च, 20% सामान्य, 20% निम्न कौशल के विकास का स्तर ज्ञात हुआ, जबकि शिक्षकों के अनुसार 60% उच्च, 30% सामान्य, 20% निम्न है। विद्यार्थियों के अनुसार 40% उच्च, 35% सामान्य एवं 25% निम्न है तथा कुल प्रतिदर्शों के आधार पर 48.5% संस्था प्रमुख, शिक्षक, विद्यार्थी मानते हैं कि कौशल विकास का स्तर उच्च है। 28.5% सामान्य एवं 22.8% निम्न स्तर है।

**व्याख्या**– तालिका क्रमांक 03 के विश्लेषण के आधार पर संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाओं के अनुसार यह ज्ञात होता है कि शहरी क्षेत्रों के उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में कौशल विकास का स्तर उच्च है।

**"शोध क्षेत्र के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्रों के कौशल विकास का स्तर सामान्य है।"**




**आरेख क्रमांक 02**

## परिकल्पना का सत्यापन एवं निरसन

**परिकल्पना क्रमांक 01**– "शोध क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में छात्रों के कौशल विकास का स्तर सामान्य है। "उक्त परिकल्पना के संदर्भ में तालिका क्रमांक–02 के संगत तथ्यों के विश्लेषण–व्याख्या से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के छात्रों में कौशल विकास का स्तर सामान्य है। अतः उक्त परिकल्पना सत्यापित होती है।

**परिकल्पना क्रमांक–02** "शोध क्षेत्रान्तर्गत शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों के छात्रों में कौशल विकास का स्तर उच्च है। "परिकल्पना क्रमांक 02 की तालिका 03 की सारणीयन, विश्लेषण, व्याख्या से स्पष्ट हुआ कि शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों के छात्रों में कौशल विकास का स्तर उच्च है। अतः उपरोक्त परिकल्पना सत्यापित होती है।

## निष्कर्ष

परिकल्पना के सत्यापन उपरांत प्राप्त निष्कर्ष इस प्रकार हैं–

1. शोध क्षेत्रांतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों में कौशल विकास का स्तर सामान्य है।

2. शोध क्षेत्रांतर्गत शहरी क्षेत्रों के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों में कौशल विकास का स्तर उच्च है।

3. विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के अवसर प्रदान कराए जाते हैं।

**सुझाव**– प्रस्तुत शोध में निम्नलिखित सुझाव प्रस्तुत किए गए हैं–

1. ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को कौशल विकास की योजनाओं के बारे में जागरूक किया जाय।

2. विद्यार्थियों की रुचि एवं क्षमता के अनुसार छात्रों के कौशल विकास के प्रयास किए जाएँ।

3. कौशल विकास के प्रति छात्रों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किए जाएँ।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. मदान, पूनम एवं गर्ग, सुषमा– "भारत में शिक्षा स्थिति, समस्यायें एवं मुद्दे" (बीएड–) 2016–17, नवीन संस्करण, पृष्ठ क्रं–07, अग्रवाल प्रकाशन, आगरा
2. ईसा, मो. फैसल एवं यादव, डॉ. सरोज (शोधार्थी), A study on Empact of woman Em- Powerment of rural development 2022, पृष्ठ क्रं–807, www-ijcrt.org; Volume–10, Issue 11, Number ISSN
3. "नई शिक्षा नीति से रोजगार और कौशल विकास में बढ़ेगी संभावना।" District dhar – https://dhar-nic-in
4. "क्षमता वृद्धि और कौशल विकास योजना", Krishna

Institute of medical science- https://kvv.edu.in

5. "भारत में व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विकास समस्या तथा समाधान"–Current affairs sanskriti IAS https://wwwsan&kritiis-com

6. अंसारी, रोशनजहाँ (2020–21), "रीवा जिले के रीवा विकासखण्ड में माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के स्वास्थ एवं दिनचर्या पर ऑनलाइन कक्षा के प्रभाव का अध्ययन", पृष्ठ कमांक–42, (शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रीवा म.प्र.

7. "दत्त, गौरव व महाजन, अश्विनी (2016)–"भारतीय अर्थव्यवस्था, "एस–चाँद एण्ड कम्पनी, दिल्ली, पृष्ठ संख्या–275

8. चौहान, रीता "शिक्षा मनोविज्ञान एवं सांख्यिकी'', पृष्ठ कमांक 516, प्रथम संस्करण (2014–15), अग्रवाल प्रकाशन, आगरा

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
**Paper Received : 7[nd] March 2026** **Paper Accepted : 10[th] March 2026**

# राष्ट्रीय चेतना के समर्थ कवि : मैथिली शरण गुप्त

□ डॉ. विजय लक्ष्मी*

## शोध-सारांश

गुप्त जी हिन्दी साहित्य में राष्ट्रकवि के रूप में प्रतिष्ठित हैं। उनके काव्य में स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा, भारत की सांस्कृतिक चेतना, स्त्री जागरण एवं सामाजिक सुधार की स्पष्ट अभिव्यक्ति मिलती है। विशेषतः उनकी कृति 'भारत भारती' ने भारतीय जनमानस को गौरव गान और आत्म मंथन की चेतना दी। साकेत और यशोधरा में नारी चरित्रों के माध्यम से राष्ट्र धर्म, त्याग और बलिदान की प्रेरणा का चित्रण हुआ है। यह शोध गुप्त जी की कविताओं में राष्ट्रीय चेतना के विभिन्न आयामों का विश्लेषण करता है तथा यह प्रमाणित करता है कि वे केवल साहित्यकार नहीं बल्कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के सांस्कृतिक वाहक भी थे। उनके काव्य में आज भी राष्ट्रीय अस्मिता और सामाजिक जीवन को दिशा देने की सामर्थ्य विद्यमान है।

***मुख्य शब्द*–** राष्ट्रीयता, साकेत, यशोधरा, पारिवेशिक, देश भक्ति।

## भूमिका

आधुनिक काल का भारतीय साहित्य राष्ट्रीय चेतना के जागरण का साहित्य रहा है। कभी मैथिली शरण गुप्त राष्ट्रीयता के प्रवर्तक नहीं थे, किंतु वे संवेदनशील थे। प्रजातंत्र राष्ट्र के संवेदनशील कवि होने के नाते उनकी रचनाओं में राष्ट्रीयता की भावना का होना स्वाभाविक है।

मैथिली शरण गुप्त ने संघर्ष और स्वतंत्रता का काल भी देखा था। साकेत की रचना राष्ट्रीय संघर्ष के दिनों में हुई, उस समय यह कल्पना करना कठिन था कि हमारा देश इतनी जल्दी स्वतंत्र हो जाएगा। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूर्व से लेकर पश्चिम तक समस्त भारत विदेशियों के विरुद्ध विद्रोह की भावना को लेकर जग पड़ा था। इस जन जागरण में हिंदी के कुछ लेखकों और कवियों में प्रेमचंद और मैथिली शरण गुप्त मुख्य हैं।

अपने समय की परिस्थिति और पारिवेशिक उथल–पुथल से कटकर कोई भी सहज साहित्यकार जी ही नहीं सकता। यह भी एक यथार्थ है कि तात्कालिकता को अपनी रचनाओं में ज्यादातर उन कवियों ने जिया है, जो देश अथवा राष्ट्र से प्रतिबद्ध होकर अपना रचना कर्म करते हैं। चाहे वे राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त हों या रामधारी सिंह दिनकर या उनकी परम्परा के अन्य राष्ट्रीय कवि हों, सबकी कविताओं में हमें तात्कालिकता से

* असिस्टेंट प्रोफेसर–हिन्दी विभाग, एकलव्य यूनिवर्सिटी, दमोह (उ.प्र)

स्पन्दित स्वर ही ज्यादा सुनाई देते हैं। कविता की यह तात्कालिकता की प्रवृत्ति केवल देश को ही नहीं बल्कि देश से बाहर के परिवेश को स्पंदित करती है।

**मैथिली शरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीयता**

राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त ने अपनी काव्य प्रतिभा से समस्त देश में घूम–फिर कर, लोगों को अपनी वास्तविक स्थिति समझाकर उनमें देश के प्रति भक्ति, सहयोग भावना, मातृभाषा प्रेम, समाज सुधार की प्रवृत्ति और पराधीनता के बंधन से मुक्त होने की कामना जगा दी। फलस्वरूप भारत के लोगों में एक नवीन चेतना का संचार हुआ। कवियों की लेखनी एक नए जोश व उत्साह के साथ भारत माता का स्तवन करने लगी।

**देशभक्ति**

राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की देशभक्ति प्रधान रचनाओं में 'भारत भारती' प्रमुख स्थान रखती है, इसमें भारत के अतीत गौरव, वर्तमान की दुर्दशा के वर्णन के साथ भविष्य के लिए उद्बोधन भी दिया गया है। स्वदेश संगीत और मंगल घट में संग्रहीत रचनाओं में भी देशभक्ति प्रधान रचनाएँ उपलब्ध होती हैं। 'हिन्दू' में भी कवि की देशभक्ति प्रकट है। देशभक्ति से अभिभूत भारत के महत्त्व की स्मृति में स्वयं पुलकित होता दिखाई पड़ता है–

"भू लोक का गौरव, प्रकृति का पुण्य लीला स्थल कहाँ?
फैला मनोहर गिरि हिमालय और गंगाजल जहाँ।
संपूर्ण देश से अधिक किस देश का उत्कर्ष है?
उसका कि जो ऋषि भूमि है वही? भारत वर्ष है।"

इस प्रकार की गरिमाओं से युक्त भारत देश सभ्यता एवं संस्कृति में दूसरे देशों से बढ़ा–चढ़ा था। साहित्य और कला–कौशल में इसकी बराबरी का कोई देश धरती पर नहीं था। इसके वीरों की बात का तो कहना ही क्या? कवि के शब्दों में–

थे कर्मवीर कि मृत्यु का भी ध्यान कुछ करते न थे।
थे युद्धवीर कि काल से भी हम कभी डरते न थे।
थे दानवीर कि देह का भी लोभ हम करते न थे।
थे धर्मवीर कि प्राण के भी मोह पर मरते न थे।

देशभक्ति की भावना से प्रेरित होकर कवि देशवासियों को जागरण का सन्देश देता है कि बहुत सो चुके हो आलस्य को त्याग कर अब भी सजग हो जाओ–

हे भाइयों! सोये बहुत अब तो उठो जागो अहो!
देखो जरा अपनी दशा, आलस्य को त्यागो अहो!
कुछ पार है, क्या क्या समय के उलट फेर न हो चुके!
अब भी सजग न होंगे क्या समय के उलट फेर न हो चुके।

कवि के मत में देश के उद्धार का भार युवकों पर निर्भर है, अतः वह संसार की गतियों, विसंगतियों को देख कर उनके उन्नयन में योगदान देने का उपदेश देता है–

हे नव युवाओं! देश भर की दृष्टि तुम पर ही लगी,
हे मनुज–जीवन की तुम्हीं में ज्योति सबसे जगमगी।
दोगे न तुम तो कौन देगा योग देशोद्धार में?
देखो कहाँ क्या हो रहा है आज कल संसार में?

संकीर्णता से ऊपर उठ कर भारत जैसे विशाल देश की एकता को सुरक्षित रखने की कवि की अभिलाषा असीम देशभक्ति की परिचायक है।

**मातृ भाषा प्रेम**

एक देशभक्त के लिए मातृ भूमि समान मातृ भाषा भी परम आराध्य है, गुप्त जी जैसे एक कवि का अपनी मातृभाषा के प्रति अभिमान होना स्वाभाविक ही है–

मेरा दुर्लभ देश आज यदि अवनति से आक्रांत हुआ,
अंधकार में मार्ग भूल कर भटक रहा है भ्रान्त हुआ।
तो भी भय की बात नहीं, भाषा पार लगावेगी,
अपने मधुर स्निग्ध नाद से उन्नत भाव जगावेगी।

भारत एक विशाल देश है। इसके विभिन्न प्रांतों में विभिन्न भाषाभाषी लोग रहते हैं। प्रत्येक प्रांत के लिए अलग भाषा के होते हुए भी सभी भारतीयों के विचार विनिमय के लिए एक भाषा जरूरी है। अति प्राचीन काल से सारे भारत में आर्य भाषा संस्कृत प्रचलित रही, वहीं भारत की सांस्कृतिक एकता को सुरक्षित रखती आई परंतु अंग्रेजों के आधिपत्य से अंग्रेजी भाषा के प्रचार के कारण उसमें व्याघात उपस्थित हुआ। देश की

एकता की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रभाषा का होना अति आवश्यक है। गुप्त जी ने अपने विचारों को निम्न प्रकार से अभिव्यक्त किया है–

है राष्ट्रभाषा भी अभी तक देश में कोई नहीं,
हम निज विचार जाना सकें जिससे परस्पर सब कहीं।
इस योग्य हिंदी है तदपि अब तक न निज पद पा सकी,
भाषा बिना भावैकता अब तक न हम में आ सकी।

## समाज सुधार

किसी भी समाज का विकास उस देश में निवास करने वाली जनता की सुख–सुविधा एवं प्रबुद्धता पर निर्भर रहती है। परतंत्र भारत के लिए इसकी अत्यधिक आवश्यकता थी। देशभक्त कवि की दृष्टि इस पर विशेष रूप से पड़ी।

### 1. कृषक सुधार

समाज के विकास में कृषकों की उन्नति, ग्राम उद्योग स्त्रियों का उन्नयन अति आवश्यक है। समाज को शिक्षित बनाने के लिए शिक्षा प्रचार व शिक्षा सुधार भी अति आवश्यक है। कवि के देशभक्त ह्रदय की अभिव्यक्ति इन बातों पर भी पर्याप्त मात्रा में हुई है। कृषि प्रधान भारत में कृषकों का पतन एवं उनकी दुर्दशा का उनके ह्रदय पर अत्यंत गहरा प्रभाव पड़ा है। "किसान के चित्रण में यह बात स्पष्ट रूप से व्यक्त होती है कि जन्म से लेकर मृत्यु तक निरंतर दुख में दिन व्यतीत करने वाले कृषकों का प्रतिनिधि के रूप में चित्रण हुआ है।'' कृषक के शब्दों में उसका दुख इस प्रकार है–

कड़ी धूप में तीक्ष्ण ताप से तन है जलता,
पानी बन कर नित्य हमारा रुधिर निकलता।
तदपि हमारे लिए यहां शुभ फल कब फलता?
रहता सदा अभाव, नहीं कुछ भी वश चलता।

भारत की अर्थ व्यवस्था कृषि पर निर्भर है, चूँकि भारत एक कृषि प्रधान देश है। ऐसे देश में जब तक कृषकों की दशा ही हीन होगी तो देश की उन्नति नहीं हो सकती–

जब अन्य देशों के कृषक सम्पति से भरपूर हैं,
लाते कि जिनसे आठ रूपया रोज के मजदूर हैं।
तब चार पैसे रोज ही पाते यहां कृषक अहो!
कैसे चले संसार उनका, किस तरह निर्वाह हो।?

कवि ने इस प्रकार का चित्र प्रस्तुत करके समाज सुधार की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया है।

### 2. नारी की उन्नति

कृषकों की तरह समाज में नारी को समान स्थान प्राप्त होना चाहिए। स्त्रियों की गुलामी की दशा में भारी परिवर्तन होना चाहिए। विलास की सामग्री से परे अर्धांगिनी के पद की सच्ची अधिकारिणी होनी चाहिए। कवि का राष्ट्र प्रेम इस दिशा में भी आकृष्ट हुआ है–

ऐसी उपेक्षा नारियों की जब स्वयं हम कर रहे,
अपना किया अपराध उनके शीश पर हैं धर रहे।
भागे न क्यों हमसे भला फिर दूर सारी सिद्धियाँ,
पाती स्त्रियां आदर जहाँ रहती वहीं सब रिद्धियाँ।

स्पष्ट है कि राष्ट्रप्रेमी कवि ने देश की उन्नति में स्त्रियों का ऊँचा स्थान माना है। और उसके लिए अपनी लेखनी भी चलाई है।

## शिक्षा प्रचार

अज्ञानपूर्ण एवं पतनोन्मुख समाज के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली जीवन संग्राम में विजय पाने के लिए अत्यंत उपयुक्त थी, किन्तु नए वातावरण में उसका आदर नहीं हो पाया। नई शिक्षा जो अंग्रेजों द्वारा चालू की गयी थी सुलभ भी नहीं थी। देश की शिक्षा सम्बन्धी यह दुर्दशा हमारे अतीत गौरव की दृष्टि से अत्यंत उपहास्य एवं दुखदायक थी। कवि के देश–प्रेम ने इस पर भी जोर डाला है–

"सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में,
शिक्षा बिना ही पढ़ रहे हैं आज हम अब क्लेश में।
शिक्षा बिना कोई कभी बनता नहीं सत्पात्र क्या,
शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है।"

शिक्षा प्रेमी कवि समाज के उत्थान के लिए समस्त लोगों की शिक्षा को अनिवार्य मानते हैं। विशेष स्त्री शिक्षा पर भारी जोर भी दिया है–

विद्या हमारी भी न तब तक काम में कुछ आएगी,
अर्धांगियों को भी सुशिक्षा दी न जब तक जाएगी।

सर्वांग के बदले हुई यदि व्याधि पक्षाघात की,
तो भी न क्या दुर्बल तथा व्याकुल रहेगा बात की?

समाज को शिक्षा प्रचार द्वारा प्रबुद्ध करने के लिए शिक्षितों के प्रति कवि ने निवेदन किया है कि–

"अपने अशिक्षित भाइयों का प्रेम पूर्वक हित करो,
उनकी समुन्नति से उन्हें उत्साह दृ परिचित करो।"

**धार्मिक सहिष्णुता**

एक समाज के विभिन्न धर्म को मानने वालों के बीच सहिष्णुता एवं सहयोग भावना होने की आवश्यकता पर भी कवि ने प्रकाश डाला है। असहिष्णुता उनके लिए असहनीय थी, यथा–

''आक्षेप करना दूसरों पर धर्म निष्ठा है यहाँ,
पाखण्डिओं ही की अधिकतर अब प्रतिष्ठा है यहाँ।
हम आड़ लेकर धर्म की अब लीन हैं विद्रोह में,
मत ही हमारा धर्म है, हम पड़ रहे हैं मोह में।"

गुप्त जी ने पाखंडियों के प्रति अपनी असहिष्णुता दिखा कर आदर्श समाज–व्यवस्था के प्रति अपनी इच्छा व्यक्त करके देशभक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया है। हरिजनों में उद्धार के कार्य में भी उनकी विशेष अभिरुचि है। गुप्त जी की दृष्टि सर्व धर्म संभाव की है। ईश्वर तो एक है किन्तु उसके नाम और चरित्र अनेक हैं। कोई निर्गुण को मानता है किसी का विश्वास सगुन ईश्वर में है, यथा–

"प्रभु एक किन्तु असंख्य उनके नाम और चरित्र हैं,
तुम शैव, हम वैष्णव इसी से हा भाग्य! अमित्र हैं।
तुम ईश को निर्गुण समझते, हम सगुण भी जानते,
हा! अब इसी से हम परस्पर शत्रुता हैं मानते।"

**हिंदुत्व**

समाज सुधार में हिन्दू समाज के प्रति कवि का विशेष आकर्षण है। गुप्त जी हिन्दू ने धर्म को सच्चा सनातन धर्म माना है, हिन्दू धर्म एक ऐसा धर्म है जो संसार में सबके लिए एक समान मान्य है, यथा–

हिन्दू सनातन धर्म के ऐसे पवित्र विधान हैं,
संसार में जो सबके लिए मान्य एक समान है।
धृति, शांति, शौंच, दया, क्षमा, शम, दम, अहिंसा, सत्यता,
पर हाय! इनमें किसी का आज हम में है पता?

कवि की राष्ट्र भावना का रूप केवल अपने देश के उद्धार में ही सीमित नहीं रहता, अपितु वह विश्व व्यापी है। कवि के अनुसार हिन्दू समाज के मूल में भी यही आदर्श है, यथा–

''तुम हो विश्व कुटुम्बी आर्य हों तद्रुप तुम्हारे कार्य,
प्रेम, देश को करके पार, करे विश्व में पुनः प्रसार।
करके पहले आत्मानुसार, कर लो भारत का उद्धार,
फिर लोकोपकार में लीन, विचरों सभी कहीं स्वाधीन!"

**नशेबाजी**

समाज का स्वास्थ्य और समृद्धि उसके लोगों के चरित्र से संबद्ध रहता है। देश प्रेमियों को इसके प्रति विशेष आस्था भी है। राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जी जो सदैव अपने राष्ट्र के उत्थान के प्रति सचेष्ट हैं, उनका ध्यान समाज में प्रचलित नशेबाजी की तरफ भी गया है। उन्होंने इसके प्रभावी चित्र प्रस्तुत किये हैं–

"दो चार आने रोज के भी जो कुली मजदूर हैं,
संध्या समय वे भी नशे में दीख पड़ते चूर हैं।
मर जाएं चाहे बाल–बच्चे भूख के मारे सभी,
पर छोड़ सकते हैं नहीं, उस दुर्व्यसन को वे कभी।"

कवि के समाज सुधारक दृष्टिकोण का उत्तम निदर्शन है। समाज की समृद्धि, उसके उद्योग धंधों से होती है। अतः ग्रामोद्योग में रुचि दिखाने के साथ कवि ने अपनी लेखनी द्वारा इस दिशा में काफी प्रोत्साहन दिया है। इस प्रकार एक सच्चे राष्ट्रकवि के रूप में समाज के सर्वांगीण विकास के लिए गुप्त जी का योगदान कम महत्त्वपूर्ण नहीं है।

**बंधन मुक्ति की अभिलाषा**

पराधीनता के बंधन में पड़ी जनता के वक्ता के रूप में देशप्रेमी कवि ने अपनी वाणी मुखरित की है। उनमें अंधकार से बाहर निकलने और स्वच्छ वातावरण में स्वतंत्रता की श्वांस लेने की अदम्य अभिलाषा की अभिव्यक्ति सर्वथा विद्यमान है–

शासन किसी पराजित का चाहे विशेष विशिष्ट हो,
संभव नहीं है किन्तु जो सर्वांश में वो इष्ट हो।

राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त जी के काव्य में

जीवन के राष्ट्रीय, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आर्थिक, नैतिक सभी पहलुओं का चित्रण हुआ है। एक ओर राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न रूप और जन आंदोलन हैं. दूसरी ओर सामाजिक जीवन के सभी पक्ष भी उनके काव्य के विषय बने हैं। गुप्त जी का काव्य एक राष्ट्र के इतिहास व्यापी जातीय जीवन का समग्र चित्र प्रस्तुत करता है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. मैथिली शरण गुप्त—कवि और भारतीय संस्कृति के प्रख्याता, डॉ. उमाकांत
2. मैथिली शरण गुप्त—प्रासंगिकता के अंतः सूत्र, कृष्णकांत पॉलीवाल
3. चिंतन के क्षण, डॉ. विजयेंद्र स्नातक
4. साकेत, मैथिली शरण गुप्त
5. भारत भारती, मैथिली शरण गुप्त
6. किसान, मैथिली शरण गुप्त
7. स्वदेश संगीत, मैथिली शरण गुप्त

SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 7.778
Paper Received : 7th March 2026 Paper Accepted : 10th March 2026

# 1857 की क्रान्ति और मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी

□ डॉ. फ़ैज़ान अहमद*

**शोध-सारांश**

1857 ई. की क्रान्ति को भारत का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम माना जाता है। इस क्रान्ति का उद्देश्य अत्याचारी और दमनकारी अंग्रेज़ी शासन को भारत से उखाड़ फेंकना था। इस क्रान्ति में अनेक विद्वानों तथा धार्मिक नेताओं ने भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें मौलाना फ़ज़ले हक् ख़ैराबादी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

मौलाना फ़ज़ले हक् ख़ैराबादी एक प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान, दार्शनिक, साहित्यकार और न्यायविद् थे। उन्होंने 1857 ई. की क्रान्ति के दौरान अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध संघर्ष को वैचारिक और धार्मिक समर्थन प्रदान किया। उन्होंने एक महत्त्वपूर्ण फ़तवा जारी किया, जिसमें अंग्रेज़ों के विरुद्ध 'जिहाद' का आह्वान किया गया। इस फ़तवे ने अनेक लोगों को अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध संघर्ष के लिए प्रेरित किया और क्रान्ति को वैचारिक बल प्रदान किया। क्रान्ति के असफल होने के बाद अंग्रेज़ सरकार ने मौलाना ख़ैराबादी को गिरफ़्तार कर लिया और उन्हें कठोर दण्ड देते हुए अण्डमान की जेल में निर्वासित कर दिया। वहाँ उन्हें अनेक अमानुषिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

***मुख्य शब्द***– 1857 की क्रान्ति, इस्लामी विद्वान और प्रतिरोध, देश प्रेम की भावना, फ़तवा–ए–जिहाद, जेल में यातनाएं, साहित्यिक कार्य।

**प्रस्तावना**

अंग्रेज़ों ने भारत की ख़ूबसूरत फ़िज़ाओं में ऐसा ज़हर घोला कि हर तरफ़ ज़ुल्म और यातनाओं का दौर शुरू हो गया। अंग्रेज़ों की गुलामी ने भारतीयों को इस तरह जकड़ा कि लोग हर तरफ़ डरे और सहमें नज़र आते थे। मगर हमारे देश के कई वीरों को उस गुलामी का एहसास भी हुआ। इसके बाद उन वीरों ने 1857 ई. में 'भारत का पहला स्वतन्त्रता संग्राम' छेड़ दिया। इस स्वतन्त्रता संग्राम में कई ऐसे वीर हुए जिन्होंने स्वतन्त्रता की बलि वेदी पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्हीं वीरों में से एक थे– मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी।

मौलाना फ़ज़ले हक् ख़ैराबादी एक प्रसिद्ध दार्शनिक, शायर, धार्मिक विद्वान तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे। उनका जन्म 1797 ई. में तत्कालीन

* प्रोफ़ेसर (राजनीति विज्ञान) एवं कार्यवाहक प्राचार्य, जी.बी.पन्त (पी.जी.) कॉलेज, कछला, बदायूँ (उ.प्र.)
e-mail-gbpantdegreecollege@gmail.com, Mob.- 9412368300

अवध प्रान्त के सीतापुर ज़िले के ख़ैराबाद क़स्बे में हुआ था। उनके पिता का नाम मौलाना फ़ज़ले इमाम था। उनके पिता 'सद्र–उस–सुदूर' के उच्च पद पर रह चुके थे, जो धार्मिक मामलों के सम्बन्ध में मुग़लों के मुख्य सलाहकार थे। इनके पूर्वज ईरान से भारत आए थे, जो पहले बदायूँ के हरगाँव और अन्त में सीतापुर के ख़ैराबाद क़स्बे में जाकर बस गए। अपने कई समकालीनों के विपरीत उन्होंने कभी भी किसी अरब या मध्य एशियाई वंश का होने के नाते 'जातीय श्रेष्ठता' का दावा नहीं किया।

मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी ने प्रारम्भिक शिक्षा अपने पिता से प्राप्त की, फिर दिल्ली आकर शाह शमसुद्दीन, शाह अब्दुल अज़ीज़ देहलवी और शाह अब्दुल क़ादिर मुहद्दिस देहलवी जैसे विद्वानों से उच्च शिक्षा प्राप्त की। उनकी याददाश्त अद्भुत थी। उन्होंने चार महीने से कुछ अधिक समय में क़ुरान को कंठस्थ कर लिया और तेरह साल की उम्र तक अरबी, फ़ारसी, उर्दू और धार्मिक अध्ययन का पाठ्यक्रम भी पूरा कर लिया था। इस्लामी अध्ययन और धर्मशास्त्र के विद्वान होने के अलावा वह एक साहित्यिक व्यक्तित्त्व भी थे, ख़ासकर उर्दू, अरबी और फ़ारसी साहित्य के। उनके गहन ज्ञान और विद्वता के कारण उन्हें 'अल्लामा' कहा जाता था। बाद में उन्हें एक 'महान् सूफ़ी' के रूप में सम्मानित किया गया। उन्हें 'इमामें हिकमत और कलाम' (तर्क, दर्शन और साहित्य का इमाम) की उपाधि से भी सम्मानित किया गया था। उन्हें 'फ़तवा' (धार्मिक निर्णय) जारी करने का एक उच्च श्रेणी का विद्वान प्राधिकारी माना जाता था। उस दौर के उच्च स्तर के लोग उनके साथ अपने क़रीबी रिश्ते बनाए हुए थे। बहादुरशाह 'ज़फ़र', मिर्ज़ा ग़ालिब, शेख़ मोहम्मद इब्राहीम 'ज़ौक़', मोमिन ख़ाँ 'मोमिन', मुफ़्ती सदरुद्दीन आज़ुर्दा और सहबाई आदि हस्तियों से उनका दोस्ताना था। मिर्ज़ा ग़ालिब कभी–कभी अपनी शायरी में मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी से सुधार भी करवाया करते थे।

मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी अपनी शिक्षा पूरी करने के पश्चात् ख़ैराबाद में ही अध्यापन कार्य करने लगे और फिर 1816 ई. में मात्र उन्नीस वर्ष की आयु में ब्रिटिश सरकार की नौकरी कर ली। इसके बाद उन्हें दिल्ली के सिविल कोर्ट में उप न्यायाधीश (जज) पद पर नियुक्त किया गया। लेकिन एक समय ऐसा भी आया जब इन्होंने अंग्रेज़ों की ग़ुलामी नहीं करने का मन बना लिया और फिर 1831 ई. में सरकारी नौकरी छोड़ दी। इसके बाद वे अपना अधिकांश समय विद्वानों के साथ बिताने लगे।

मुग़ल बादशाह के साथ अन्य दरबारों में भी दी सेवाएं– मुग़ल बादशाह बहादुरशाह 'ज़फ़र' के आमन्त्रण पर मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी ने उनकी अदालत में 'मुफ़्ती' के रूप में अपनी सेवाएं दीं। हालाँकि कुछ समय बाद उन्होंने बादशाह की नौकरी छोड़कर झज्जर के नवाब की सेवा करने का फ़ैसला किया। मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी के दूर होने से बादशाह बहादुरशाह 'ज़फ़र' को गहरा दुःख पहुँचा था, जिसका इज़हार उन्होंने मौलाना से किया भी था। इसके कुछ समय बाद ही झज्जर के नवाब की मौत हो गई तो फिर वे वैलूर, सहारनपुर, टोंक और रामपुर रियासतों में चले गए और वहाँ पर उन्होंने उच्च पदों पर कार्य किया। अवध में आप 'सद्र–उस–सुदूर' के पद पर नियुक्त हुए। 1856 ई. में देशी रियासतों पर ब्रिटिश सरकार के अवैध कब्ज़े के बाद मौलाना अलवर के राजा विनय कुमार के निमन्त्रण पर अवलर चले गए और वहाँ लगभग डेढ़ साल तक नौकरी की। मेरठ में क्रान्ति के विस्फोट का समाचार पाकर आप पहले तो अलवर में ही अंग्रेज़ विरोधी प्रचार करते रहे, फिर मुग़ल बादशाह बहादुरशाह 'ज़फ़र' के आमन्त्रण पर दिल्ली के लिए प्रस्थान किया।

1857 ई. की क्रान्ति में भूमिका– मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी 16 अगस्त 1857 ई. को बहादुरशाह 'ज़फ़र' के दरबार में पहुँचे। बादशाह ने आपको त्रिसदस्यीय परिषद में जनरल बख़्त ख़ाँ

और सरफ़राज़ अली के साथ मनोनीत किया। बादशाह का हकीम अहसन उल्लाह आपके दिल्ली आने से प्रसन्न नहीं था, क्योंकि वह दिल से अंग्रेज़ों का समर्थक था। आपके कहने पर ही बादशाह बहादुरशाह 'ज़फ़र' ने तमाम देशी रियासतों के शासकों को क्रान्ति में सहयोग देने के लिए पत्र लिखे थे। मौलाना ने बादशाह बहादुरशाह 'ज़फ़र' और जनरल बख़्त ख़ाँ से परामर्श करके अंग्रेज़ों के विरुद्ध 'फ़तवए–जिहाद' दिया और ब्रिटिश ग़ुलामी को 'हराम' करार देते हुए मुसलमानों को अंग्रेज़ों के विरुद्ध युद्ध करने का फ़रमान जारी कर दिया। इस 'फ़तवा' पर मौलाना के अलावा दिल्ली के 'सद्र–उस–सुदूर' मुफ़्ती सदरुद्दीन आज़ुर्दा, शाह अब्दुल क़ादिर देहलवी, काज़ी फ़ैज़ुल्लाह देहलवी, मौलाना फ़ैज़ अहमद बदायूँनी, मौलवी वज़ीर ख़ाँ अकबराबादी और सैयद मुबारकशाह रामपुरी ने स्वेच्छा से हस्ताक्षर किए थे।

मौलाना फ़ज़्ले हक़ ख़ैराबादी के 'फ़तवए–जिहाद' का व्यापक असर हुआ। इस 'फ़तवा' ने 1857 ई. की क्रान्ति की चिंगारी को आग बनाने का काम किया था। इसको उस समय के कुछ अख़बारों ने प्रकाशित भी किया था, जिसने व्यापक तौर पर मुसलमानों को इस क्रान्ति में कूदने के लिए उत्साहित भी किया। क्रान्ति की प्रारम्भिक सफलता के बाद मौलाना फ़ज़्ले हक़ ख़ैराबादी ने बादशाह बहादुरशाह 'ज़फ़र' के अनुरोध पर स्वतन्त्र भारत के पहले संविधान का मसौदा भी तैयार किया था। उनके धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण की प्रशंसा करते हुए डॉ. धर्मेन्द्र नाथ ने लिखा है कि ''मौलाना ने स्वतन्त्र सरकार का संविधान भी बनाया था, जिसकी प्रथम धारा थी कि बादशाह के पूरे राज्य में कहीं भी गोवध नहीं होगा।''[1]

हालाँकि 1857 ई. की क्रान्ति में हर धर्म के मानने वाले क्रान्तिवीरों ने भाग लिया था। इन क्रान्तिवीरों की वीरता को देखते हुए अंग्रेज़ों के पैरों के नीचे से ज़मीन खिसक गई थी। लेकिन कई कारणों से 1857 ई. की क्रान्ति सफल नहीं हो सकी। अंग्रेज़ों ने 19 सितम्बर 1857 ई. को दिल्ली पर पुनः अधिकार कर लिया। उस समय मौलाना और उनका परिवार दिल्ली में ही थे। 'फ़तवा' के बाद से ही अंग्रेज़ों ने उनकी तलाश शुरू कर दी थी। दिल्ली से निकल कर किसी तरह बचते–बचाते वह भीखनपुर (अलीगढ़) पहुँचे, फिर वहाँ से अवध पहुँचे। जब रानी विक्टोरिया द्वारा आम माफ़ी की घोषणा हुई तो मौलाना भी अपने घर ख़ैराबाद पहुँचे। कुछ विरोधियों ने मुख़बिरी कर दी। ब्रिटिश शासन ने उन्हें 3. जनवरी 1859 ई. को बन्दी बना लिया। वह ख़ैराबाद से लखनऊ लाए गए, जहाँ उन पर मुक़दमा चलाया गया।

**मुक़दमें की कार्यवाही**– मौलाना फ़ज़्ले हक़ ख़ैराबादी पर ब्रिटिश अदालत में अंग्रेज़ों के विरुद्ध 'जिहाद का फ़तवा' देने तथा 1857–1858 ई. के बीच प्रमुख क्रान्तिकारी नेता होने और दिल्ली, अवध एवं अन्य क्षेत्रों के लोगों को क्रान्ति के लिए उकसाने व अंग्रेज़ों की हत्या करने जैसे कई संगीन आरोप लगे। मौलाना पर खुली अदालत में मुक़दमा चलाया गया। इस मुक़दमें में उन्होंने अपना कोई भी वकील नियुक्त नहीं किया था, बल्कि खुद अपने मुक़दमें पर बहस की थी। कहा जाता है कि इस मुक़दमें में जज भी मौलाना का शागिर्द था। उसे मौलाना ने जज का प्रशिक्षण दिया था। वह मौलाना से हमदर्दी रखता था। गवाहों ने भी मौलाना को पहचानने से इनकार कर दिया था। इस प्रकार मौलाना फ़ज़्ले हक़ ख़ैराबादी के पास अपने आप को निर्दोष साबित करने का पूरा मौक़ा था। लेकिन उन्होंने भरी अदालत में अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कहा कि ''मेरे ख़िलाफ़ गवाह की लिखवाई हुई रिपोर्ट सच है। मैं इस बात को कबूल करता हूँ कि अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ जिहाद करने का फ़तवा मेरे द्वारा ही लिखा हुआ है। मेरे ही मशवरे से अन्य उलेमा ने उस पर दस्तख़त किए थे। मुझे ख़ुदा को मुँह दिखाना है। मज़हब के मामले में मैं ग़लत बात नहीं बोल सकता। मैं दिल से अंग्रेज़ों का दुश्मन हूँ,

जिन्होंने हिन्दुस्तान को ग़ुलाम बनाने की कोशिश की है। मैं ग़ुलामी की ज़िन्दगी से आज़ादी की मौत को अच्छा समझता हूँ।''[2] अदालत में मौजूद सभी लोग मौलाना का बेबाक और सच्चा बयान सुनकर दंग रह गए।

आरोपों को स्वीकार कर लेने के बाद न्यायालय द्वारा मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी को 'कालापानी' (अण्डमान निकोबार द्वीप) में आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई। इसके साथ ही उनकी सारी सम्पत्ति को ज़ब्त करने का भी हुक्म जारी कर दिया गया। वह 8 अक्टूबर 1859 ई. को स्टीमर 'फ़्रिगेट फ़ायर क़्वीन' पर सवार होकर अण्डमान निकोबार द्वीप स्थित 'सेलुलर जेल' पहुँचे। वहाँ पर उन्हें बहुत ही कठोर और अमानवीय यातनाएं सहनी पड़ीं। मौलाना को जेल से छुड़वाने के लिए उनके बेटे मौलाना अब्दुल हक़ ने भरपूर कोशिश की। उन्होंने 'प्रिवी कौंसिल' (लन्दन) में उनकी रिहाई के लिए अपील भी की। अपने प्रयास में उन्हें सफलता भी मिली, लेकिन जब मौलाना अब्दुल हक़ 'प्रिवी कौंसिल' से अपील जीतकर उनकी रिहाई का आदेश लेकर अण्डमान निकोबार द्वीप पहुँचे तो उनके पिता का जनाज़ा निकल रहा था। 2. अगस्त 1861 ई. में मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी की 'सेलुलर जेल' में मृत्यु हो गई। अण्डमान के दक्षिणी भाग में आज भी उनकी कब्र मौजूद है। प्रत्येक वर्ष 12 फ़रवरी को 'अण्डमान और निकोबार वक्फ़ बोर्ड' उनकी याद में शहर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता है और द्वीप वासियों को उनके निःस्वार्थ जीवन के मार्ग पर चलने और उनके संदेशों को प्रसारित करने की प्रेरणा देता है।

जेल में यातनाएं– मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी अण्डमान निकोबार द्वीप की 'सेलुलर जेल' में 'आजन्म कालापानी' की सज़ा के दौरान लगभग 22 महीने तक क़ैद में रहे। वहाँ पर उन्होंने अरबी में क़सीदा (छन्द) के रूप में कई प्रत्यक्षदर्शी विवरण लिखे। इसके अलावा उन्होंने अरबी में एक पुस्तक 'अलसूरत–उल–हिंदिया' भी लिखी, जो 1857 ई. की क्रान्ति और घटनाओं का एक महत्त्वपूर्ण विश्लेषण है। यह 1857 ई. की घटनाओं पर लिखी गई पहली पुस्तक भी है। इस पुस्तक को उन्होंने कोयले से कागज़ पर लिखा था जिसे जेल से छूटने वाले उनके साथी मुफ़्ती इनायत उल्लाह अपने साथ ले आए थे और उनके बेटे मौलाना अब्दुल हक़ को सौंप दिया। मौलाना अब्दुल हक़ ने बाद में इस पुस्तक का 'बाग़ी हिन्दुस्तान' के नाम से उर्दू अनुवाद भी कराया।

मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी ने अपनी 'कालापानी की सज़ा' का विवरण अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'अलसूरत–उल–हिंदिया' में लिखा है, जिसका संक्षिप्त अनुवाद इस प्रकार है– ''मुझे अण्डमान में एक ऐसे ख़ौफ़नाक ऊँचे पहाड़ पर पहुँचा दिया गया जहाँ का मौसम, आबो हवा किसी भी तरह से किसी भी इन्सान को स्वस्थ रहने नहीं देती थी। वहाँ सूरज हमेशा सर पर ही रहता था। वहाँ ऐसे कठिन रास्ते और ऊँची–नीची वादियाँ थीं, जिन्हें कभी भी दरिया अपने लपेटे में ले लिया करता था। वहाँ सुबह की हवा बहुत तेज़ और चुभने वाली हुआ करती थी। वहाँ की हर नेमत और ग़िज़ा बहुत ज़्यादा कड़वी और पानी सांपों के ज़हर से भी ज़्यादा नुक़सान पहुँचाने वाला था। वहाँ की हवा बदबूदार और बीमारियों का अम्बार लिए हुई थी। बीमारियाँ बेशुमार फैली हुई थीं। खुजली, खाल फटने और छिलने की बीमारी आम बात थी। बुख़ार मौत का पैग़ाम हुआ करता था। बीमारियों के इलाज में सेहत की कोई उम्मीद नहीं थी। ईसाई डाक्टर बीमारी पहचाने बग़ैर दवा पिलाकर मौत के क़रीब पहुँचा देता था।''[3]

जब मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी अण्डमान पहुँचे तो काकोरी के मुफ़्ती इनायत उल्लाह, दरियाबाद के मुफ़्ती मज़हर करीम व अन्य कई उलेमा पहले से ही वहाँ मौजूद थे। वे लोग जंगल साफ़ करने, दलदल भरने और अन्य कड़ी मेहनत में लगे हुए थे, जो उन्होंने अपने जीवन में पहले

Journal Starting Year-**2015**, Frequency- **Quarterly**, Subject- **Multidisciplinary**, Language-**Hindi & English**, Publishers- **Sushil Kumar Kushwaha,** Publishing Body- **G.H. Publication**, Prayagraj, U.P.-211003 (India), Email Id:- **ghpublication@gmail.com, Mob.: 9532481205, 9807520344**

कभी नहीं किया था। उन्हें टपकती छत के नीचे या खुले में मच्छरों के झुण्ड के बीच रहना पड़ता था। मौलाना ने अण्डमान में बहुत कष्ट सहे। वह लिखते हैं कि ''मुझे गिरफ़्तार करके अंग्रेज़ एक जेल से दूसरी जेल और एक कठिन भूमि से दूसरी कठिन भूमि पर ले गए। उन्होंने मुझे एक के बाद एक दर्द दिया और यातनाएं दीं। उन्होंने मेरे जूते और पोशाक उतार दिए और मुझे मोटे और खुरदुरे कपड़े पहना दिए। उन्होंने मेरा मुलायम बिस्तर छीन लिया और मेरे लिए बिछौना बिछा दिया। उन्होंने मेरे लिए न तो एक कटोरा छोड़ा, न लोटा और न ही कोई अन्य बर्तन। उन्होंने मुझे मसली हुई दाल खिलाई और गर्म पानी पिलाया। मेरे दुर्बल शरीर तथा वृद्धावस्था के बावजूद भी मुझे सदैव ऐसे नीच और शर्मनाक व्यवहार का सामना करना पड़ा।''[4]

मौलाना फ़ज़्ले हक़ ख़ैराबादी आगे लिखते हैं कि ''जब जेल में कोई क़ैदी मर जाता है तो गंदा सफ़ाई करने वाला जमादार शव को एक पैर से घसीटता है और बिना स्नान या कफ़न के उसके सारे कपड़े उतार देता है और शव को रेत के ढ़ेर के नीचे दबा देता है। न तो उसके लिए कब्र खोदी जाती है, न ही मृतक की नमाज़ पढ़ी जाती है और न ही उसके मृत शरीर को अग्नि दी जाती है।''[5] मौलाना अपने बारे में बताते हैं कि उनका पूरा शरीर घावों से छलनी हो गया था और घाव से दर्द बढ़ते गए, जिससे उनकी आत्मा द्रवित हो उठी। उन्होंने लिखा है कि ''अगर इस्लाम धर्म में आत्महत्या जायज़ होती तो ऐसे जीने से मर जाना बेहतर होता।''[6] दिल को दहला देने वाले ऐसे अमानवीय अत्याचारों का उल्लेख उन्होंने अरबी भाषा में लिखी गई अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'अलसूरत–उल–हिंदिया' में किया है।

अण्डमान जेल की कठोर यातनाओं को सहते हुए मौलाना बहुत बीमार रहने लगे थे और कमज़ोर भी हो गए थे। जेल अधिकारियों द्वारा उस महान् विद्वान और स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी की ड्यूटी क़ैदियों की बैरकों के कूड़ा–करकट की सफ़ाई करने पर लगाई गई थी। मौलाना ने उसी को अपना मुक़द्दर समझ लिया था। उस जेल का तत्कालीन जेल अधीक्षक कैप्टन जॉन हॉटन भी साहित्य का बहुत शौक़ रखता था। उसने फ़ारसी भाषा में एक पुस्तक भी लिखी थी। उसने एक अन्य मौलवी क़ैदी को वह पुस्तक सुधार करने को दी। वह मौलवी उस पुस्तक में कुछ भी सुधार नहीं कर सके। लेकिन उन मौलवी को यह मालूम हो चुका था कि मौलाना फ़ज़्ले हक़ ख़ैराबादी एक उच्च स्तर के आलिम (विद्वान) हैं। वह मौलवी साहब उस पुस्तक को लेकर मौलाना ख़ैराबादी के पास पहुँच गए तथा उनसे उस पुस्तक में सुधार करने का निवेदन किया। डॉ. धर्मेन्द्र नाथ ने लिखा है कि ''मौलाना ख़ैराबादी ने उस पुस्तक में बहुत अच्छा सुधार किया और किनारे पर समीक्षात्मक टिप्पणियाँ लिख दीं। जब कैप्टन जॉन हॉटन को वह पुस्तक प्राप्त हुई तो वह बहुत प्रसन्न हुआ। वह तुरन्त उनसे मिलने उनकी बैरक में गया। उसने देखा कि एक बूढ़ा आदमी सिर पर कूड़े–करकट की भारी टोकरी लेकर आ रहा है। उनकी हालत को देखकर हॉटन की आँखों में आँसू आ गए। उसने तुरन्त मौलाना ख़ैराबादी को अपनी निगरानी में ले लिया और उन्हें मुहर्रिर का काम दिलवा दिया।''[7] आप ने जेल में भी अपना लेखन कार्य जारी रखा।

**देश प्रेम की भावना**– सोने की चिड़िया रूपी हिन्दुस्तान से अंग्रेज़ धन–दौलत तो लूट ही रहे थे, साथ ही हिन्दू और मुस्लिम धर्म की पवित्र आस्थाओं और उसूलों को बर्बाद करने पर तुले हुए थे। उन्होंने यहाँ की हिन्दू–मुस्लिम एकता और भाई–चारे की परम्परा को ख़त्म करने की मुहिम छेड़ रखी थी, ताकि इसमें सफल होकर वे सरलता से यहाँ के धन–दौलत को लूट सकें और पूरे हिन्दुस्तान पर कब्ज़ा जमा सकें। मौलाना फ़ज़्ले हक़ ख़ैराबादी इन्हीं कारणों से अंग्रेज़ों से नफ़रत करते थे। उनके दिल में अपने देश को आज़ादी दिलाने का जज़्बा दिन–रात विराजमान रहता था।

अपने देश को ग़ुलामी से छुटकारा दिलाने के लिए वह जगह–जगह भाषण देते और लोगों को क्रान्ति में भाग लेने के लिए प्रेरित करते थे। मौलाना की धार्मिक हैसियत और देश पर मर मिटने के सच्चे जज़्बे को देखकर हज़ारों लोग उनके हुक्म पर अपनी जान क़ुर्बान करने को तैयार हो गए।

मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी को अंग्रेज़ों के विरुद्ध लड़ाई में हार और जीत से कोई सरोकार नहीं था। उनका उद्देश्य तो उस समय तक अपने देश के लिए लड़ना था, जब तक कि देश आज़ाद न हो जाए अथवा अपनी जान न चली जाए। प्रसिद्ध पत्रकार रवि पाल ने मौलाना की वीरता और साहस की प्रशंसा करते हुए लिखा है कि ''उनके अन्दर हिम्मत और साहस इतना ज़्यादा था कि उन ज़ालिम फ़िरंगियों की अदालत में उन्होंने अपनी पैरवी के लिए कोई भी वकील नहीं किया। सरकारी वकील से उन्होंने खुद ही बहस की। उन्हें फ़िरंगियों के ख़िलाफ़ अपने किए हुए का न तो कोई ग़म था और न ही कोई डर। वह अपने आप में पूरी तरह सन्तुष्ट थे। यहाँ तक कि अंग्रेज़ जज भी उनकी हैसियत, उनकी सच्चाई और उनके देश प्रेम से बहुत प्रभावित था। इस महान् क्रान्तिकारी को हिन्दुस्तान से इतनी ज़्यादा मोहब्बत थी कि उसने अपने ऊपर लगाया गया इल्ज़ाम फ़िरंगी अदालत में बुलन्द आवाज़ से क़बूल कर लिया। अदालत में मौजूद सभी लोग मौलाना का बेबाक और सच्चा बयान सुनकर हैरत में पड़ गए।[8] उस समय मौलाना के चेहरे पर अपने मुल्क से वफ़ादारी की मुस्कान खेल रही थी। हालाँकि वह इस 'इक़बाले जुर्म' के पीछे छुपी हुई 'सज़ा–ए–मौत' अथवा अनगिनत तकलीफ़ों, परेशानियों आदि को अच्छी तरह से जानते थे।

मौलाना ने अपने देश के साथ वफ़ादारी और सच्ची मुहब्बत निभाकर पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल क़ायम कर दी। हिन्दुस्तान के इतिहास में ऐसे देश प्रेमी कम ही होंगे जिन्हें आज़ादी की चिन्ता न केवल अपने जीवन में, बल्कि इस नश्वर संसार से जाने के बाद भी रही हो। मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी ने अपने जीवन के आख़िरी समय में यह वसीयत की थी कि ''जब फ़िरंगी हिन्दुस्तान की धरती से टल जाएं तो मेरी कब्र पर उसकी ख़बर कर दी जाए।''[9] स्पष्ट है कि मौलाना का देश प्रेम बहुत उच्च कोटि का था।

**साहित्यिक कार्य**– मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी अरबी, फ़ारसी और उर्दू के एक उच्च कोटि के विद्वान थे। उन्होंने इस्माइल देहलवी की 'तक़वीयत–उल–ईमान' का खण्डन करते हुए 'तहक़ीकुल फ़तवा फ़ी इब्ताल अल तक़वा' लिखा। उनकी पुस्तकों में प्रमुख हैं– 'अल हदयतुस सईदिया' तथा 'अलसूरत–उल–हिंदिया' (बाग़ी हिन्दुस्तान)। उन्होंने अपनी शायरी को एक नया मिजाज़ बख़्शा है। उन्होंने अपने कलामों में अहसास व जज़्बात का बेहद इज़हार किया है। आज़ादी का अमृत महोत्सव, भारत सरकार की वेबसाइट पर मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी की प्रशंसा में लिखा गया है कि ''वह श्रद्धेय मौलाना फ़ज़ले इमाम के एक उत्कृष्ट पुत्र थे। उन्होंने अपने धन्य पिता की सेवा में अक़लिया और नक़लिया दोनों विषयों का अध्ययन किया। क़लम की ज़ुबान ने उनकी विशेषज्ञता को देखते हुए उन्हें 'प्राइड ऑफ़ द फ़ैमिली' लिखा, लेकिन जब गहराई से सोच कर उनके कार्यों की खोज की तो उन्हें 'प्राइड ऑफ़ द वर्ल्ड' पाया।[10] उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकें विश्व के अनेक विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती हैं। उन्होंने जीवन पर्यन्त अरबी, फ़ारसी और उर्दू भाषा की सेवा की। उनके एक बेटे मौलाना अब्दुल हक़ एक अग्रणी और सम्मानित विद्वान थे। उन्हें 'शम्सुल उलेमा' की उपाधि दी गई थी। उनके पोते इफ़्तिख़ार हुसैन उर्फ़ 'मुज़तर ख़ैराबादी' उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर थे। प्रसिद्ध शायर और गीतकार जॉ निसार अख़्तर उनके परपोते थे। बॉलीवुड के प्रसिद्ध गीतकार जावेद अख़्तर, फ़रहान अख़्तर और ज़ोया अख़्तर सभी उनके वंशज हैं।

## निष्कर्ष

इस प्रकार कहा जा सकता है कि मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी 1857 ई. में लड़े गए भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम के एक महान् नायक, क्रान्तिकारी, दार्शनिक, धर्मवेत्ता तथा अरबी, फ़ारसी एवं उर्दू साहित्य के एक प्रसिद्ध शायर थे। वह औपनिवेशिक काल के पहले प्रमुख राजनीतिक क़ैदियों में से एक थे जिन्होंने न केवल अंग्रेज़ों की नौकरी से इस्तीफ़ा दे दिया, बल्कि उन्होंने अंग्रेज़ों के खिलाफ़ 'फ़तवए–जिहाद' जारी किया था। इस 'फ़तवा' में उन्होंने अंग्रेज़ों की भारत में उपस्थिति को 'हराम' क़रार देते हुए देशवासियों से अपील की थी कि वे अंग्रेज़ों के विरुद्ध 'विजय अथवा मृत्यु तक' युद्ध करें। उनके द्वारा दिए गए 'फ़तवा' से देश भर में अंग्रेज़ों के विरुद्ध खुली बग़ावत छिड़ गई। उनके इस 'फ़तवए–जिहाद' ने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव को हिला दिया था। अंग्रेज़ों की खुली अदालत में बचने का अवसर होने के बावजूद भी उन्होंने झूठ का सहारा नहीं लिया और 'फ़तवा' जारी करने को बुलन्द आवाज़ में स्वीकार कर लिया। अंग्रेज़ जज ने उनकी सारी सम्पत्ति को ज़ब्त करने एवं अण्डमान में निर्वासित करते हुए 'आजन्म कालापानी' की सज़ा सुनाई।

अण्डमान के 'सेलुलर जेल' में मौलाना को बहुत ही अमानवीय यातनाएं दी गईं। लेकिन 'कालापानी की सज़ा' भी उस महान् स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, महान् देशभक्त तथा परम साहसी वीर के हौसले को डिगा न सकी। उन्होंने न तो कभी अंग्रेज़ों से माफ़ी माँगी और न ही उन्हें अपने किए पर कोई पछतावा था। अपने जीवन के अन्तिम समय में उन्हें बस यही मलाल था कि उनकी मौत उनके प्यारे वतन से दूर 'कालापानी' की अंधेरी कोठरी में हो रही थी। उन्होंने देश की स्वतन्त्रता की बलिवेदी पर अपना सहर्ष बलिदान देकर अनेक क्रान्तिकारियों को प्रेरणा दी। जब भी भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की चर्चा होगी मौलाना फ़ज़ले हक़ ख़ैराबादी का नाम बड़े ही आदर, श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाएगा। हम समस्त भारतवासी उनके युग–युग तक ऋणी रहेंगे।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. डॉ. धर्मेन्द्र नाथ, स्वतन्त्रता के ज्योतिपुंज, पृष्ठ 94, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली – संस्करण 2011 ई.
2. journalismology.in, पृष्ठ 05, दिनाँक 02/09/2023 से उद्धृत
3. वही, पृष्ठ 05
4. amritmahotsav.nic.in, पृष्ठ 02, दिनाँक 05/09/2023 से उद्धृत
5. वही, पृष्ठ 02
6. jagran.com, पृष्ठ 01 – दिनाँक– 02/09/2023 से उद्धृत
7. डॉ. धर्मेन्द्र नाथ, स्वतन्त्रता के ज्योतिपुंज, पृष्ठ 159 –राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, संस्करण 2011 ई.
8. journalismology.in, पृष्ठ 04–05 – दिनाँक– 02/09/2023 से उद्धृत
9. वही, पृष्ठ 07
10. amritmahotsav.nic.in, पृष्ठ 03, दिनाँक 05/09/2023 से उद्धृत

SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778
Paper Received : 10th March 2026 Paper Accepted : 15th March 2026

# Dharmic Jurisprudence and Modern Bio-Law: A Comparative Study of THOTA 1994 and the Indian Knowledge System (IKS)

❑ Abhishek Tripathi*

**ABSTRACT**

*Despite the robust legislative framework provided by the Transplantation of Human Organs and Tissues Act (THOTA), 1994, India continues to grapple with a critical shortage of organ donors, largely due to socio-cultural perceptions of bodily integrity and death. This paper explores the intersection of modern bio-law and the Indian Knowledge System (IKS) to identify a "Dharmic Jurisprudence" that can bridge the compliance gap in organ donation. By conducting a comparative analysis, this research maps the clinical definitions of "Brain Stem Death" and "Altruism" in THOTA against Vedic and Vedantic concepts of Prana (life force), Dana (sacrificial giving), and the Atman-Sharira (Soul-Body) dichotomy. The study argues that the perceived conflict between traditional last rites (Antyesti) and surgical organ retrieval is a result of interpretive disconnect rather than theological opposition. Ultimately, the research proposes that integrating IKS ethical vocabulary into legal counseling and public policy can transform organ donation from a misunderstood clinical procedure into a recognized cultural virtue.*

***Keywords***–*THOTA 1994, Dharmic Jurisprudence, Bio-Ethics, Organ Donation (Anga-Dana), Vedic Philosophy.*

## Introduction

The gap between medical advancement and cultural acceptance in India is nowhere more evident than in the field of organ transplantation. While India possesses the technological capability to perform complex multi-organ transplants, the donor rate remains stagnant at approximately 0.52 per million population. The Transplantation of Human Organs and Tissues Act (THOTA), 1994, was enacted to provide a legal framework for organ retrieval and to prevent commercial dealings. However, this Western-inspired legal model often clashes with deeply rooted Indian sensibilities regarding the body, death, and the afterlife. This paper argues that by invoking "Dharmic Jurisprudence"—a legal philosophy grounded in IKS—the state can bridge the trust deficit and align modern bio-law with ancient ethical values.

## The Legal Landscape : THOTA 1994 and its Evolution

### The Genesis of the Act

Before 1994, India lacked a central law

* Research Scholar (Faculty of Law, University of Delhi)

governing organ transplants, leading to an unregulated "kidney trade." THOTA was introduced to:

- Legalize "Brain Stem Death" to allow for cadaveric donation.
- Regulate the removal, storage, and transplantation of organs for therapeutic purposes.
- Impose stringent penalties for commercial dealings in human organs.

**Key Provisions and Challenges**

Section 2(d) defines "Brain Stem Death," a concept vital for cadaveric donation but often misunderstood by families who equate "life" with a beating heart (Hridaya). Section 9 mandates that no organ be removed unless authorized by the "Near Relative," placing the burden of Dharma (duty) on the family during a moment of intense grief. The 2011 amendment further streamlined the process but did little to address the underlying cultural hesitation.

## The IKS Perspective: Philosophical Foundations

**The Body as a Vessel (Vasaamsi Jeernaani)**

The primary resistance to organ donation in India stems from the fear of body mutilation, which is believed to affect the soul's journey. However, the Bhagavad Gita (2.22) provides a profound counter-narrative: "As a person puts on new garments, giving up old ones, the soul similarly accepts new material bodies, giving up the old and useless ones." This verse suggests that the physical body is merely a "garment" (Vasa). Therefore, the "legal" act of harvesting an organ does not interfere with the "spiritual" essence of the individual, as the soul has already moved toward its next transition.

**The Five Sheaths (Pancha Kosha)**

IKS provides a granular view of death through the Pancha Kosha (Five Sheaths). When a person is declared "Brain Dead" under THOTA, IKS interprets this as the withdrawal of the Vijnanamaya Kosha (intellect) and Manomaya Kosha (mind). The Annamaya Kosha (physical body) remains temporarily circulating, but the "Person" has already departed. Harvesting organs from this sheath does not harm the individual's spiritual journey.

**The Ethics of Dana and the Dadhichi Precedent**

In IKS, Dana (charity) is a spiritual obligation. Deha-Dana (body donation) is classified as a Mahadana (Great Gift) because it involves the sacrifice of the most intimate possession. The story of Sage Dadhichi, who voluntarily gave his bones to create the Vajra to destroy evil, serves as the ultimate IKS precedent for "Altruistic Bio-Law."

## Comparative Analysis: Brain Death vs. Prana

**Synthesis: Mapping Clinical Death to Dharmic Transition**

To establish a "Dharmic Jurisprudence," we must map the clinical observations of modern medicine onto the spiritual architecture of Indian thought. Under THOTA 1994, the locus of death is the brain stem—the irreversible cessation of the body's biological control center. In the IKS paradigm, this state is recognized as the final detachment of the Linga Sharira (Subtle Body) from the Sthula Sharira (Gross Physical Body). While the law focuses on a clinical "status," IKS views this as the departure of the Vijnanamaya Kosha from the sacred space of the heart (Hriday-Akasha).

The "Machine Factor" provides the most critical point of synthesis. In a clinical setting, a ventilator maintains "biology" by forcing respiration and circulation. From an IKS perspective, the ventilator is merely an external mimicry of the Vyana Vayu—the vital air responsible for circulation. Although the machine keeps the physical "garment" (Vasa) warm, the Udana Vayu (the upward-moving breath) has already facilitated the soul's exit. Therefore, the body is no longer "the person"; it has become a Jirna Sharira, or a worn-out vessel.

By merging these views, the act of organ retrieval is transformed from a "cadaveric harvest" into a sacred recognition of transition. The clinical diagnosis confirms that the individual's journey in this specific physical form has concluded, while the mechanical maintenance of the body is seen as a providential opportunity

for a final act of Jiva Daya (Compassion for life).

**Relevant Case Law and Legal Precedents**

The Indian Judiciary has often balanced the strict letters of THOTA with the emotional and cultural realities of its citizens.

**Kuldeep Singh v. State of Tamil Nadu (2005)**

In this case, the Supreme Court was tasked with interpreting the role of the "Authorization Committee" in approving non-related organ donations. The Court held that while the committee must be vigilant against commercial "organ harvesting," it should not stifle genuine acts of altruism.

IKS Analysis: The Court's emphasis on "genuine affection" and "attachment" aligns with the Vedic concept of Karuna (universal compassion). In IKS, Karuna is not an emotion but a cosmic duty. By recognizing that a donor can be motivated by a spiritual bond rather than a biological one, the Court inadvertently codified the principle of Atman-Bandhutva (the brotherhood of souls). This case provides a legal precedent for expanding the definition of "Altruism" from a mere "lack of payment" to a positive "act of Dharma."

**Parmanand Katara v. Union of India (1989)**

While this case focused on the "Right to Health" and the duty of doctors to provide immediate medical aid, its implications for transplant law are profound. The Court famously declared that "preservation of human life is of paramount importance."

IKS Analysis: This aligns with the principle of Prana-Raksha. In the hierarchy of Dharmic values, saving a life (Jiva-Rakshanam) overrides procedural rituals. This case can be used to argue that "Brain Stem Death" protocols under THOTA are not just medical requirements but are legally aligned with the highest spiritual duty of the state: the protection of the Prana.

## Policy Recommendations: A Dharmic Framework

**The "Dadhichi" Accreditation for Hospitals**

Policy: Establish a "Dadhichi Excellence Award" for hospitals that maintain high rates of deceased donation through culturally sensitive counseling.

Action: Hospitals should be encouraged to create "Memory Forests" or "Sacred Groves" (Pavitra Vana) where a tree is planted in the name of every organ donor, linking the act of Deha-Dana (body gift) to Vriksha-Ropana (tree planting), a highly merit-earning act in IKS.

**Mandatory "Cultural Competency" Training for SOTOs**

Policy: State Organ and Tissue Transplant Organizations (SOTOs) should mandate training for transplant coordinators in IKS ethics.

Action: Training modules should include the "Mapping of Pranas" to help coordinators explain brain death to rural and traditional families using familiar philosophical concepts rather than intimidating medical jargon.

**The "Family-Dharma" Pledge Model**

Policy: Shift the national focus from "Individual Pledging" to "Family Consensus Pledging."

Action: Create a digital "Family Dharma Card" where the head of the family (Karta) and members collectively pledge to support each other's decision to donate. This reduces the Dharma-Sankat (ethical crisis) at the time of death, as the decision has already been sanctified by the family unit.

## Conclusion: Towards a Synthesis of Science and Spirit

The investigation into the Transplantation of Human Organs and Tissues Act (THOTA), 1994, through the prism of the Indian Knowledge System (IKS) reveals a profound truth: the success of bio-medical legislation in India is contingent upon its cultural resonance. While THOTA provides the skeletal framework for organ transplantation, it is the "Dharmic Jurisprudence" that provides the life force—the Prana—to the law. This research has demonstrated that the persistent deficit in organ donation in India is not merely a failure of medical infrastructure or legal stringency, but a semiotic disconnect between the clinical language of the state and the spiritual vocabulary of the citizen.

For decades, the legal definition of "Brain Stem Death" has been perceived as an alien construct, often viewed with suspicion by families

who equate life with the rhythmic pulsations of the heart. However, by re-aligning this clinical event with the Upanishadic departure of the Vijnanamaya Kosha (the sheath of intellect), we bridge a thousand-year-old gap. We transform a moment of mechanical termination into a recognized spiritual transition. This is the essence of a synthesized jurisprudence: it does not seek to replace scientific rigor with mysticism, but rather uses ancient wisdom to provide a framework of meaning for modern medical realities.

Furthermore, the transition from "Informed Consent" to "Dharmic Duty" offers a path toward resolving the ethical paradoxes inherent in organ donation. By invoking the archetypal sacrifice of Sage Dadhichi, the act of donation is elevated from a surgical procedure to a Mahadana—the ultimate gift. This shift effectively addresses the "integrity paradox," where the fear of an incomplete body during last rites (Antyesti) is countered by the Vedantic truth that the physical body is but a transient garment (Vasa), discarded by the eternal soul. When the law recognizes the body as a vehicle for Seva (service) even in death, it aligns the mandate of the state with the Dharma of the individual.

The policy recommendations proposed in this study—ranging from the use of IKS-aligned terminology to the inclusion of community elders in resolution committees—provide a roadmap for a more empathetic and effective healthcare system. For hospital administrators and policymakers, the lesson is clear: the path to increasing donation rates lies in "Cultural Competency." A legal system that respects the sanctity of the Sharira (vessel) and the dignity of the Antyesti will naturally earn the trust of the grieving family.

In final analysis, the integration of IKS into the implementation of THOTA 1994 represents a move toward a "Holistic Bio-Law." It is a recognition that in India, the scalpel and the scripture need not be in conflict. By framing organ donation as a profound expression of Karuna (compassion) and Rina-Mukti (freedom from debt to humanity), we can move toward a future where no life is lost for want of an organ. This synthesis ensures that the "Gift of Life" is not just a medical transaction, but a sacred fulfillment of the highest human potential.

**References (APA Style)**


- Easwaran, E. (2007). The Bhagavad Gita. Nilgiri Press.
- Ministry of Law and Justice. (1994). The Transplantation of Human Organs and Tissues Act, 1994. Government of India.
- Radhakrishnan, S. (1994). The Principal Upanishads. HarperCollins India.
- Sahay, M. (2021). Organ donation in India: The gaps and the path forward. Indian Journal of Nephrology, 31(2), 91-92.
- Sushruta. (n.d.). Sushruta Samhita (K. Bhishagratna, Trans.). Chowkhamba Sanskrit Series. (Original work published c. 600 BCE).
- Kuldeep Singh v. State of Tamil Nadu, 2 SCC 122 (2005).
- Parmanand Katara v. Union of India, AIR 2039, SCR (3) 997 (1989).

SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed & Referred
International Multifocal
Research Journal
IMPACT-FACTOR
SJIF - 7.778
Paper Received : 7th March 2026 Paper Accepted : 10th March 2026

# कलचुरि अभिलेखों में परिलक्षित धर्म

## ( पाशुपत सम्प्रदाय के विशेष सन्दर्भ में )

❑ ममता सिंह कुशवाहा*
❑ डॉ. सुधा सोनी**

**शोध-सारांश**

अभिलेख किसी राजवंश का इतिहास लिखने का एक महत्त्वपूर्ण आधार होता है। कुछ राजवंशों का इतिहास तो मात्र अभिलेखों के आधार पर ही लिखा गया है। कलचुरिकालीन अभिलेखों से भी तत्कालीन सांस्कृतिक जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश पड़ता है। कलचुरियों के अभिलेखों का धार्मिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन करने पर तत्कालीन समाज में धार्मिक सहिष्णुता एवं समरसता का बोध होता है। कलचुरि नरेशों के उदार संरक्षण के कारण समाज में शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध, जैन आदि सम्प्रदाय के लोग स्वतंत्रतापूर्वक निवास कर रहे थे। किन्तु कलचुरि नरेशों का शैव धर्म की ओर विशेष झुकाव होने के कारण यह धर्म अधिक लोकप्रिय हुआ तथा इससे सम्बद्ध मन्दिर एवं मूर्तियाँ भी अधिक निर्मित हुई।

**प्रस्तावना**

अभिलेख किसी राजवंश का इतिहास लिखने का एक महत्त्वपूर्ण आधार होता है। कुछ राजवंशों का इतिहास तो मात्र अभिलेखों के आधार पर ही लिखा गया है। कलचुरिकालीन अभिलेखों से भी तत्कालीन सांस्कृतिक जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश पड़ता है। कलचुरियों के अभिलेखों का धार्मिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन करने पर तत्कालीन समाज में धार्मिक सहिष्णुता एवं समरसता का बोध होता है। कलचुरि नरेशों के उदार संरक्षण के कारण समाज में शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध, जैन आदि सम्प्रदाय के लोग स्वतंत्रतापूर्वक निवास कर रहे थे। किन्तु कलचुरि नरेशों का शैव धर्म की ओर विशेष झुकाव होने के कारण यह धर्म अधिक लोकप्रिय हुआ तथा इससे सम्बद्ध मन्दिर एवं मूर्तियाँ भी अधिक निर्मित हुई। इस समय प्रायः सभी सम्प्रदायों पर तंत्र का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। इसके उद्भव को लेकर मतभेद है किन्तु पूर्वमध्यकाल में तंत्र अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त कर चुका था जिसका प्रभाव हमें खजुराहो एवं कोणार्क की कामोद्दीपक शिल्पमूर्तियों पर स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। इस समय के ग्रन्थ जैसे– प्रबोधचन्द्रोदय, कर्पूरमंजरी में शासकवर्ग को भैरवाचार्य एवं कौल–कापालिकों के आगे नतमस्तक होते दिखाया गया है। धर्म पर तंत्र के प्रभाव का वर्णन मालतीमाधव एवं बाणभट्ट कृत कादम्बरी में

* शोध छात्रा, एम.ए., एम.फिल (इतिहास), अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** प्राध्यापक, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

भी प्राप्त होता है। तांत्रिक अनुष्ठानों में एक गुह्यता रहती थी। इसमें मातृशक्ति की उपासना का बाहुल्य था। तंत्र के प्रभाव में ही शैव, वैष्णव, शाक्त, सौर, बौद्ध एवं जैन में तंत्र से सम्बन्धित शाखाएँ उभर कर आयी। इसके प्रभाव के कारण मूर्तियों का निर्माण भी इसी के अनुसार होने लगा था।

तांत्रिक संगठनों में गुरुओं को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। इसी के प्रभाव से विभिन्न सम्प्रदायों में आचार्य परम्परा देखने को मिलती है। अनेक कलचुरि अभिलेखों में आचार्य परम्परा के वंशवृक्ष मिलते हैं। तंत्र में धर्म एवं जाति का बन्धन न होने के कारण ही यह जनसाधारण में अत्यधिक लोकप्रिय हुआ। इसमें स्त्रियों को सर्वोच्च स्थान दिया गया। सम्भवतः इसी कारण इस काल में स्त्रियों के सम्पत्ति सम्बन्धी अधिकारों में वृद्धि देखने को मिलती है। कलचुरि अभिलेखों के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि इस समय शासक एवं उच्च पदाधिकारियों के बीच भी तंत्र का अत्यधिक प्रभाव था। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि इस काल में समाज तथा धर्म पर तंत्र का व्यापक प्रभाव था। सम्भवतः तंत्र के प्रभाव से ही शिव की आराधना अर्द्धनारीश्वर के रूप में अधिक प्रचलित हुई। तत्कालीन समाज में हिन्दू धर्म के शैव, वैष्णव, शाक्त सम्प्रदायों के अतिरिक्त बौद्ध तथा जैन धर्म से सम्बन्धित देवी देवताओं की भी पूजा की जाती थी। किन्तु हिन्दू धर्म के अन्तर्गत मुख्य रूप से शैव, वैष्णव एवं शाक्त सम्प्रदाय प्रचलित था। पुरातात्त्विक एवं साहित्यिक स्रोतों से ज्ञात होता है कि कलचुरि काल में सर्वाधिक लोकप्रिय सम्प्रदाय शैव सम्प्रदाय था।

## शैव धर्म

शिव से सम्बद्ध धर्म को श्शैव धर्मश कहा जाता है जिसमें शिव को इष्टदेव मानकर उनकी उपासना किए जाने का विधान है। शिव के उपासक श्शैवश कहे जाते हैं। शिव तथा उनसे सम्बन्धित धर्म की प्राचीनता प्रागैतिहासिक युग तक जाती है। मोहनजोदड़ो से एक मुद्रा पर पद्मासन में विराजमान एक योगी का चित्र मिलता है। उसके सिर पर त्रिशूल जैसा आभूषण तथा तीन मुख है। सर जॉन मॉर्शल ने इस देवता की पहचान ऐतिहासिक काल के पशुपति रूप से की है। इसी तरह सिन्धु सभ्यता के अनेक स्थलों से शिव के पशुपति एवं लिंग रूप प्राप्त हुए हैं। इससे ज्ञात होता है कि यह भारत का प्राचीनतम धर्म था। ऋग्वेद में शिव को 'रुद्र' कहा गया है लेकिन उ.चौ.का. तक रुद्र का ही दूसरा सौम्य रूप 'शिव' जनमानस में स्थिर हो गया और शिव के तीन नाम—शंभु, शंकर तथा शिव प्रसिद्ध हुए। शिव के उपासक शिव को ही सृष्टिकर्ता, पालक और संहारक मानते हैं। विष्णु के सदृश ही इनकी भी उपासना और पूजा सामान्यजन के साथ ही अनेक राजवंशों में भी प्रचलित थी। शिव की पूजा मूर्तियों और लिंग के रूप में भी की जाती थी।

गुडिमल्लम तथा भीटा से प्राप्त लिंग पर मनुष्य की आकृति में देवता का चित्रण है। कालान्तर में एकमुख, त्रिमुख और पंचमुख शिवलिंगों की प्रतिष्ठा होने लगी। यजुर्वेद में शिव का सम्बन्ध अनार्य से बताया गया है। अथर्ववेद एवं शतपथ ब्राह्मण में उन्हें सहस्राक्ष कहा गया है। शिव की उपस्थिति आकाश, पृथ्वी, अन्तरिक्ष और सभी दिशाओं में मानी गयी थी। अतः सम्पूर्ण सृष्टि में उनका विस्तार था। उनके आठ नामों में से रुद्र, सर्व, उग्र, अशिन विध्वंसकारी तथा भव, पशुपति, महादेव, ईशान कल्याणकारी रूप थे। कलचुरि राजवंश आरम्भ से ही शैव मतावल्बी थे माहियमती के आद्य कलचुरि शासक शिव के उपासक थे। इसीलिए इस वंश के तीन ज्ञात राजाओं—कृष्णराज, शंकरगण और बुद्धराज के लिए ताम्रपत्र लेखों में 'परममाहेश्वर' उपाधि का प्रयोग किया गया है।

डॉ. मिराशी के अनुसार बम्बई के निकट धारापुरी अथवा एलीफैन्टा की गुफाओं का निर्माण माहिष्मतीस के आद्य कलचुरियों के आश्रय में हुआ होगा क्योंकि अभिलेखों में कलचुरि नरेशों को पाशुपत सम्प्रदाय का अनुयायी कहा गया है और धारापुरी की गुफाओं में पाशुपत पंथ के संस्थापक

लकुलीश की मूर्ति खुदी हुई है। कृष्णराज के कुछ सिक्के भी एलीफैन्टा की गुफाओं (धारापुरी) से मिलते है जिस पर मध्य भाग में नन्दी को बैठे हुए दिखाया गया है। अतः यह कहा जा सकता है कि गुफायें उन्ही के समय खोदी गई होंगी। कलचुरियों की राजधानी त्रिपुरी स्थानान्तरित होने पर शैव धर्म अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँच गया। शंकरगण तृतीय को छोड़कर त्रिपुरी के सभी राजा शैव मतावलम्बी थे। उनके अभिलेखों , देवालयों एवं सिक्कों से इस तथ्य की पुष्टि होती है। अधिकांश राजाओं के लिए 'परममाहेश्वर' विरूद का प्रयोग हुआ है तथा त्रिपुरी के ज्यादातर अभिलेखों की शुरूआत शिव आराधना से होती है। कालिदास कृत कुमारसम्भव मे शिव गौरीशंकर, महादेव, चन्दशेखर, त्रिलोचन,स नीलकण्ठ आदिस अनेक नामों का उल्लेख हुआ है। अभिलेखों में उल्लिखित उपर्युक्त नामों से साम्य रखते हुए शिव के विविध रूपों की मूर्तियाँ भी बहुतायत मात्रा में मिली हैं। जो इस बात को ठोस आधार प्रदान करता है कि त्रिपुरी के कलचुरियों ने शैव धर्म को राजाश्रय प्रदान किया था तथा अनेक शिव मन्दिर एवं मठों का निर्माण करवाया था। शंकरगण प्रथम के सागर अभिलेख से ज्ञात होता है कि उसके राज्यकाल में कृष्णादेवी द्वारा धार्मिक स्थल पर शिव का मन्दिर बनवाया गया था। इसी अभिलेख में त्रिपुरी शाखा के प्रथम ज्ञात राजा वामराजदेव की 'परमेश्वरपरममाहेश्वर' उपाधि से उसके शैव उपासक होने की सूचना मिलती है। युवराजदेव द्वितीय के बिलहरी अभिलेख में युवराजदेव प्रथम की पत्नी रानी नोहलादेवी द्वारा एक अत्यन्त भव्य एवं ऊँचा शिवालय बनवाए जाने का उल्लेख है। उसने ईश्वरशिव नामक शैव सन्त को दो ग्राम तथा शिव मन्दिर के लिए आठ ग्राम दान दिए। युवराज प्रथम ने भी शैवाचार्यों के लिए गोलकी मठ की स्थापना की थी। कर्णदेव के रींवा शिलालेख में उसके प्रधानमंत्री द्वारा एक शिवालय के निर्माण का उल्लेख है। कर्ण के ही एक सामंत वपुल ने वपुलेश्वर शिव मन्दिर में पंचमुखी शिवलिंग की स्थापना की थी। गयाकर्ण के त्रिपुरी शिलालेख से ज्ञात होता है कि एक पाशुपत संन्यासी भावब्रह्मा द्वारा लाटदेश में एक शिवालय का निर्माण कराया गया। गयाकर्ण के तेवर लेख में संत भावब्रह्मा द्वारा एक शिव मन्दिर के निर्माण का उल्लेख है। जयसिंह देव के करणवेल शिलालेख से उनके गुरु कीर्तिश्वर द्वारा एक शिव मंदिर के निर्माण का उल्लेख मिलता है। जयसिंह देव ने त्रिपुरी में एक मन्दिर का निर्माण करवाया था। जयसिंह के जबलपुर लेख के अनुसार मालवा देश के सरिवा ग्राम निवासी केशव ने शिव मन्दिर का निर्माण किया था। विजय सिंह के तेवर एवं भेड़ाघाट शिलालेखों में शिवालय के अस्तित्व की सूचना मिलती है। नरसिंह के भेड़ाघाट अभिलेख से ज्ञात होता है कि नरसिंह की माता अल्हणदेवी द्वारा एक शिव मन्दिर एवं मठ का निर्माण कराया गया। इसके लिए उन्होंने 2 गाँव दान दिए। इस प्रकार उपर्युक्त अभिलेखीय साक्ष्यों के अलावा अमरकंटक, सोहागपुर, गुर्गी, खजुहा, बैजनाथ, बिलहरी, भेड़ाघाट, तेवर, नोहटा, चन्द्रेहे आदि अनेक स्थलों से प्राप्त होने वाली त्रिपुरी की कलचुरिकालीन शैव मूर्तियों तथा मन्दिरों से शैव धर्म की असाधारण उन्नति के ज्वलंत उदाहरण मिलते हैं।

इन अभिलेखों के आधार पर शैव धर्म को निम्न सम्प्रदायों में बाँटा जा सकता है–

1. शैव सिद्धान्त
2. पाशुपत
3. कापालिक
4. सोम सिद्धान्त

**पाशुपत सम्प्रदाय**– त्रिपुरी के कलचुरि राज्य में शैव धर्म के अन्तर्गत पाशुपत सम्प्रदाय का भी प्रसार था। इस सम्प्रदाय का प्रवर्तक श्रीकण्ठ था। महाभारत में वर्णित पाँच धार्मिक सम्प्रदायों में पाशुपत सम्प्रदाय का प्रमुख स्थान है–

**सांख्य योग पाँचरात्रं वेदाः पाशुपन्तथा।**
**ज्ञानान्येतानि राजर्शे विद्धि नानामतानि वै।।**

शिवपुराण की वायवीय संहिता में तथा

शारदातिलक की एक टीका में श्रीकण्ठनाथ को भी सभी शिवागमों का प्रथम आचार्य कहा गया है। पाशुपतमत के गूढ़ रहस्य को उमा के सहधर्मी और ब्रह्मा के पूर्व श्रीकण्ठ ने उद्घाटित किया था। श्रीकण्ठ को पशुपति का ही रूप माना गया है।

तंत्रलोक 97 में उन्हें पाशुपत का प्रणेता कहा गया है। शैव सिद्धांत आचार्य अघोरशिव की 'रत्नत्रय टीका में श्रीकण्ठ को शिव संहिताओं के अवतारक और गुरू के रूप प्राकल्पित किया गया है।

द्वितीय युवराजदेव के बिलहरी अभिलेख में श्रीकण्ड की चर्चा है जिसमें युवराजदेव ने अपना पूरा साम्राज्य उन शैवाचार्यों को समर्पित कर दिया जो श्रीकण्ठ की पूजा–अर्चना में लीन रहते थे–

**चित्रं यच्च सरस्वतीकृतरतिः श्री कंठपूजा परः।**

द्वितीय जाजल्लदेव के शिवरीनारायण पाषाण अभिलेख (क.सं. 919) का आरम्भ श्रीकण्ठ की प्रार्थना से होता है। इसी प्रकार द्वितीय पृथ्वीदेव के रतनपुर पाषाण अभिलेख (क०सं० 915) में अंकित है कि उनके द्वारा वरेलापुर में श्रीकण्ठ के मन्दिर का निर्माण करवाया गया था। नरसिंह के भेड़ाघाट अभिलेख में गयाकर्ण की रानी अल्हणदेवी का उल्लेख है जिन्होंने शिव मन्दिर की स्थापना करवाई थी तथा पाशुपत साधु के हाथ मन्दिर का सारा प्रबन्ध सौंपा था। अभिलेख में कहा गया है कि कलचुरि राजमाता अल्हणदेवी मेवाड़ के गोभिलवंशी राजा विजय सिंह की कन्या थी उनके पिता के प्रदेश में पाशुपत मत का प्रचार था। अत्तएव इसी सम्प्रदाय से प्रभावित होकर ही महारानी अल्हणदेवी ने लाट (गुजरात) प्रदेश के रुद्रराशि नामक पाशुपत आचार्य को बुलाकर उसके लिए भेड़ाघाट में वैद्यनाथ नामक शिव मन्दिर और निकट ही व्याख्यानशाला, उद्यान आदि से युक्त एक मठ भी बनवा दिया था। गयाकर्ण के तेवर अभिलेख में भी लाटदेश से आए हुए पाशुपत आचार्यों का उल्लेख है। इस अभिलेख में कुछ पाशुपत आचार्यों की जीवनचर्या का वर्णन है। आचार्य भावतेजस समस्त आगमों एवं योगशास्त्र का विद्वान था। उसने पतंजलि योग का अभ्यास किया था तथा न्याय व वैशेषिक शास्त्रों की व्याख्या की थी। उसका शिष्य भावब्रह्मा था। वह नित्य तपस्या में लीन रहता था, कौपीन ही उसका वस्त्र था भरम पर शयन तथा भिक्षा में प्राप्त अल्प भोजन ग्रहण करना ही उसके जीवन की दिनचर्या थी। उसने शिव का साक्षात्कार किया था।

कलियुग में उसके समान पाशुपत तपस्वी मिलना कठिन था। उसने शिक्षा द्वारा उपार्जित धन से तेवर में एक शिवालय का निर्माण भी करवाया था। पाशुपत मत के अन्तर्गत प्रचलित विभिन्न शाखाओं में लकुलीश द्वारा प्रवर्तित शाखा लकुलीश पाशुपत कहलाई। इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक लकुलीश का वर्णन वायु और लिंग पुराण में मिलता है. जहाँ उन्हें शिव का अट्ठाईसवों अवतार कहा गया है। गणकारिका के कारवानमाहात्म्य खंड में उनके जन्म, शैशवास्था के उनके चमत्कारों तथा उनके चारों शिष्यों कुशिक, गार्ग्य, कौरुष्य तथा मैत्रेय का सम्पूर्ण वर्णन मिलता है। विभिन्न स्थानों से लकुलीश की जो प्रतिमाएँ मिली है उनमें उन्हें उर्ध्वरेतस, दाहिने हाथ में मातुलिंग और बाएँ में लकुट लिए हुए दर्शाया गया है। द्वितीय चन्द्रगुप्त के मथुरा स्तम्भलेख (380 ई०) में लकुलीश के दो शिष्यों उपमित और उदित की चर्चा है। गुजरात के शासक सिद्धराज ने लकुलीश के मन्दिर का निर्माण कराया था। अभिलेखों में पाशुपत सम्प्रदाय के लिए 'पंचार्थ' तथा उसके आचार्यों के लिए 'पंचार्थिक' शब्द का प्रयोग किया जाता है तथा पाशुपत सम्प्रदाय के मूल सिद्धान्त को 'पंचार्थिका' कहा गया है जिसके अन्तर्गत पाँच प्रमुख विषय आते हैं। लकुलीश द्वारा प्रतिपादित पाशुपतसूत्र में इन पाँचों पदों की विवेचना की गयी है, जो इस प्रकार हैं–

**कारण**– गयाकर्ण के तेवर अभिलेख में शिव को तीनों लोकों का सष्टा और तीन वेदों का रचयिता कहा गया है। उनकी तीन शक्तियाँ बतायी गयी हैं–यत्न, बोध, इच्छा तथा उनके आठ रूपों को प्रदर्शित किया गया है।

**कार्य**– यह अपने आप में स्वतंत्र नहीं है, वरन् श्कारण ईश्वर पर आश्रित है। विद्या, काल और पशु इसके तीन प्रकार है।

**योग**– यह आत्मा का ईश्वर से सम्बन्ध जोड़ने का एक माध्यम है। इसके अन्तर्गत नियम, प्राणायाम एवं ध्यान (समाधि) का प्रमुख स्थान है। इनका वर्णन गयाकर्ण के तेवर अभिलेख 108 में मिलता है। इसमें धर्मरूप भावतेजस, जिन्होंने पाशुपत मतान्तर्गत योग का पूर्ण अभ्यास किया था और उनके शिष्य भावब्रह्मा का उल्लेख है जिन्हें उनकी योगसाधना और अखण्ड ब्रह्मचर्य पालन के कारण दूसरा सनतकुमार कहा गया है।

**विधि**– इसके अन्तर्गत व्रत, मंत्रों का जाप, देव–प्रदक्षिणा आदि आते हैं। व्रत के अन्तर्गत मुख्य है शरीर पर भस्म लगाना और भस्म पर ही सोना। तेवर पाषाण अभिलेख में तापस भावतेजस का उल्लेख है जो भस्म लेपन करते थे, भस्म पर ही सोते थे और न्यूनतम भोजन ग्रहण करते थे।

**दुखान्त**– दुखान्त का अर्थ है सभी प्रकार के मलों का नाश, बंधन से मुक्ति और शिव–सायुज्य की प्राप्ति। पाशुपत मत के अनुयायी शिव–सायुज्य को ही मोक्ष मानते हैं। 109 तेवर अभिलेख में तापस भावतेजस का उल्लेख है जिन्होंने शिव–सायुज्य प्राप्त किया था। लकुलीश के प्रथम चार शिष्यों ने इस सम्प्रदाय की चार शाखाओं का प्रवर्तन किया। इनमें गार्ग्य–शाखा प्रभासपाटन में, मित्र–शाखा वलभी में, कुशिक शाखा मथुरा में और कौरुष्य शाखा उड़ीसा में प्रभावशाली रही। कालान्तर में ये शाखाएँ गोत्र के नाम से जानी गयी और इनके साथ चपल, अनंत और प्रणाम गोत्र नाम की तीन शाखाएँ जुड़ गयी जिनका पुरातात्विक साक्ष्य भी प्राप्त होता है। गयाकर्ण के तेवर अभिलेख में (क.सं. 902) में अनंत गोत्र के भावतेजस नाम के एक तापस का वर्णन है जिनके शिष्य भावब्रह्मा पंचार्थ के महान ज्ञाता थे। कोकल्लदेव के गुर्गी पाषाण अभिलेख में पंचार्थिका का उल्लेख मिलता है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. ऋग्वेद, 10.90.12
2. पंचविश ब्राह्मण, 13.4.17
3. शतपथ ब्राह्मण, 1.1.4.12
4. मनुस्मृति, 1/31
5. ब्रह्मवैवर्त पुराण, 188.63
6. वायु पुराण,II 57,46
7. सोसायटी एण्ड कल्चर इन नॉर्दन इण्डिया इन द ट्वेल्थ सेंचुरी, पृ. 3
8. गौतम धर्मसूत्र, 10/9–2
9. यादव, बी०एन०एस०, सोसायटी एण्ड कल्चर इन नॉर्दन इण्डिया इन द ट्वेल्थ सेन्चुरी, पृ. 29
10. एपिग्राफिया इण्डिका, जिल्द–7, पृ. 91.
11. ओम प्रकाश, प्राचीन भारत का सामाजिक एवं आर्थिक इतिहास, पृ. 165
12. एपिग्राफिया इण्डिका, जिल्द–2, पृ. 333
13. अग्निहोत्री, वी.के., भारतीय इतिहास और संस्कृति, पृ. 25
14. शर्मा, आर.के., द कलचुरिज एण्ड देगर टाइम्स, पृ. 160
15. थापर, रोमिला, पास्ट एण्ड प्रिजुडिस, पृ. 32
16. का. ई. ई., खण्ड–4, संख्या 83, पृ. 426
17. का. इ. इ., खंड–4, संख्या 13, पृ. 46
18. सरकार, डी०सी०, इण्डियन एपिग्राफिकल ग्लॉसरी, पृ. 61
19. सचाउ, ई.सी., अल्बरूनीज इण्डिया, पृ.–102
20. इं. 30 30, खंड–4, संख्या 74, पृष्ठ 39
21. का. 30 30, खण्ड–4, 0–91, पृ0 477
22. ब्रह्मवैवर्त पुराण, खण्ड–10, 14 तुलनीय 168

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
**Paper Received : 7th March 2026** **Paper Accepted : 10th March 2026**

# बघेलखण्ड में राजनायिक धार्मिक मत एवं दर्शन

□ **डॉ. जैनेन्द्र कुमार मिश्र***
□ **गेहचन्द्र पटेल****

## शोध-सारांश

समाज का ऐतिहासिक परिदृश्य संस्कृति एवं लोक मिथकों, परम्पराओं तथा सामाजिक, पारिवारिक गतिविधियों को सकारात्मक और समृद्धि की ओर जाने में सहायक होने वाले अप्रत्यक्ष शक्तियों के आराधना एवं व्रत पूजा से निर्धारित होते हैं। समाज की श्रृंखला मानव समुदाय से है जिसमें विविध श्रेणी के मानसिक और वैचारित उदात्तता के होते हैं। जिस कारण आराधना, अनुष्ठान के विधियों में मान्यताजनित विविधता होती है। इस विविधता को समायोजित करने के लिये समाज के प्रवर पुरुषों द्वारा मान्यताओं और परम्पराओं के परिपालन के नियम एवं पद्धति निरुपित की जाती है जिससे समाज सौहार्दपूर्ण आचरण के साथ आपस में तादात्म्य स्थापित कर सके। संभवतः यही कारण है कि मानव समाज को कुशल प्रशासनिक व्यवस्था से संचालित करने का दायित्व निर्वहन करने वाले राजनायिक धार्मिक मत एवं दर्शन को देशकाल अनुरूप रूपायित करने के विधान बनाते हुए उन्हें पूरा करने के लिये यथेष्ठ वातावरण का भी सृजन करने हैं। जिस कारण विभिन्न राजवंशों के शासनकाल में उनके क्षेत्राधिकार में अलग–अलग धर्म मत एवं दर्शन के विकास एवं संवर्धन के पृष्ठभूमि होती है। बघेलखण्ड में दीर्घकाल तक सत्ता संचालन करने वाले बघेल राजाओं द्वारा मैदानी क्षेत्र के लोगों के लिये शैव, वैष्णव धर्म को संरक्षण तथा आदिवासी समुदाय के वनांचलीय क्षेत्रों के निवासियों के लिये उनके पारंपरिक लोक श्रुत को भी संरक्षण के साथ उत्सव और त्यौहारों के रूप में मनाने में राजकीय सहयोग प्रदान किया जाता रहा है जिससे बघेलखण्ड के राजनायिक धार्मिक मत एवं दर्शन विविधतापूर्ण होते हुए भी लोकजयी हैं।

***मुख्य शब्द***–बघेलखण्ड, राजनायिक, धार्मिक मत, दर्शन, वातावरण, देशकाल, क्षेत्राधिकार आदि।

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष इतिहास, श्रीयुत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगेव, रीवा (म.प्र.)
** शोधार्थी (इतिहास), अ.प्र.सिंह वि.वि. रीवा (म.प्र.)

**प्रस्तावना**

भारत आध्यात्म प्रधान एवं धर्म परायण देश रहा है प्रचुर संरख्या में प्राप्य धार्मिक मनोभावों को विभिन्न कालखण्डों में अभिव्यक्त किया गया है। किसी स्थान अथवा क्षेत्र के निवासियों की प्रवृत्तियाँ, भौतिक एवं बौद्धिक विशष्टताएं बहुत सीमा तक आंचलिक भौगोलिक परिवेश पर निर्भर करती हैं। किसी भी देश के सांस्कृतिक इतिहास के अध्ययन में उस क्षेत्र का भौगोलिक इतिहास पीठिका का कार्य करता है। भारत के मध्य क्षेत्र का ही एक भूखण्ड बघेलखण्ड है।

ऐतिहासिक दृष्टि से बघेलखण्ड का संबंध भारत के अत्यन्त प्राचीन और गौरवशाली युग से रहा है। रामायण–युग में यह भू–भाग 'कोसल' प्रान्त के अंतर्गत था। पुराण–युग में इस प्रदेश के दो भाग थे– मेकल प्रदेश और विराट देश के रूप में उल्लेखित हुआ है। मेकल प्रदेश का वर्णन श्रीमद्भागवत में आया है– 'मेकलायां नृपाः सप्तभविष्यतिः सन्तति।' विराट प्रदेश का संघ–राज्य सोन के किनारे था जिसकी राजधानी 'विराट नगरी' थी, जिसे आजकल सोहागपुर या शहडोल कहते हैं। माना जाता है कि पाण्डवों ने बनवास काल में अज्ञातवास की अवधि यहाँ बितायी थी। इस क्षेत्र में वाणा गंगा है जिसका उल्लेख भृगु संहिता में भी मिलता है– ''शोणस्य दक्षिणे भागे योजनान्तर्गत कवे सकारादिषु ग्रामेषु वैराटस्य पुरे शुभे गंगा च वाण संज्ञका।''

प्रचलित आख्यानों के अनुसार पुराण–युग में बघेलखण्ड के उत्तर और दक्षिण दो भाग थे। महाभारत में इस बात का उल्लेख है कि ''विराट–संघ मत्स्य देश के अंतर्गत था।'' बौद्ध काल में यह भाग मझिम प्रदेश में था। मझिम के अंतर्गत इसका पश्चिम भाग ''बागुड़'' में और पूर्वी भाग ''कुरु'' में सम्मिलित था। समस्त बागुड़ प्रान्त मत्स्य जनपद का भाग था। यहाँ गुर्गी में बौद्ध बिहार के चिन्ह मिलते हैं। सर कनिंघम ने भरहुत में खुदाई करायी थी। वहाँ उन्होंने कई बौर्द्ध स्तूपों की खोज की जिसमें बौद्ध स्थापत्य के महत्वपूर्ण अवशेष प्राप्त हुए हैं जो बघेलखण्ड के बौद्ध चिंतन विस्तार की गाथा कहते हैं।

बौद्ध काल के बाद भी यहाँ पर कई राज–सत्ताओं का उत्थान–पतन हुआ। विक्रम संवत् 197 से संवत् 372 तक यहाँ ''नाग सत्ता कायम रही– जो आगे चलकर ''भारशिव'' नाम से प्रख्यात हुई। इसके बाद वाकाटक वंश के नरेश ''विन्ध्य शक्ति' का नाम आता है। इनके समय का शिलालेख भी गिज की पहाड़ी और बांधवगढ़ के किले में मिला है। वाकाटक के बाद बघेलखण्ड गुप्तवंशीय राजाओं के हाथ में चला गया। गुप्तवंश की अधीनता स्वीकार कर लेने पर यहाँ के पश्चिमी भू–भाग में कुछ दिनों तक उच्छकल्प और परिव्राजक सत्ता कायम रही। हर्षवर्द्धन के उदय होते ही ये छोटी–छोटी राज–सत्ताएँ छिन्न–भिन्न हो गयीं। हर्ष के समय में कैमोर के समीप भट्टवंश की राज–सत्ता थी। इसी से इस प्रदेश को ''भाट'' देश भी कहते हैं।

समय अन्तराल के साथ छोटी–छोटी राज–सत्ताओं का इस अंचल में विकास हुआ। जिनमें ''सेंगरों, कलचुरियों और चन्देलों'' की राज–सत्ता उल्लेखनीय है। बारहवीं तथा तेरहवीं शताब्दी में यहाँ ''गोंड़, वालन्द एवं भर'' जाति की सत्ता थी। इन्हीं से अन्हलवारा पाटन के सोलंकी क्षत्रियों की शाखा के एक वंशज व्याघ्रदेव को टक्कर लेनी पड़ी और विजय हासिल कर उन्होंने संवत् 1233–34 में यहाँ बघेल वंश की सत्ता कायम की।

इस तरह बघेलखण्ड क्षेत्र में ''रामायण–काल'' से लेकर ''बघेल क्षत्रियों'' तक की स्मृतियाँ अलग–अलग आख्यानों में बिखरी मिली है। यहाँ के निवासी अब भी मानते हैं कि– ''राम की वन–यात्रा इसी प्रदेश के भू–भाग से हुई थी। सतना के निकट कहीं 'सुतीक्ष्ण मुनि' का आश्रम था। जहाँ पर राम ने उनका आतिथ्य स्वीकार किया था। बघेलखण्ड के साहित्य में राम–सम्बन्धी

कथाओं और गीतों का आधिक्य है। इसके अलावा राजा 'विराट' या 'वैरग राजा' और 'पाण्डवों' के संबंध की कथाएँ तथा गीत भी इस अचंल में गाये जाते हैं। विभिन्न राजनैतिक उलट–फेरों का वर्णन, विशेष रूप से युद्धों का वर्णन तथा बघेल राजाओं के जीवन का प्रभाव यहाँ के सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन पर कई रूपों में पड़ा है– ''यहाँ का साधारण जन–समुदाय राजाओं के प्रति धार्मिक दृष्टि से विचार करने का अभ्यस्त रहा है। अब तक जगन्नाथ पुरी में भगवान् के दर्शन करने के बाद लोग यहाँ के राजा के दर्शन करने आते हैं और बेंत–भेंट करते हैं। इस सम्बन्ध के कई गीत और कथाएँ बघेली भाषा में मिलती है।''

वैदिक और पौराणिक काल से ही यह अंचल धार्मिक सहिष्णुता के क्षेत्र में अगण्य रहा है। यहाँ वैदिक धर्म और लोकधर्म के देवी, देवता जनमानस में आस्था के प्रतीक रहे हैं। सभी धर्मों के मतावलम्बियों में कहीं कोई संघर्ष नहीं था। वे सब मिल–जुलकर कंधा से कंधा मिलाकर अपने इष्ट देवों की पूजोपससना में सराबोर रहे हैं।

बघेलखण्ड के विभिन्न भू–भागों से प्राप्त अभिलेख, सिक्के तथा पुरातात्विक स्मारक इस अंचल की धार्मिक स्थिति के अध्ययन में सहायक सिद्ध हुए हैं। बघेलखण्ड में प्राप्त मंदिरों एवं प्रतिमाओं के अवलोकन से यहाँ पर तत्कालीन धर्म निरपेक्षता और धार्मिक सहिष्णुता की स्पष्ट झलक मिलती है। यहाँ सैव तथा वैष्णव मंदिरों एवं मूर्तियों का निर्माण एक ही समय में समान रूप से हुआ यहाँ पर सभी धर्मों के विकास के लिये समान अवसर प्राप्त थे। इस क्षेत्र के शासकों ने अपने राजत्व काल में विभिन्न धर्मो को संरक्षण ही नहीं दिया अपितु उनके विकास में अपना योगदान भी दिया।

बघेलखण्ड का समाज धर्म प्रधान होते हुए विभिन्न धर्मों के बीच सामंजस्य की भावना से युक्त रहा है। अजयगढ़ से प्राप्त शिलालेखों में उल्लेख है कि ''संसार में मानवीय जीवन क्षणभंगुर है और यही भावना व्यक्ति को भक्ति मार्ग की ओर प्रेरित करती है।'' बघेलखण्ड विश्व भू–खण्ड का वह अद्भुत क्षेत्र है जिसे आदिकाल से अवतारी पुरुषों, देवी–देवताओं, सन्तों–महात्माओं का सानिध्य प्राप्त हुआ है।

यहाँ के शासकों के समय राज्य की धार्मिक स्थिति पुरातन परम्पराओं के अनुरूप थी। संगठन का आधार वर्ण व्यवस्था थी। ब्राह्मण वर्ण सबसे श्रेष्ठ था, ये ज्ञान–दान और धार्मिक कार्यों की पूर्ति करते थे और प्रशासनिक पद भी इन्हें प्रदान किये जाते थे। इस समय वैष्णव धर्म, शैव धर्म, बौद्ध धर्म तथा जैन धर्म प्रचलन में थे। सभी धर्मों में मूर्ति–पूजा और कर्मकाण्डों को बढ़ावा दिया गया था।

विन्ध्यवटी के नाम से पुराकाल में चिन्हित इस क्षेत्र में बहुदेववाद की मान्यता थी। यहाँ पर विभिन्न देवी–देवताओं की पूजा–आराधना की जाती थी। यहाँ के राजा धार्मिक प्रवृत्ति के थे। ये सभी भगवान जगन्नाथ जी के अनन्य भक्त थे। रीवा राज्य में धर्म–कर्म, दान इत्यादि के लिये 'धर्मार्थ' विभाग पृथक से स्थापित किया गया था जिसके संचालक लक्ष्मण बाग (रीवा) के महन्त थे। इस विभाग की शुरूआत महाराजाओं के प्रारम्भिक शासनकाल से है। इस विभाग के अधिकारी धर्माध यक्ष कहे जाते थे। दान और धर्म का कार्य इस विभाग द्वारा नियमित रूप से हो रहा था।

महाराज विश्वनाथ सिंह ने इस विभाग की स्वतंत्र स्थापना की। महाराज रघुराज सिंह के समय यह व्यवस्था उसी प्रकार चलता रहा। महाराज व्यंकटरमण सिंह के समय इसी रूप से चलाया जाने लगा। विभाग का अधिकारी एक सुपरिण्टेण्डेण्ट धर्माथे कहलाने लगा। बहुत समय तक इस विभाग द्वारा प्रधानतः राज्य के अधीनस्थ मंदिरों की देख–रेख होती थी। राज्य के अंतर्गत जितने भी देवस्थान थे सभी के लिए या तो गाँव लगे थे या कि जमीन पर्याप्त रूप ये लगी हुई थी। जिनकी आमदनी से देवस्थानों का उन्नयन किया जाता था। महाराज भाव सिंह ने कई स्थानों में देव

मंदिरों का निर्माण करवाया। मंदिरों के राजयोग के लिए हजारों की सम्पत्ति चढ़ाई।

महाराज रघुराज सिंह के शासनकाल में धर्मार्थ के कार्य बड़ी तादात में किये गये जिससे राजकोष खाली हो गया और प्रशासन के समक्ष वित्तीय संकट उत्पन्न हो गया। किन्तु महाराज व्यंकटरमण सिंह ने देवालयों को राज्य की आय का स्रोत ही बना लिया अर्थात् मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा सभी देवालयों को राज्य की आय का स्रोत ही बना लिया। चढ़ाई गई चढोत्री की धनराशि को राजकोष में जमा करवायी जाने लगी और इसके बदल में राज्य शासन से मंदिरों के प्रबन्धन हेतु भत्ता दिया जाने लगा।

सत्ता परिवर्तन के बाद महाराज गुलाब सिंह द्वारा सभी देवालयों की सम्पूर्ण सम्पत्वि को राजसात कर लिया गया और देवी–देवताओं के भोग के लिए मंदिरों को निश्चित धनराशि राजकोष से दी जाने लगी। 1940 ई. ये गुलाब सिंह ने हरिजनों एव ं आदिवासियों को मंदिरों मे ं प्रवेश देकर सराहनीय एवं क्रांतिकारी कदम उठाया था जिससे इस रीवा रियासत में एक नवीन सामाजिक समऐक्यता का भाव प्रखर हुआ। धार्मिक आस्था के चलते रीवा, मैहर, नागौद, सोहावल और कोठी के शासकों द्वारा कई मंदिरों का निर्माण करवाया गया। रीवा किला के परिसर में निर्मित मंदिर जगन्नाथ जी का मंदिर, लक्ष्मण बाग के मंदिर और शहडोल में मोहनराम द्वारा निर्मित करवाया गया जिसमें राम मंदिर विशेष दर्शनीय है। इन मंदिरों के निर्माण से बघेलखण्ड के जनमानस पर आस्थापरक धार्मिकता का व्यापक प्रभाव पड़ा।

बघेलखण्ड के निवासी धार्मिक आस्था के साथ जादू–टोना, झाड़–फूँक तथा बलि पर भी विश्वास था। दक्षिणी बघेलखण्ड (सम्भाग शहडोल) के निवासी इस सोच से कुछ ज्यादा प्रभावित थे। धर्म और समाज एक–दूसरे के आधार है। बघेलखण्ड में कई मतावलंबी रहते थे। जिनमे शैव, वैष्णव, गणपति, शाक्त सूर्य, जैनधर्म तथा बौद्ध धर्म प्रमुख रूप से उल्लेखनीय है।

बघेल राजा साहित्य एवं संस्कृत के प्रेमी थे। इनके कार्यकाल में विभिन्न पन्थों और धर्मों के आराध्य पितृ पुरुषों एवं आदि शक्ति माताओं के पूजा का प्रचुर चलन था। इस अचंल में चित्रकूट में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, मैहर में शक्ति की दात्री माँ शारदा, विंध्यांचल में विंध्य वासिनी, देवतालाब एवं बिरसिंहपुर में भगवान शिव के पुरातन मंदिर स्थापित हैं जिन्हें राजाश्रय का संरक्षण प्राप्त रहा है। इन धार्मिक संस्थानों के प्रति रीवा राजाओं में अद्भुत समर्पण था। महाराजा विश्वनाथ सिंह, महाराजा रघुराज सिंह, प्रयागराज एवं काशी विश्वनाथ के प्रति आस्था और श्रद्धा रखते थे। देश के अन्य धार्मिक स्थलों के यात्रा में भी रीवा महाराजाओं के समय–समय पर धार्मिक यात्रा में जाने का उल्लेख मिलता है। महाराज रघुराज सिंह द्वारा स्थापित लक्ष्मण बाग में भगवान जगन्नाथ का मंदिर जनमानस के आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है। इसके अलावा किले में महा मृत्युंजय एवं भगवान कामेश्वर की स्थापना रीवा राजाओं के धार्मिक सहिष्णुता के मानक हैं जो आज भी बघेलवासियों के आस्था और श्रद्धा के केन्द्र है।

बघेलखण्ड में विभिन्न धर्म एवं पंथ के अनुगामी रहे हैं। शैव धर्मावलंबियों के कष्टहरनाथ, गुढ़ के भैरवनाथ के अलावा मुकुन्दपुर के साँई बाबा आदि ऐसे पंथ स्थल रहे हैं जहाँ हिन्दू और मुस्लिम समुदाय के लोग समान आस्था के साथ आयोजनों में शामिल होते रहे हैं। बघेलखण्ड में प्रचुर संख्या में बौद्ध दर्शन के स्तूप और पिरामिड मिलते हैं। देउर कोठार में बौद्ध स्तूप अभी भी अपने पूर्ण रूप में स्थापित हैं। पूर्व में यहाँ पर बौद्ध भिक्षु और भिक्षुणियाँ चतुरमास बिताने के लिये आते रहे हैं। इस तरह बघेलखण्ड विभिन्न धर्म संप्रदाय और आस्था का केन्द्र रहा है जिनके कुछ विवरण निम्न हैं–

**शैव**

रीवा राज्य में बघेल राजवंश की स्थापना के

पूर्व कल्चुरी शासकों का शासन था। कल्चुरि शासक शैव भक्त थे इन्होंने बघेलखण्ड में अनेक शिव प्रतिमाओं का निर्माण करवाया। हरगौरी की प्रतिमा जो पहले गुर्गी में थी (वर्तमान पद्मधर पार्क) गुर्गी अभिलेख से पता चलता है कि इस मंदिर का निर्माण जिसमें हरिगौरी मूर्ति रखी हुई थी शिव प्रशान्त नामक ऋषि द्वारा की गई थी।

राजा के साथ–साथ विवेच्य क्षेत्र की जनता भी शिव की उपासक थी। क्योटी अनेक मंत्रियों, सेनापतियों एवं जनता द्वारा शैव मंदिरों का निर्माण कराया गया। अमरकंटक (अनूपपुर) के शिव मंदिर के अवशेष एवं करन मंदिर उललेखनीय है। खजुहा (रीवा) गुर्गी, चन्देह, जसो, देवतालाब, देवदह, बैजनाथ महसांव, भाड़ा तथा सोहागपुर (शहडोल) में कल्चुरिकालीन शिव मन्दिरों का निर्माण उल्लेखनीय है। बघेल शासकों के शासन काल में शैव धर्म को मानने वालों की संख्या बहुतायत थी। किला परिसर में स्थित महामृत्युन्जय मंदिर का निर्माण इन्हीं के शासन काल में हुई थी। जो भारत के साथ–साथ शिव में भी प्रसस्त है।

**वैष्णव**

वैष्णव को भी मानने वालों संध्या क्षेत्र में अत्यधिक थी। प्राचीन काल से इस क्षेत्र में विष्णु भगवान् की आराधना की जाती थी। गुप्तों के समय में भी वैष्णव धर्म का अत्यधिक प्रचार हुआ। वैष्णव संप्रदाय की अवतार वादी अवधारणा के फस्वरूप इसमें कई छोटी–छोटी शाखायें हो गयी। कृष्ण–राम आदि की अलग–अलग उपासना होने लगी। राजपूत काल के प्रतिहार नरेशों ने भी वैष्णव धर्म को प्रोत्साहन दिया होगा। प्रतिहार नरेश देवशक्ति को परम वैष्णव कहा गया है। भगवान् विष्णु की आराधना निराकार तथा साकार दोनों रूपों में होती थी। धीरे–धीरे अपने अवतारों की उपासना भी विष्णु शक्ति का अंग बन गई। युवराज देव के दूसरे और तीसरे शिलालेख में गोल्लक द्वारा विष्णु के अवतारों एवं वाराह की मूर्ति निर्माण का उल्लेख है। बान्धोगढ़ रीवा के स्थानीय दुर्ग में प्राचीन वैष्णव मंदिर का उल्लेख है। रीवा शासक भाव सिंह द्वारा तीन जगहों रीवा किला परिसर, मुकुन्दपुर तथा कोटर भगवान् जगन्नाथ की मूर्तियां स्थापित करवाई।

**मातृ देवी**

बघेलखण्ड में देवी पूजा का प्रचलन प्राचीन काल से ही था। महाराज भाव सिंह की पत्नी अजब कुवरि ने रानी तालाब में माँ काली की मूर्ति स्थापित करवायी। भारत में देवी पूजा साक्ष्य प्रागैतिहासिक काल से ही प्राप्त होने के प्रमाण मिलते हैं। मातृदेवी तथा प्राकृति देवी की पूजा इसी रूप में की जाती थी। लगभग 1800 ई.पू0 की प्राचीन मातृ देवी की प्रतिमा सीधी जनपद के बघोर नामक स्थल से उत्खनन द्वारा प्राप्त हुई है, भौगोलिक दृष्टि से यह विंध्य पर्वत माला के क्षेत्र में आता है। बघेल शासकों के पहले इस क्षेत्र में कल्चुरी शासकों का शासन था। कल्चुरि युग तक देवी साथ शाक्तों का नवरूप तांत्रिक हो गया, जिससे नारी भोग और तंत्र को खूब स्थान मिला। देवी उपासना का इस समय अत्यधिक महत्व था। गांगयदेव कलचुरि के सोने के सिक्के के पीछे देवी (चार हाथ वाली लक्ष्मी) बनी है। साथ ही सरस्वती की स्तुति जयसिंह के करण बेल अभिलेख। एवं विजय सिंह के रीवा ताम्रपत्र कोनी प्रस्तर लेख में की गई है।

**जैन**

जैन धर्म का विकास भी बघेलखण्ड में देखने को मिलता है। 9वीं से 13वीं सदी के बीच जैन ध र्म का विशेष प्रचलन रहा। इस समय की मूर्तियों मृगेन्द्र सिंह जी संग्रहालय शहडोल में सुरक्षित हैं। धुबेला म्युजियम में भी सुरक्षित हैं। विंध्य के पत्रा जिले हिन्दुपत महल म्युजियम में भी जैन मूर्तियों संरक्षित हैं जो बघेलखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से संग्रहित की गई हैं। मंदिर और मूर्तियों के आधार पर कहा जा सकता है कि इस क्षेत्र में भी जैन ध र्म का प्रभाव रहा है। कल्चुरियों के क्षेत्र में तो जैन मत का प्रभाव था ही साथ ही उसी समय चंदेलों ने भी जैन मत को स्वीकार किया था एवं अनेक

मूर्तियों और मंदिरों का निर्माण करवाया।

बघेलखण्ड के उचेहरा में जैन प्रतिमायें पतौरा (सतना) में गुप्त कालीन जैन मंदिर का वर्णन मिलता है। सोहागपुर में ही दो प्राचीन जैन मंदिरों के भग्नावशेष प्राप्त हुये हैं। सिंहपुर शहडोल जैन तीर्थंकर प्रतिमा एवं जैन देवी प्रतिमा जो कलचुरि कालीन है प्राप्त हुई है। रीवा में कला, गुर्जरा, बैजनाथ तथा मेहसाना में पूर्व मध्यकालीन जैन मंदिरों के निर्माण का वर्णन मिलता है।

**बौद्ध**

भौगोलिक विशेषताओं के कारण बघेलखण्ड ने बौद्ध धर्म को बुद्ध के जीवन काल से ही प्रभावित किया था। बौद्ध काल में यह प्रदेश मज्झिम प्रांत में शामिल था। बरदावती नगर (भरहुत) में स्तूप का निर्माण हुआ था। जिसको राजाक्षय के साथ–साथ लोककथाओं का भी सहयोग था। मौर्य साम्राज्य के बाद बौद्ध धर्म का विकास अवरुद्ध हो गया था। गुप्तों के साथ हर्ष के शासन काल में भी बौद्ध धर्म का विकास हुआ। अभिलेखों से पता चलता है कि त्रिपुरी के पास कई बौद्ध भिक्षु शान्तिपूर्वक रहा करते थे।

बाणभट्ट ने भी हर्षचरित में इस प्रकार का उल्लेख किया है कि बौद्ध धर्म जब अन्य क्षेत्रों से विलुप्त हो रहा था, उस समय इस क्षेत्र में प्रचलित था। रीवा, मैहर, नागौद, सोहावल और कोठी के शासकों द्वारा अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया गया था, जिनमें रीवा किला परिसर में निर्मित जगन्नाथ जी का मंदिर, लक्ष्मण बाग के मंदिर और शहडोल में मोहनराम द्वारा निर्मित करवाया गया राम मंदिर विशेष दर्शनीय है। इन मंदिरों के निर्माण से बघेलखण्ड के जनमानस पर धार्मिकता का व्यापक प्रभाव पड़ा। जिससे समाज की नैतिकता का स्तर ऊपर उठा। फिर भी यहाँ के लोगों में धार्मिक आडम्बरों एवं अन्धविश्वासों जैसे जादू–टोना, झाड़–फूँक, बलि इत्यादि के प्रति विश्वास बना रहा।

रीवा राज्य के बघेल नरेश पूरे हिन्दुस्तान में अपनी धार्मिकता विद्वता एवं उदारता के लिये जाने जाते थे। रीवा शासक तथा उनकी महारानियों ने अनेक मंदिरों का निर्माण करवाया। धार्मिक कार्यों के लिये सैकड़ों एकड़ भूमि दान में देदी। उन्होंने स्वर्ण तथा तुलादान भी किया।

**कबीर पंथी**

बघेलखण्ड में कबीनपंथ का चलन सोलहवीं सदी के पश्चात् प्रखरता से हुआ। जिसका महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान ''कबीर चौरा'' के नाम से अभी भी अमरकंटक में विद्यमान रहा है। कबीर पंथी चिंतकों को रीवा राजाओं द्वारा विशेष सम्मान तथा संरक्षण समय–समय पर प्राप्त होता रहा। कबीर पंथी चिंतक धर्म एवं समाज के नये सूत्रधार के रूप में विभिन्न गलियों, ग्रामों, कस्बों और नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए कबीर के सवंद एवं साखी को जनमनस के मध्य एकेश्वरबाद का संदेशा पहुचाते थे। कबीर पंथ विभिन्न धर्मावलम्बियों में अपनी सहजता, तार्किकता और स्वावलम्बन के लिए प्रेरित करता था। कबीर का दर्शन रीवा किले में कभी–कभी कबीर पंथियों के द्वारा सहजता और सरलता से पहुंचाया जाता था। जिससे जनमानस की जुबान में कबीर का चिंतन आरोह–अवरोह के साथ सतत् गुंजायमान होता था।

**निष्कर्ष**

अठराहवीं सदी पूर्व के बघेलखण्ड में प्रशासनिक गतिविधियाँ मूलतः बघेलवंशीय राजाओं के नियंत्रण में थी। बघेल राजा युद्ध की जगह आपसी सद्भाव और भाईचारा पर विश्वास करते थे। बघेलखण्ड की भौगोलिक स्थिति साथ ही पर्यावरणिक संरचना कुछ ऐसी थी कि क्षेत्र विशेष में लोगों की दिनचर्या एवं जीवनशैली विविधतापूर्ण थी। बघेलखण्ड का उत्तर–पूर्व क्षेत्र मैदानी था तथा दक्षिण–पश्चिमी क्षेत्र वनांचली था। जहाँ आदिवासी एवं वनांचली लोग रहते थे। वन क्षेत्र में चिंतक लोग आस्था का आश्रम संचालित करते थे जहाँ विभिन्न पंथों के लोग अपने आस्था विश्वास के अनुरूप धर्म विषयक चिंतन करते थे। अमरकंटक में कबीरपंथी, मैहर

क्षेत्र में शक्ति के साधक, चित्रकूट में वैष्णव पंथी, देउर कोठार में बौद्ध, देवतालाब में शिव भक्त एवं शैव अपने पंथ के आस्था केन्द्र संचालित करते थे। अठराहवी सदी के उत्तरार्द्ध में इस्लाम धर्मावलंबियों की मस्जिदें, पंजाबियों के गुरुद्वारे बने, जिन्हें रीवा राजाओं द्वारा संरक्षण और आपेक्षित सहायता तथा जनमानस का सद्भाव मिला जिससे बहुरंगीय सांस्कृतिक स्वरूप की श्रृंखला विस्तारित हुई।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**

1. सिंह, राजनीश कुमार, बांधवेश गुलाब सिंह, पुष्पराज प्रेस रीवा
2. उपाध्याय, वासुदेव, प्राचीन भारतीय अभिलेख, चौखम्बा प्रकाशन वाराणसी
3. शर्मा राजकुमार, बघेलखण्ड के पुरातत्व, मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल
4. कनिंघम, आर्कियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया रिपोर्ट खण्ड–7
5. मिश्र केशव चंद्र, चंदेल और उनका राजत्व काल हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज
6. अग्निहोत्री,राजीव लोचन, बघेलखण्ड के संस्कृत का अध्ययन, चौखम्भा वाराणसी
7. श्रीवास्तव, कन्हैयालाल, मध्य युगीन भारतीय समाज और संस्कृति, स्वाती प्रकाशन सतना
8. परासर, हरीश, उत्सव व्रत, त्यौहार की धार्मिक परंपराएँ, साहित्य सम्मेलन प्रयाग
9. श्रीवास्तव, डॉ. विभा – ''बघेलखण्ड का सामाजिक तथा आर्थिक इतिहास (छठवीं सदी से बारहवीं सदी तक) विश्वभारती प्रकाशन (नई दिल्ली)
10. बघेल, डॉ. विक्रम सिंह –''मध्य प्रदेश का इतिहास खण्ड–3 (आधुनिक काल) मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रन्थ आकादमी भोपाल (म.प्र.)

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
SHODH CHETNA YEAR 2026 Vol. 1 PRAYAGRAJ
**Paper Received : 7th March 2026** **Paper Accepted : 10th March 2026**

# श्रीमद् भागवत महापुराण में सृष्टि प्रक्रिया

**डॉ. कन्हैया लाल मिश्र***

## शोध-सारांश

*इस प्रकार से श्रीमद् भागवत महापुराण में सृष्टि प्रक्रिया का वर्णन महर्षि व्यास जी ने किया है परंतु यदि इस सृष्टि प्रक्रिया पर सूक्ष्मतम् दृष्अिपात किया जाए तो यह दिखाई पड़ता है कि परम ब्रह्म परमात्मा स्वरूप भगवान श्री कृष्ण के ही विवर्त के रूप में संपूर्ण ब्रह्मांड की वस्तुओं जिनमें जड़ और चेतन दोनों समाहित है। उत्पत्ति, स्थिति एवं ले दिखाई पड़ती है।*

*इसी बात को श्रीमद्भागवत महापुराण के रचयिता महर्षि व्यास जी ने अपने विश्व के विशालतम महाकाव्य महाभारत के इस प्रकार से उल्लेखित किया है-*

***जगतप्रतिष्ठा देवर्षे पृथि्व्यसचाप्रिलियते***
***ज्योतिषस्थापः प्रलियन्ते, ज्योतिर्वयोप्रलियते।***
***वायुश्चलियते व्योम्नि तच्चाव्यक्तेप्रलियते***
***अव्यक्तं पुरुषो ब्रह्मन निष्कले सम्प्रलियते।।***

*इस प्रकार से श्रीमद्भागवत महापुराण में सृष्टि प्रक्रिया का पूर्णतः वैज्ञानिक रूप से विवेचन किया गया है।*

श्रीमद् भागवत महापुराण को विद्वानों के बीच में बहुत ही समाद्रित दृष्टि से देखा जाता है इसी कारण कुछ विद्वानों के मंतव्य के अनुसार श्रीमद् भागवत महापुराण को पंचम वेद के रूप में भी जाना जाता है यह पुराण अपनी विशेषता के ही कारण तथा अपने वर्ण विषय की महानता के कारण शेष 17 पुराणों के बीच में सर्वोत्तम तथा सर्व प्रसिद्ध और जनमानस पर एक अद्वितीय छाप छोड़ता विश्व का सबसे प्रचलित पुराण है।

श्रीमद् भागवत महापुराणों में तत्कालीन सम्मत विषयों का समावेशन किया गया है।

इसमें सृष्टि के उत्पत्ति से लेकर विनाश तक का संगोपांग वर्णन महर्षि वेदव्यास द्वारा किया गया है इसकी प्रमाणिकता इसी पुराण में उल्लिखित तथा विद्वानों की कसौटी के रूप में प्रस्तुत की जाने वाली ''**विद्यावतां भागवते परिक्षा**'' सूक्ति से ही प्रमाणित हो जाती है।

विश्व के समस्त दार्शनिक ग्रनथों का परम उद्देश्य दुख के निवृत्ति तथा परम पुरुषार्थ मोक्ष की प्राप्ति मानी गई हैं। परम पुरुषार्थ मोक्ष की प्राप्ति तभी संभव है जब आत्मा और परमात्मा का अथवा जीव और जगत का तात्विक ज्ञान प्राप्त हो जाए तात्विक ज्ञान की प्राप्ति के लिए ब्रह्मांड के समस्त चराचर जड़ चेतन की उत्पत्ति के विषय में ज्ञान प्राप्त करना परम आवश्यक है।

श्रीमद् भागवत महापुराण में वर्णित सृष्टि भीम कोई नवीन प्रकार की सृष्टि का प्रतिपादन नहीं करती बल्कि वेद तथा वेदांत के सिद्धांतों का पूर्वावलोकन करने वाले ग्रंथ उपनिषद ब्रह्म सूत्र और श्रीमद् भगवतगीता में वर्णित सृष्टि

* असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत विभाग), कृष्णार्पित इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन, प्रयागराज

भीम का ही उल्लेख महर्षि वेदव्यास कृष्ण द्वैपायन द्वारा लिखित महनीय ग्रंथ रीमद् भागवत महापुराण में भी किया है।

श्रीमद्भागवत महापुराण यज्ञ की भक्ति प्रधान भागवत धर्मानुसारी पुराण है। परंतु इसके रचयिता ने भगवान श्री राधा कृष्ण की भक्ति के माध्यम से परमात्मा के ही स्वरूप का वर्णन किया है वही लीलाधरी योगीराज भगवान श्री कृष्णरूपी परमात्मा या ब्रह्म तत्त्व अपने अधीन रहने वाली माया (अज्ञान) के द्वारा अपनी विवर्त के रूप में 1 सृष्अि का प्रादुर्भाव किया है।

सृष्टि प्रक्रिया का उल्लेख भागवत महापुराण में उपनिषदों में वर्णित तथा उपनिषदों के सहायक वेदांत के प्रतिपादक के अनुसार ही किया गया है उपनिषद समष्टि और व्यष्टि के अनुसार ब्रह्म की दो स्थितियां बतलाते हैं। समष्टि के अभिप्राय से देवता अर्थात् परमात्मा तथा व्यष्टि के अभिप्राय से जीव के रूप में विभाजित हुआ दिखाई पड़ता है परंतु वासतव में परमात्मा ब्रह्म जीव और ईश्वर दोनों से भिन्न दोनों का आधार स्वरूप तुरिय तत्त्व सच्चिदानंद होता है।

श्रीमद् भागवत महापुराण में परीक्षित जी कहते हैं कि हे मुनिवर आप अपनी माया से इस संसार की सृष्टि कैसे करते हैं इस संसार की रचना के विषय में समर्थ लोकपाल भी भूल कर बैठते हैं फिर विश्व की उत्पत्ति रक्षा और संघार कैसे करते हैं प्रभू की लीलाएं अद्भुत हैं परमात्मा की लीला समझना अत्यंत कठिन है इसलिए मेरे इस शंका का समाधान कीजिए।

इस पर सुखदेव जी महाराज कहते हैं कि उन परमात्मा को प्रणाम करता हूँ क्योंकि सारी की सारी त्रिगुणी सृष्टि मायापति के माया का ही खेल है तथा उसके मूल में त्रिगुणातित परमेश्वर ही दिखाई पड़ते हैं। यह परमात्मा संसार की उत्पत्ति और स्थिति और प्रलय के लिए क्रमशः सतोगुण, रजोगुण और तमोगुण को स्वीकार करती है तथा ब्रह्मा, विष्णु और शंकर का रूप धारण करते हैं।

परमात्मा ने स्यं को एक से अधिक होने की इच्छा होने के बाद अपनी माया के द्वारा काल, कर्म और स्वभाव को स्वीकार किया।

पुनः उस काल से क्षोभ उत्पन्न हुआ और कम से महत् तत्त्व का जन्म हुआ तथा महत् तत्त्व सतोगुण और रजोगुण के बढ़ने पर ज्ञान, क्रिया तथा द्रव्य रूप तमः प्रधान विकार हुआ और यह अहंकार कहलाया। अहंकार के तीन विकार वैकारिक, तैजस, तामस हुआ तथा इनसे क्रमशः ज्ञान शक्ति, क्रिया शक्ति तथा द्रव्य शक्ति बना तथा उस अहंकार से आकाशा और आकाश से वायु की उत्पत्ति हुई वायु में विकार होने पर तेज उत्पन्न हुआ फिर तेज के विकार से जल की उत्पत्ति हुई तथा जल से पृथ्वी उत्पन्न हुई। वैकारिक अहंकार से मन और इंद्रियों के देवता की उत्पत्ति होती है। फिर तेजस अहंकार के विकार से पाँच ज्ञानेन्द्रिया और पांच कर्मेंद्रियाँ तथा जननेंद्रिय उत्पन्न होते हैं।

मैत्री जी कहते हैं कि सृष्टि रचना के पूर्व समस्त आत्माओं के आत्मा एं पूर्ण परमात्मा थे इस पूर्ण परमात्मा से जगत का निर्माण हुआ पूर्ण जगत के निकल जाने के पश्चात भी वह पूर्ण ही बना रहा।

क्योंकि वह स्वयं प्रकाश परमात्मा भी पूर्ण था और उसे निकाला हुआ संसार भी पूर्ण ही सृष्टि के पूर्व ना तो दृष्ट था ना ही दृश्य था। सृष्टि कल में अनेक व्यकितयों के भेद से जो अनेकता दिखाई पउती हैं वह भी पूर्ण परमात्मा ही थे। भावाभाव रूप अनिर्वचनीय माया के द्वारा इस सम्पूर्ण विश्व का निर्माण होता है।

श्रीमद् भागवत महापुराण में विराट शरीर की उत्पत्ति के विषय में मैत्रेरय जी कहते हैं कि सर्वशक्तिमान परमात्मा ने काल को स्वीकार करके एक साथ महत् तत्त्व, अहंकार, पंचभूत, पंचतन्मात्राये, पांच ज्ञानेन्द्रिया और पांच कर्मेंद्रियां सहित तेईस तत्त्वों के समुदाय में प्रविष्ट हुए। उनमें प्रविष्ट होकर जीवन को सोए हुए अदृष्ट को जगाकर क्रिया के द्वारा आपस में मिला दिया फिर तेईस तत्त्वों के समूह ने विराट पुरुष को उत्पन्न किया और यह विराट पुरुष सभी जीवों में प्रथम होने के कारण सभी जीवों का आत्मा कहलाया तथा जीव होने के कारण परमात्मा का अंश कहलाया।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. ब्रह्मसूत्रशांकर भाष्य—(सत्यानन्दी-दीपिकायाः) व्याख्याता
2. स्वामी सत्यानंद सरस्वती, चौखम्बा अमर भारती प्रकाशन, वाराणसी
3. ईशावास्योपनिषद्—डॉ. आद्या प्रसाद मिश्र, अक्षयवट प्रकाशन, प्रयागराज, 1985
4. कठोपनिषद—डॉ. अभिराज राजेन्द्र मिश्र, अक्षयवट

प्रकाशन, प्रयागराज, 1982
5. वेदान्तसार—डॉ. आद्या प्रसार मिश्र, अक्षयवट प्रकाशन, प्रयागराज, 1985
6. श्रीमद्भागवतमहापुराण—गीता प्रेस, गोरखपुर, वि. सं. 2071
7. महाभारत—गीता प्रेस, गोरखपुर, उन्नीसवां पुनर्मुद्रण, सं. 2077
8. सर्वदर्शन संग्रह—माधवाकृत, चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, 1998 ई.
9. भारतीय दर्शन का इतिहास—हरेंद्र प्रताप सिंन्हा, मगध विश्वविद्यालय, बोध गया
10. संस्कृत साहित्य का इतिहास—कपिल देव द्विवेदी, रामनारायण लाला, वेनी प्रसाद प्रकाशन, प्रयागराज
11. प्राचीन भारत का इतिहास—डॉ. एस.पी. चौबे, सुलभ प्रकाशन, वाराणसी, 2012

SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778

Paper Received : 10th March 2026 Paper Accepted : 15th March 2026

# Digital media influence on consumer behaviour : A mixed methods investigation of platform ecosystems, trust and purchase decisions

❒ Dev Sharma*

❒ Dr. Praveen Tiwari**

## ABSTRACT

*This study investigates the multifaceted influence of digital media on consumer behaviour through an explanatory sequential mixed methods design. Drawing on a stratified random sample of 500 actively engaged digital consumers supplemented by 25 in depth interviews and 120 hours of systematic digital ethnography, this research maps the mechanisms through which digital platforms shape awareness, consideration, decision-making, and post purchase behaviour. Grounded in pragmatic and critical realist philosophical frameworks, the study employs quantitative analysis (descriptive statistics, multiple regression, ANOVA, factor analysis) alongside qualitative thematic coding to generate convergent insights. Findings reveal that daily digital media use (â = 0.32, $p < 0.001$) and trust in online reviews (â = 0.28, $p < 0.001$) are the strongest predictors of online purchase frequency. Four structural dimensions of digital influence emerged from factor analysis: social proof and validation (28.7% of variance), algorithmic discovery (23.8%), influencer trust (17.9%), and convenience and frictionlessness (14.6%). Significant generational gradients were identified, with 18–24 year olds demonstrating the highest influencer receptivity (78.4% following; 57.6% purchase conversion) and digital literacy ($M = 8.2/10$). The study documents the pervasive personalization paradox 76% appreciate personalized recommendations while 57% simultaneously find cross-platform tracking intrusive and identifies a rich repertoire of consumer resistance strategies. These findings contribute to theories of digital persuasion, the consumer decision journey, and digital trust formation, while offering actionable intelligence for platform designers, marketers, and policymakers.*

***Keywords***– *Digital media, consumer behaviour, influencer marketing, online reviews, algorithmic personalization, mixed methods.*

* Research Scholar in Department of Journalism and Mass Communication, Shri JJT University, Jhunjhunu, Rajasthan 333010

** Research Supervisor in Department of Journalism and Mass Communication, Shri JJT University, Jhunjhunu, Rajasthan 333010

## Introduction

The pervasive integration of digital media into daily life has fundamentally transformed how consumers discover, evaluate, and purchase products (Lamberton & Stephen, 2016). Where traditional consumer behaviour models posited linear progressions from awareness to purchase, contemporary digital environments generate non-linear, multi-platform journeys mediated by algorithmic curation, peer recommendation, and real-time social validation (Court et al., 2009; Edelman & Singer, 2015). The emergence of social commerce the convergence of social interaction and commercial activity within digital platforms has created environments where consumption is simultaneously social, expressive, and transactional (Hajli, 2015).

Despite substantial research on individual aspects of digital influence, significant gaps remain in understanding how these mechanisms interact within the broader ecology of digital consumer experience. The rapid proliferation of platforms from search engines and e-commerce sites to short-form video and brand communities has outpaced theoretical frameworks capable of capturing this complexity (Kannan & Li, 2017). Simultaneously, growing concerns about data privacy (Acquisti et al., 2016), information overload (Eppler & Mengis, 2004), and algorithmic manipulation (Zuboff, 2019) have complicated the relationship between digital engagement and consumer agency.

The present study addresses these gaps through a comprehensive mixed-methods investigation examining: (1) the demographic and behavioural patterns of digital consumer engagement; (2) the relative influence of specific digital mechanisms including reviews, influencer content, and algorithmic personalization on purchase behaviour; (3) generational variations in platform preference, influencer trust, and digital literacy; (4) the structural dimensions through which digital media exerts influence; and (5) the strategies consumers employ to navigate and resist digital persuasion.

## Theoretical Framework and Literature Review

### Digital Media and the Transformed Consumer Journey

The classical models of consumer decision making from Kotler's (1965) five stage funnel to Howard and Sheth's (1969) comprehensive theory of buying behaviour presupposed conditions of bounded information and relatively stable channel structures. The digital revolution has disrupted these foundations, producing what McKinsey researchers termed the 'consumer decision journey' (Court et al., 2009): a cyclical, iterative process in which consumers enter and exit consideration sets dynamically and draw on diverse information sources simultaneously. Edelman and Singer (2015) further developed this conception, arguing that digital acceleration has shifted competitive advantage to the design of compelling customer journeys a framework highlighting the strategic importance of understanding how consumers navigate across platforms in pursuit of purchase information and social validation.

The theoretical shift from channel management to journey orchestration reflects a deeper transformation in the information economics of consumption. Whereas pre-digital consumers faced information scarcity, contemporary digital consumers navigate information abundance a condition that activates new cognitive heuristics, social proof mechanisms, and platform-specific navigation strategies that existing models inadequately capture (Bakos, 1997; Brynjolfsson & Smith, 2000).

### Social Proof, Review Behaviour, and Trust Formation

Cialdini's (1984) principle of social proof finds powerful expression in digital review systems, rating aggregates, and social media engagement metrics. Chevalier and Mayzlin (2006) provided early empirical evidence of online reviews' sales impact, while Mudambi and Schuff (2010) demonstrated the superior influence of moderately extreme reviews. More recently, Luo et al. (2013) documented the asymmetric

negativity effect negative reviews exerting disproportionate influence on purchase intentions a finding replicated across product categories and platforms. Trust formation in digital commerce involves both cognitive assessment of platform signals (verified purchase badges, aggregate ratings) and affective responses to reviewer voice and perceived similarity (McKnight et al., 2002; Ba & Pavlou, 2002). The growing phenomenon of fake reviews has introduced epistemic uncertainty, driving consumers to develop sophisticated verification heuristics that favour authentic negative content as a signal of review integrity.

### Influencer Marketing and Parasocial Relationships

The rise of digital influencer marketing has transformed celebrity endorsement theory (McCracken, 1989; Ohanian, 1990) by introducing endorsers whose persuasive power derives from perceived authenticity and parasocial intimacy rather than aspirational distance (Abidin, 2016). Parasocial relationship theory (Horton & Wohl, 1956), extended to digital contexts by Labrecque (2014), explains how sustained exposure to influencer content generates one-sided but psychologically real relationships characterized by familiarity, trust, and identification. De Veirman et al. (2017) documented the non-linear relationship between follower counts and perceived credibility, with micro influencers often generating superior engagement rates and purchase conversion relative to mega influencers.

### Algorithmic Personalization and the Privacy Paradox

Algorithmic recommendation systems powered by collaborative filtering and deep learning models have become the primary navigational infrastructure of digital commerce (Covington et al., 2016). Pariser's (2011) concept of the 'filter bubble' highlighted the potential for algorithmic curation to constrain informational diversity, while Zuboff's (2019) surveillance capitalism framework situates consumer data extraction within a broader political economy of behavioural modification. The privacy paradox the documented gap between consumers' expressed privacy concerns and their continued participation in data-intensive digital services has been extensively theorized, with explanations ranging from bounded rationality and hyperbolic discounting (Acquisti & Grossklags, 2005) to the normalization of surveillance through habituated use (Norberg et al., 2007).

## Research Methodology

### Research Design and Philosophical Underpinnings

This study employs an explanatory sequential mixed-methods design (Creswell & Plano Clark, 2017), integrating quantitative survey research with qualitative interviews and digital ethnography across two sequential phases. The sequential nature allows qualitative findings to explain and contextualize quantitative results, enabling robust triangulation across methods, data sources, investigators, and theoretical frameworks. The study is grounded in a pragmatic philosophical framework (Johnson & Onwuegbuzie, 2004) that prioritizes the research question over methodological dogma, supplemented by elements of critical realism (Bhaskar, 1978) that encourage analysis beyond surface-level correlations to identify the generative mechanisms structuring observable consumer behaviours.

### Sampling Strategy

The target population comprised adults aged 18–65 residing in North America and Western Europe who actively engaged with at least two digital media platforms at least three times per week for consumption related activities. A sample size of 500 was determined through power analysis (G*Power; Faul et al., 2009), providing 95% power for detecting small-to-medium effect sizes in multiple regression with up to eight predictors. Stratified random sampling with four stratification variables (age, gender, income level, geographic density) ensured representativeness against national census parameters, with post stratification weighting (raking) applied to address differential non response (design effect DEFF = 1.12, indicating minimal weighting impact). For qualitative purposes, 25 participants were

selected from the quantitative sample using purposeful maximum variation sampling (Patton, 2015), varying across digital engagement level, age cohort, influencer engagement, and privacy concern to capture the full spectrum of experiences.

**Data Collection Procedures**

The structured questionnaire was developed through a seven stage iterative process including comprehensive literature review, item generation from validated instruments, expert review, cognitive pre-testing (n = 15), pilot testing (n = 50), refinement, and final deployment. The instrument covered digital media usage patterns, the consumer decision journey across four stages, psychological constructs (trust, information overload, algorithm awareness, social comparison), and behavioural outcomes. Psychometric validation through confirmatory factor analysis demonstrated acceptable measurement model fit in both pilot (CFI = 0.93, RMSEA = 0.06) and main study (CFI = 0.94, RMSEA = 0.05), with reliability coefficients ranging from á = 0.76 to 0.88 across scales. Of 2,150 survey invitations distributed through a partnered online panel, 500 valid responses were retained after quality screening (effective response rate: 23.3%). Semi-structured interviews (M = 58 minutes) were conducted via video conference over six weeks, and digital ethnography involved 120 hours of systematic observation across Instagram, TikTok, Amazon, and a brand community Reddit forum.

**Analytical Strategy**

Quantitative analysis proceeded through four sequential stages using SPSS 28 and R 4.2: (1) descriptive and preliminary analysis including data cleaning and weighting; (2) bivariate and group difference analysis using Pearson correlations, chi-square tests, independent samples t-tests, and one way ANOVA with Tukey post hoc correction; (3) multivariate modelling through multiple linear regression, logistic regression, factor analysis (principal axis factoring, promax rotation), and cluster analysis; and (4) advanced analysis including structural equation modelling path analysis and decision tree analysis. All tests used á = 0.05 with Bonferroni correction for multiple comparisons; missing data was addressed through full information maximum likelihood (FIML). Qualitative data were analysed using hybrid deductive inductive thematic analysis (Fereday & Muir Cochrane, 2006) in NVivo 12, with trustworthiness ensured through Lincoln and Guba's (1985) criteria.

## Results

**Sample Characteristics**

Table 1 presents the demographic composition of the survey sample (N = 500). The sample concentrated in the 25–34 age bracket (35.0%), reflecting the target population's digital engagement profile, with substantial representation across all other cohorts. Gender distribution closely approximated population parameters (Female: 51.0%; Male: 48.0%). Income distribution captured the full socioeconomic spectrum, with the modal cluster in the $30,000–$59,999 bracket (36.0%). Geographic distribution reflected the urban concentration of high engagement digital populations (60.0% urban). Post-stratification weighting confirmed minimal design effects, validating the sample's representativeness.

**Table 1 : Demographic Profile of Survey Respondents (N = 500)**

| Demographic Variable | Category | Frequency | Percentage |
|---|---|---|---|
| Age Group | 18–24 | 125 | 25.0% |
| | 25–34 | 175 | 35.0% |
| | 35–44 | 120 | 24.0% |
| | 45–55 | 65 | 13.0% |
| | 56+ | 15 | 3.0% |
| Gender | Male | 240 | 48.0% |
| | Female | 255 | 51.0% |
| | Other/Prefer not to say | 5 | 1.0% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Income Level | Under $30,000 | 95 | 19.0% |
| | $30,000–$59,999 | 180 | 36.0% |
| | $60,000–$99,999 | 145 | 29.0% |
| | $100,000+ | 80 | 16.0% |
| Geographic Location | Urban | 300 | 60.0% |
| | Suburban | 150 | 30.0% |
| | Rural | 50 | 10.0% |

***Note :*** *Post-stratification weighting applied using raking (iterative proportional fitting). Design effect (DEFF) = 1.12.*

**Digital Media Engagement Patterns**

Table 2 reveals the striking intensity of digital engagement in the sample, with 80.0% reporting three or more hours of daily digital media use. The 47.0% reporting five or more hours establishes digital media as a central, habitual component of daily life for nearly half the sample a contextual reality within which all subsequent influence mechanisms must be understood. The concentration in the 3–5 hour and 5–8 hour bands suggests consumers experience commercial digital messaging as an ambient condition, normalizing exposure in ways that may reduce cognitive resistance to persuasive techniques. These findings have implications for threshold effects in digital influence modelling: subsequent regression analysis (Table 6) confirms that daily use volume is the single strongest predictor of purchase frequency (â = 0.32, $p < 0.001$), suggesting a dose response relationship between exposure and commercial outcomes.

**Table 2 : Daily Digital Media Usage Frequency (N = 500)**

| Hours Per Day | Frequency | Percentage | Cumulative % |
|---|---|---|---|
| < 1 hour | 15 | 3.0% | 3.0% |
| 1–3 hours | 85 | 17.0% | 20.0% |
| 3–5 hours | 165 | 33.0% | 53.0% |
| 5–8 hours | 150 | 30.0% | 83.0% |
| > 8 hours | 85 | 17.0% | 100.0% |

***Note :*** *'Active engagement' operationalized as using at least two digital platforms at least three times per week for consumption-related activities.*

**Platform Ecosystem Dynamics**

Table 3 maps the multi-platform product discovery ecosystem, revealing that contemporary consumers navigate a diverse array of channels serving differentiated informational functions. Google Search (84.0%) functions as the near-universal entry point, while Instagram (77.0%), YouTube (68.0%), Amazon (62.0%), and TikTok (53.0%) collectively demonstrate the social, visual, and entertainment-integrated dimensions of contemporary discovery. Multiple response data confirms that individual consumers typically span four or more platforms during a single purchase consideration process, challenging single channel attribution models in marketing analytics.

**Table 3 : Primary Digital Media Platforms Used for Product Discovery (Multiple Response, N = 500)**

| Platform | Frequency | %of Respondents |
|---|---|---|
| Google Search | 420 | 84.0% |
| Instagram | 385 | 77.0% |
| YouTube | 340 | 68.0% |
| Amazon | 310 | 62.0% |
| TikTok | 265 | 53.0% |
| Facebook | 220 | 44.0% |
| Pinterest | 180 | 36.0% |
| X (Twitter) | 120 | 24.0% |

***Note :*** *Multiple response format; column percentages exceed 100%. Data reflects platform usage in the three months prior to survey administration.*

देश में एफटीए यात्रा का माध्यमः– देश में एफटीए के लिए हवाई यात्रा परिवहन पसंदीदा तरीके के रूप में उभरा है। वर्ष 2022 में देश आने वाले 6.43 मिलियन विदेशी पर्यटकों में से अधिकांश ने हवाई यात्रा को प्राथमिकता दिया, जो कुल आगमन का 83.5 प्रतिशत था। इसके बाद, भूमि यात्रा 16.2 और समुद्री यात्रा केवल 0.3 प्रतिशत हिस्सा था। जबकि वर्ष 2021 के लिए हवाई, ज़मीनी और समुद्री यात्रा की हिस्सेदारी क्रमशः 87.5, 11.8 और 0.7 प्रतिशत थी। उल्लेखनीय है कि ज़मीनी आगमन में मुख्यतः बांग्लादेश और पाकिस्तान के पर्यटक शामिल हैं।

वर्ष 2022 के दौरान, दिल्ली हवाई अड्डे ने देश में सबसे अधिक एफटीए दर्ज किए, जो कुल एफटीए का 31.4 प्रतिशत, इसके बाद मुंबई हवाई अड्डा (15.0 प्रतिशत), हरिदासपुर भूमि चेकपोस्ट (9.3 प्रतिशत), चेन्नई हवाई अड्डा (9.2 प्रतिशत), बेंगलुरु (6.4 प्रतिशत), हैदराबाद (4.6 प्रतिशत), कोचीन (4.4 प्रतिशत) और कोलकाता हवाई अड्डा (3.8 प्रतिशत) का स्थान रहा है। वर्ष 2022 के दौरान, कुल एफटीए में 57.99 प्रतिशत पुरुष, 42.00 प्रतिशत महिलाएँ और 0.01 प्रतिशत थर्ड जेंडर शामिल थे जबकि वर्ष 2021 में एफटीए का पुरुष और महिला अनुपात क्रमशः 59.7 और 40.3 प्रतिशत था।

### देश को एफटीए से विदेशी मौद्रिक आय

पर्यटन देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत ने एफटीए द्वारा व्यय से वित्तीय आय (एफईई) वर्ष 1991 में 4318 करोड़ रुपए अर्जित किया था,

**सारणी–5**

**देश द्वारा एफटीए से अर्जित विदेशी मौद्रिक आय**

| वर्ष | व्यय से वित्तीय आय | | व्यय से वित्तीय आय | |
|---|---|---|---|---|
| 1991 | 4318 | – | 1861 | – |
| 2001 | 15083 | –3.5 | 3198 | –7.6 |
| 2011 | 83037 | 25.49 | 17707 | 22.20 |
| 2015 | 134843 | 12.03 | 21012 | 6.67 |
| 2019 | 216467 | 10.83 | 30721 | 7.54 |
| 2020 | 50136 | –76.84 | 6958 | –77.35 |
| 2021 | 65070 | 29.79 | 8797 | 26.43 |
| 2025 | 139935 | 115.05 | 17611 | 100.19 |

**स्रोत**– देश पर्यटन सांख्यिकी, 2023 पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

जो बढ़कर वर्ष 2001 में 15083 करोड़, 2011 में 83037 करोड़ और 2022 में 139935 करोड़ रुपए पहुंच गई थी। एफटीए द्वारा जनवरी–दिसंबर 2023 के दौरान व्यय से वित्तीय आय 2,31,927 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 65.74 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। विदेशी मुद्रा के रूप में एफईई 28.077 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंच गई, जो 59.43 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्शाती है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में दृ8.61 प्रतिशत की गिरावट आई है। पर्यटन से एफईई 2021 में 8. 797 बिलियन यूएस डॉलर की तुलना में वर्ष 2022 में 17.611 बिलियन यूएस डॉलर थी, जिसने 100. 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और पूर्व–महामारी वर्ष 2019 की तुलना में 57.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई

है। जैसा कि सारणी–5 से स्पष्ट है। उद्योग संवर्धन निकाय, इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन के अनुसार, देश में यात्रा और पर्यटन उद्योग से 2024 में लगभग 24 बिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न होने का अनुमान है। जबकि वर्ष 2024 से 2028 के दौरान 9.6 प्रतिशत की अनुमानित वार्षिक वृद्धि दर से पर्यटन उद्योग के वर्ष 2028 तक 34.25 बिलियन डॉलर तक पहुँचने की उम्मीद है।

## देश को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन से प्राप्तियाँ

अंतरराष्ट्रीय पर्यटन प्राप्तियों में विश्व और भारत की स्थिति को सारणी–6 में दर्शाया गया है। सारणी से स्पष्ट है कि विश्वभर में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन प्राप्तियाँ, जो 2001 में मुश्किल से 463.8 बिलियन यूएस डॉलर थी, जो बढ़कर वर्ष 2022 में 1108 बिलियन यूएस डॉलर हो गई है। देश की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है, जो 2001 में 36वें स्थान से सुधरकर 2022 में 14वें स्थान पर आ गई है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन प्राप्तियों के क्षेत्रीय वितरण पर गौर करें, तो वर्ष 2022 के दौरान अंतरराष्ट्रीय पर्यटन से दुनिया की कुल प्राप्तियों में यूरोप का लगभग (49.9 प्रतिशत) हिस्सा था, इसके बाद अमेरिका (23 प्रतिशत), एशिया और प्रशांत क्षेत्र (14.2 प्रतिशत), मध्य पूर्व (10 प्रतिशत) और अफ्रीका का स्थान था।

**सारणी–6**

**अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन प्राप्तियों में विश्व और देश की स्थिति (यूएस डॉलर)**

| वर्ष | विश्व में पर्यटन प्राप्तियाँ (बिलियन) | विश्व में पर्यटन प्राप्तियाँ वार्षिक वृद्धि (%) | देश में पर्यटन प्राप्तियाँ (मिलियन) (%) | देश में पर्यटन प्राप्तियाँ वार्षिक वृद्धि (%) | देश का हिस्सा (%) | देश की रैंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2001 | 463.8 | –2.4 | 3.2 | –7.8 | 0.69 | 36वीं |
| 2005 | 679.6 | 7.3 | 7.5 | 21.4 | 1.1 | 22वीं |
| 2010 | 931 | 9.1 | 14.5 | 30.1 | 1.56 | 17वीं |
| 2015 | 1217 | –2.8 | 21.0 | 6.6 | 1.73 | 14वीं |
| 2019 | 1486 | 3.3 | 30.7 | 7.3 | 2.07 | 14वीं |
| 2020 | 554 | –62.7 | 13.0 | –57.7 | 2.35 | 13वीं |
| 2021 | 632 | 14.1 | 8.7 | –33.1 | 1.38 | 23वीं |
| 2025 | 1109 | 75.5 | 21.4 | 146.0 | 1.93 | 14वीं |

**स्रोत**– यूएनडब्ल्यूटीओ विश्व पर्यटन बैरोमीटर, सितंबर, 2023 और देश पर्यटन सांख्यिकी, 2023 पर्यटन मंत्रालय।

वर्ष 2001 में विश्व पर्यटन प्राप्तियों में देश की प्राप्तियां 3.2 बिलियन यूएस डॉलर थी, जो बढ़कर वर्ष 2005 में 7.5, वर्ष 2010 में 14.5, वर्ष 2015 में 21. 0, वर्ष 2019 में 30.7 बिलियन यूएस डॉलर हो गई थी। हालाँकि कोविड महामारी के कारण वर्ष 2020 में गिरावट देखने को मिली है और भारत की प्राप्तियां घटकर वर्ष 2020 में 13.0 और 2021 में 8. 7 बिलियन डॉलर हो गई, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 21.4 बिलियन डॉलर पहुँच गई थी। इस तरह, विश्व पर्यटन से भारत की प्राप्तियाँ वर्ष 2001 से 2019 तक लगातार बढ़ी हैं। सारणी से स्पष्ट है कि वर्ष 2001 में विश्व पर्यटन प्राप्तियों में भारत की हिस्सेदारी 0.69 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वर्ष 2005 में 1.1 प्रतिशत, वर्ष 2010 में 1.56 प्रतिशत, वर्ष 2015 में 1.73 प्रतिशत, वर्ष 2019 में 2.07 प्रतिशत, वर्ष 2020 में 2.35 प्रतिशत हो गई थी। हालांकि कोविड महामारी के कारण वर्ष 2020 के बाद भारत की हिस्सेदारी घटकर वर्ष 2021 में 1.38 प्रतिशत

हो गई, जो वर्ष 2022 में बढ़कर 1. 93 प्रतिशत पहुंच गई थी। इस तरह, विश्व पर्यटन प्राप्तियों में देश की हिस्सेदारी वर्ष 2001 से वर्ष 2020 तक लगातार बढ़ी है।

## देश का घरेलू पर्यटन

घरेलू पर्यटन वह पर्यटन है जिसमें देश के निवासी देश के भीतर ही यात्रा करते हैं अर्थात् यदि कोई यात्री अपने देश की सीमा क्षेत्र के भीतर के स्थानों की यात्रा करता है तो उसे घरेलू (डोमेस्टिक) पर्यटन कहा जाता है। देश के राज्यों / संघ क्षेत्रों में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की यात्राओं को सारणी–7 में दर्शाया गया है। सारणी से स्पष्ट है कि वर्ष 2001 में घरेलू पर्यटकों की वार्षिक वृद्धि 7.43 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वर्ष 2019 में 25.26 प्रतिशत हो गई। कोरोना काल की अपवादिक अवधि को छोड़ दें तो घरेलू पर्यटकों की यात्राओं में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2011 से 2022 तक सभी राज्यों / संघ क्षेत्रों में घरेलू पर्यटकों की यात्राओं की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 5.96 प्रतिशत रही है।

इस दौरान विदेशी पर्यटकों की यात्राओं में भी वृद्धि हुई है। वर्ष 2001 में विदेशी पर्यटकों की वार्षिक वृद्धि 7.76 प्रतिशत नकारात्मक थी, जो बाद में सकारात्मक रूप से बढ़कर वर्ष 2019 में 8.86 प्रतिशत हो गई। कोरोना काल की अपवादिक अवधि को छोड़ दें तो विदेशी पर्यटकों की यात्रा वृद्धिन्मुख रही है। यद्यपि वर्ष 2011 से 2022 तक सभी राज्यों/संघ क्षेत्रों में विदेशी पर्यटकों की यात्राओं की सीएजीआर 6.61 प्रतिशत नकारात्मक रही है। लेकिन रुझान बताते हैं कि देश का घरेलू पर्यटन संवृद्धि की ओर अग्रसर है। वर्ष 2021 की तुलना में वर्ष 2022 में घरेलू पर्यटकों की यात्राओं में 155.45 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई जबकि विदेशी पर्यटकों की यात्राओं में 2021 की तुलना में 714.26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

**सारणी– 7**

**देश के राज्यों/संघ क्षेत्रों में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की यात्राएँ**

| वर्ष | घरेलू पर्यटक भ्रमण | | वार्षिक वृद्धि दर (%) | |
|---|---|---|---|---|
| | घरेलू | विदेशी | घरेलू | विदेशी |
| 1991 | 66670303 | 3146652 | – | – |
| 2001 | 236469599 | 5436261 | 7.43 | –7.76 |
| 2011 | 864532718 | 19497126 | 15.83 | 8.86 |
| 2015 | 1431973794 | 23326163 | 11.63 | 4.44 |
| 2019 | 2321982663 | 31408666 | 25.26 | 8.86 |
| 2020 | 610216157 | 7171769 | –73.72 | –77.17 |
| 2021 | 677632981 | 1054642 | 11.05 | –85.29 |
| 2025 | 1731013539 | 8587562 | 155.45 | 714.26 |

**स्रोत**– देश पर्यटन सांख्यिकी, 2023 पर्यटन मंत्रालय, भारत की सरकार, नई दिल्ली।

घरेलू और विदेशी पर्यटकों की घरेलू यात्राओं की हिस्सेदारी पर गौर करे तो वर्ष 2022 में घरेलू पर्यटकों की यात्राओं में प्रमुख पांच राज्य उत्तर प्रदेश (317.91 मिलियन), तमिलनाडु (218.58 मिलियन), आंध्र प्रदेश (192.72 मिलियन), कर्नाटक (182.41 मिलियन) और गुजरात ( 135.81 मिलियन) थे जिनकी क्रमशः हिस्सेदारी 18.4 प्रतिशत, 12.6 प्रतिशत, 11.1 प्रतिशत, 10.5 प्रतिशत और 7.8 प्रतिशत थी। इन 5 राज्यों ने देश में कुल घरेलू पर्यटकों की यात्राओं में करीब 60.4 प्रतिशत का

योगदान दिया जबकि वर्ष 2022 में विदेशी पर्यटकों की यात्रा प्रमुख 5 राज्य / संघ क्षेत्र गुजरात (1. 78 मिलियन), महाराष्ट्र (1.51 मिलियन), पश्चिम बंगाल (1.04 मिलियन), दिल्ली (0.82 मिलियन) और उत्तर प्रदेश (0.65 मिलियन ) थे जिनकी क्रमशः हिस्सेदारी 20.7 प्रतिशत, 17.6 प्रतिशत, 12. 1 प्रतिशत, 9.5 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी । इन्होनें देश के राज्यों/संघ क्षेत्रों में कुल विदेशी पर्यटकों की यात्राओं का लगभग 67.5 प्रतिशत हिस्सेदारी का योगदान दिया है। स्पष्ट है कि वर्ष 2011 से 2019 के दौरान घरेलू पर्यटकों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, कोविड के कारण वर्ष 2020 में घरेलू पर्यटक भ्रमण (डीटीवी) में अचानक कमी आई। इसके बाद, वर्ष 2021 और 2022 में घरेलू पर्यटकों की संख्या में क्रमशः 11.05 प्रतिशत और 155.45 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। कुल मिलाकर, अधिकांश राज्यों/संघ क्षेत्रों में वर्ष 2026 के दौरान घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि देखी गई है।

परिणाम एवं सुझाव : उपर्युक्त अध्ययन के आधार पर यह कहा जा सकता है कि वर्ष 2022 के दौरान देश में एफटीए की संख्या वर्ष 2021 के 1. 52 मिलियन की तुलना में बढ़कर 6.44 मिलियन हो गई जिससे 321.54 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और महामारी पूर्व वर्ष 2019 की तुलना में 58.9 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई। वर्ष 2022 में एफटीए में सकारात्मक वृद्धि दर देखी गई, वहीं एनआरआई और आईटीए में भी सकारात्मक वृद्धि देखी गई। वर्ष 2021 से 2022 तक एनआरआई के आगमन में 43.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2021 के सापेक्ष2022 में देश में वार्षिक अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में 104.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि यह देखने में आया है कि पर्यटकों के लिए स्पष्ट दिशा निर्देशों का अभाव, कमज़ोर ढंग से विनियमित स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मानक, अकुशल रूप से प्रबंधित पर्यटक सूचना केंद्र और बोझिल वीज़ा विनियमन जैसी शासन संबंधी चुनौतियां विद्यमान हैं, जो दीर्घकाल में संभावित आगंतुकों को हतोत्साहित कर सकती हैं। इसलिए उक्त चुनौतियों का यथोचित समाधान आवश्यक है। बेहतर अवसंरचना पर्यटकों को आकर्षित करती है जबकि कई पर्यटन स्थल पर्याप्त हवाई, रेल एवं सड़क संपर्क, विश्वसनीय इंटरनेट पहुंच और उचित आतिथ्य, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुविधाओं जैसी आवश्यक अवसंरचना का अभाव रखते हैं, जिन्हें सुधार कर समावेशी तरीके से पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।

रूप में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। वर्ष 2025 पर्यटन देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जक में पर्यटन से एफईई 17.611 बिलियन डॉलर थी, जिसने 2021 की तुलना में 100.19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और महामारी पूर्व वर्ष 2019 की तुलना में 57.33 प्रतिशत हासिल की है। वर्ष 2025 में देश में पर्यटन से एफईई 17.611 बिलियन डॉलर और विश्व पर्यटन प्राप्ति में 1.70 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है। दुनिया भर में शीर्ष 10 आईटीए स्रोत देश फ्रांस, स्पेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, तुर्की, इटली, मैक्सिको, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, ग्रीस और ऑस्ट्रिया हैं। पर्यटन के लिए दुनिया के आईटीए में देश 2019 में 24वें स्थान से सुधरकर 2021 में 17वें स्थान पर पहुँच गया है।

देश में वर्ष 2022 में 1731.01 मिलियन घरेलू पर्यटक आए, जो 2021 में 677.63 मिलियन से 155. 45 प्रतिशत अधिक हैं। देश में 8.59 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जो 2021 में 1.05 मिलियन से 714.26 प्रतिशत अधिक है। सबसे अधिक घरेलू पर्यटक आकर्षित करने वाले दो राज्य उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु हैं, जहाँ क्रमशः 317.91 मिलियन और 218.58 मिलियन पर्यटक आए। गुजरात और महाराष्ट्र में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक आए, जहाँ क्रमशः 1.78 मिलियन और 1.51 मिलियन पर्यटक आए।

विश्व आर्थिक मंच द्वारा यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2024 में देश 39वें स्थान पर रहा

है जबकि वर्ष 2025 में 54वें स्थान पर था। स्पष्ट है कि देश को शीर्ष पर्यटक देशों में शामिल करने हेतु पर्यटन उद्योग के विकास के लिए पर्यटन नियोजन की आवश्यकता है, जो पर्यटन की विकास प्रक्रिया में विद्यमान समस्याओं को सुलझाने और निर्णय लेने में सहायक हो, ताकि पर्यटन उद्योग से वांछित उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके। पर्यटन क्षेत्र के लिए व्यापक आर्थिक नियोजन तकनीकों का उपयोग अपेक्षाकृत नया क्षेत्र है। इसलिए पर्यटन उद्योग बेहतर समर्थन हेतु एक समावेशी और दूरदर्शी नियोजन की आवश्यकता महसूस हो रही है, जो देश में रोज़गार सृजन, पर्यावरण उत्थान, दूर–दराज वाले क्षेत्रों के विकास और महिलाओं एवं वंचित समूहों के विकास में उत्प्रेरक का कार्य करे।

## सकल निष्कर्ष

कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि विदेशी पर्यटकों के आगमन में प्रत्याशित उछाल मुख्य रूप से अवकाश यात्रा की मांग में मजबूत उछाल से प्रेरित है, जिसे बेहतर वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थितियों से समर्थन मिला है। देश में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग बनकर उभरा है, जो देश घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 5 प्रतिशत और कुल रोज़गार में 12.57 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। वर्ष 2027 तक देश में यात्रा बाजार 125 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। वर्ष 2028 तक अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन 30.5 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है जिसके चलते वर्ष 2028 तक देश के पर्यटन और आतिथ्य उद्योग से 59 बिलियन डॉलर से अधिक का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है। भारतीय कंपनियाँ पिछले एक दशक से पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए प्रौद्योगिकी को एक प्रमुख प्रवर्तक के रूप में इस्तेमाल कर रही हैं। सर्च इंजन और वैश्विक वितरण प्रणाली सेवाओं से लेकर ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों तक, ट्रैवल इंडस्ट्री ने महत्वपूर्ण नवाचार देखे हैं, हालांकि इसमें बहुत कुछ होने की गुंजाइश है।

देश के पर्यटन उद्योग ने कोविड–19 व्यवधानों के बाद उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। देश की सरकार द्वारा लागू की गई रणनीतिक नीतियों से व्यापार और चिकित्सा पर्यटन में वृद्धि से विकास को बढ़ावा मिला है। यद्यपि, विदेशी पर्यटकों के आगमन को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार सक्रिय रूप से क्रूज पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, साहसिक पर्यटन, आध्यात्मिक और धार्मिक पर्यटन सहित विशिष्ट क्षेत्रों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इन लक्षित पहलों का उद्देश्य भारत में अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों के लिए अनुभवों के स्पेक्ट्रम में विविधता बढ़ाना और उनका विस्तार करना है। लेकिन दुनिया के सर्वाधिक आगंतुकों वाले देशों में 22वें स्थान पर होने के बावजूद, हवाई किराए में उछाल जैसी चुनौतियाँ निरंतर विकास के लिए खतरा पैदा कर रही हैं। विमानन ईंधन की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है। इस दिशा में किराये को नियंत्रित करने और क्षमता बढ़ाने के लिए सरकारी प्रयास आवश्यक हैं।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. गांजेर, एच. एवं सी. गांट्र (1983), 'मैनेजिंग टूरिस्टस एंड पॉलिटिशंस इन इंडिया', इंटरनेशनल टूरिज्म मैनेजमेंट, जून 1983, पृष्ठ 118–125
2. सिंह, एस. (2001), 'इंडियन टूरिज्मः पालिसी, परफॉरमेंस डेवलप्ड वर्ल्ड : इश्यूज एंड केस स्टडीज, कैबी ऑक्सफोर्डशायर, पृष्ठ 137–149
3. भारत सरकार (2002), 'राष्ट्रीय पर्यटन नीति, 2002', पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
4. मोट्ट, मैक्डोनाल्ड (2007), 'इवैल्यूएशन स्टडी ऑफ रूरल टूरिज्म स्कीम' एमआर डिवीज़न मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म, भारत सरकार को प्रस्तुत, जून 2007
5. श्रीवास्तव, प्रवीण कुमार (2008), 'द एचआर चौलेंजेज इन टूरिज्म इंडस्ट्री इन इंडियाश कांफ्रेंस ऑन टूरिज्म इन इंडिया : चौलेंजेज अहेड, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट कोझीकोड, 15–17 मई 2008
6. सिंह, एस. (2008), 'डेस्टिनेशन डेवलपमेंट डिलिम्माः केस ऑफ़ मानली इन हिमाचल हिमालय'

इंटरनेशनल टूरिज्म मैनेजमेंट, 29 (2008), पृष्ठ 1152—1156

7. बेकन, रॉबर्ट जान एवं भगवतुला, सुरेश (2010), 'सम रेफ्लेक्शंस टूरिज्म एंड टूरिज्म पालिसी इन इंडिया' भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर, आईआईएमबी वर्किंग पेपर — 320 1
8. मल्लेश्वरान, डॉ. सी. एवं टी. कन्नन (2014), 'फ्यूचर पोटेंशियल ऑफ़ इंडियन टूरिज्म', शैलांक्स इंटरनेशनल जर्नल ऑफ कॉमर्स, वॉल्यूम—2 संख्या—3 जुलाई 2014, आईएसएसएनः 23204168
9. सुबाष, डॉ. टी (2015), 'टूरिज्म इन इंडिया : पोटेंशियल, चौलेंजेज एंड अपार्चुनिटीज़', इंटरनेशनल जर्नल ऑफ रिसर्च एंड एनालिटिकल रिव्यू वॉल्यूम—2, इश्यू — 4 अक्टूबर—दिसंबर, 2015, आईएसएसएन : 23481269, पृष्ठ 8—18
10. भारत सरकार (2022), 'राष्ट्रीय पर्यटन नीति, 2022 पर्यटन मंत्रालय', भारत सरकार नई दिल्ली।
11. सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी प्रा. लि. https://industryoutlook.cmie.com
12. https://Pib.gov.in/FactsheetDetails.aspx?Id =149085 &reg=3&lang=1
13. https://www.ibef.org/industry/indian-tourism-and-hospitality-industry-analysis-presentation
14. https://www.orfonline.org/hindi/expert-speak /- benefits-from-indias-tourist-tourism- potentiall
14. https://tourism.gov.in/sites/default/files/202402 / India%20Tourism%20Statistics%202023-English.pdf
15. https://tourism.gov.in/overseas-marketing
16. https://sansad.in/rs/questions/questions-and-answer

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
SHODH CHETNA YEAR 2026 Vol. 1 PRAYAGRAJ
**Paper Received : 12th March 2026** **Paper Accepted : 20th March 2026**

# लोक शब्द विमर्श

▫ **लालबहादुर शहंगडाले***
▫ **प्रो. सूर्यनारायण गौतम****

## शोध-सारांश

संसार में दो प्रकार के व्यवहार अस्तित्व में हैं। जिन्हें लौकिक और वैदिक व्यवहार के नाम से जाना जाता है।'लोक' शब्द अत्यन्त प्राचीन वैदिक शब्द है, जो वेदों, ब्राह्मणों, उपनिषदों और स्मृतियों में बार–बार आता है। आगे चलकर यह कवियों की लेखनी तथा उनके चिन्तन को भी आभाषित करते हुए प्राचीन साहित्य से लेकर अर्वाचीन साहित्य तक व्याप्त हुआ है। समय के साथ इसका अर्थ पौराणिक व्याख्याओं में बदलकर "स्वर्ग–नरक" जैसे कल्पित लोकों तक सीमित कर दिया गया। आर्यदृष्टि से 'लोक' शब्द अस्तित्व के क्षेत्र या जीव के अनुभव–स्थान का बोध कराता है।लौकिक एवं वैदिक व्यवहार में शास्त्रीय दृष्टि से क्या भेद है ? इस तथ्य को इस अध्याय में वर्णित किया जायेगा। सबसे पहले लोक शब्द पर विचार करते हैं।

***मुख्य शब्द***– लोक, विमर्श।

लोक शब्द अत्यन्त प्राचीन शब्दावली में प्रयुक्त हुआ शब्द है। जिसका उल्लेख वैदिक साहित्य से लेकर आधुनिक साहित्य में हुआ है। लोक व्यवहार का चिन्तन प्राचीन काल में जिस प्रकार चिन्तनीय थ उसी प्रकार आज वर्तमान में भी प्रासंगिक है। इसका कमशः अध्ययन निम्न प्रकार से किया गया है–

### ऋग्वेद में लोक

ऋग्वेद के एक प्रसंग में ऋषियों ने देवताओं से प्रार्थना की है जिसमें उहोंने उत्तम लोक प्राप्त करने की कामना की है–''लोकं न धेहि तव गोपाः अव्याः।''[1] "हे देवता! हमें शुभ लोक प्रदान करो।" यहाँ 'लोक' का अर्थ है श्रेष्ठ जीवन–क्षेत्र, अर्थात् उत्तम अवस्था या श्रेष्ठ समाज। ऋग्वेद के पुरुष सूक्त में लोक शब्द का अर्थ स्थान तथा जीव के अर्थ में किया गया है। संसार की उत्पत्ति कैसे हुई तथा इसमें कितने प्रकार के प्राणी हैं। मानव समाज को चार भागों में विभक्त कर वर्ण व्यवस्था दी। लोकों की चर्चा करते हुए कहा गया है–

**नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत। पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात् तथा लोकाँ अकल्पयन्।।**[2]

### यजुर्वेद में लोक

शुक्ल यजुर्वेद में लोक शब्द एक स्थान पर

---

* शोधार्थी– संस्कृत विभाग, एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)
** संस्कृत विभाग, एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)

सीधे न आकर केवल उनकी उपस्थिति का बोधक हुआ है। जैसे–आ भूम्यै नमः, अन्तरिक्षाय नमः, दिवे नमः।[3] इन तीनों से 'भूः, भुवः, स्वः' – ये त्रयः लोकाः प्रसिद्ध हुए।

यह "त्रिलोक" किसी कल्पित संसार का नहीं, बल्कि भौतिक और ब्रह्माण्डीय स्तरों का संकेत है–

भूः = स्थूल भौतिक जगत् (पृथ्वी), भुवः = वायुमण्डल, अन्तरिक्ष, स्वः = तेजोमय द्युलोक, अर्थात् प्रकाश का क्षेत्र।

किन्तु शुक्ल यजुर्वेद संहिता के 40वें अध्याय में आध्यात्मिक चर्चा करते हुए यह कहा गया है कि, इस संसार में अनेक ऐसे लोक हैं जिनमें सदैव महा अन्धकार रहता है। जिसमें अनैतिक कर्म करने वाले जीव वहाँ जाते हैं। इस प्रकार यजुर्वेद में भी लोक शब्द उद्धृत हुआ है–

**असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृता।**
**तांस्ते प्रेत्याभिगच्छन्ति एके चात्महनो जनाः।।**[4]

**सामवेद में लोक**

**''विश्वानि देव सवितः दुर्धा अस्मानि पाहि लोकात्।''**

प्रस्तुत मन्त्र में सूर्य देव से प्रार्थना की गई है कि, हमें इस लोक की दुरावस्था से रक्षा करो।

**अथर्ववेद में लोक**

अथर्ववेद के एक प्रसंग में ऋषियों ने परमात्मा को लक्ष्य करके लोक शब्द का प्रयोग करते हुए कहा है कि, जो परमात्मा सारे लोकों का स्वामी है वही हमारी रक्षा करे–

**''यो नो विश्वस्य लोकस्य पतिः ब्रह्मा भूतानां भवति स नः पातु।**[5]

**अर्थ**– "जो इस सम्पूर्ण लोक (जगत्) का स्वामी है, वही हमें रक्षण करे।" यहाँ "लोक" का अर्थ संसार, विश्व है।

**ब्राह्मण ग्रन्थ में लोक**

ब्राह्मण ग्रन्थों में लोक शब्द प्रयुक्त हुआ है–अयं वै लोको मनुष्याणाम, अमुष्मिन् देवानाम्।6 "यह लोक मनुष्यों का है, और वह (स्वर्गलोक) देवों का है।" यहाँ 'लोक' विभिन्न अस्तित्व–क्षेत्रों का संकेत करता है, न कि कोई एक स्थान विशेष का।

**आरण्यक में लोक**

तैत्तिरीय आरण्यक में लोक शब्द की आध यात्मिक व्याख्या की गई है। यथा–

भूः = स्थूल जगत् ,भुवः = प्रणमण्डलम्, स्वः = मनोवृत्तिक्षेत्रम्, महः = हृदयाकाशः, जनः = साक्षीभावः, तपः = ध्यान चेतना, सत्यं = ब्रह्मस्वरूपम्।

**एते सप्तलोकाः न केवलं भौगोलिकाः किन्तु आध्यात्मिकी यात्रायां सोपानभूताः सन्ति।**

**मनु स्मृति में लोक**

महाराज मनु ने अपनी मनुस्मृति में 'लोक' शब्द का प्रयोग करते हुए कहा है कि, संसार में तीन लोक हैं– यहाँ तीन लोक = भूः, भुवः, स्वः।

स्मृति ग्रन्थ में चार वर्णों तीन लोकों, चार आश्रमों, भूत, भविष्य, वर्तमान आदि तीनों कालों का वर्णन किया है। जिसमें 'त्रयो लोका' शब्द उद्धृत है–

**चातुर्वर्ण्यं त्रयो लोकाश्चत्वारश्माश्रमाः पृथक्।**
**भूतं भव्यं भविष्यं च सर्वं वेदात् प्रसिध्यति।।**[7]

तीन लोक और चार आश्रम अलग–अलग हैं। निरुक्तम् में आचार्य यास्क ने तीन लोकों का वर्णन किया है– 1. भू लोक। 2. अन्तरिक्ष लोक तथा 3. द्यु लोक।

वेदों में जिन तैंतीस कोटि देवों की परिकल्पना की गई है वे तैंतीस तीनों लोकों में ग्यारह, ग्यारह की संख्या में हैं। ग्यारह देवता पृथिवी स्थानीय हैं, ग्यारह देवता अन्तरिक्ष स्थानीय तथा ग्यारह देवता द्यु लोक स्थानीय हैं।तैंतीस कोटि देवता का आशय है तैंतीस प्रकार के। जैसे–

**वसु 8**– आपा, घ्रुव, सोम, धर, अनिल, अनल, प्रत्युष तथा प्रभास ये आठ वसु हैं।

**रुद्र 11**– 8कपाली, पिंगल, भीम, विरूपाक्ष, विलोहित, शास्ता, अजपाद, अहिर्बुध्न, शंभु , चंड़ तथा भव है। शिवपुराण शतरुद्र संहिता में रुद्र का उल्लेख प्राप्त होता है–

**एकादशैते रुद्रास्तु सुरभीतनया स्मृताः।**
**देवकार्यार्थमुत्पन्नशिवरूपास्सुखास्पदम्।।**[9]

**आदित्य 12**— विवस्वान्, अर्यमा, पूषा, त्वष्टा, सविता, भग, धाता, विधाता, वरुण, मित्र, इन्द्र तथा त्रिविक्रम है।

**इन्द 1**

**प्रजापति 1**

सारे लोक इन्ही 33 देवताओं की महिमा से आच्छादित हैं।

## पुराण साहित्य में लोक

पुराणों में चौदह लोकों का वर्णन है। जो सात लोक पृथ्वी से ऊपर हैं उन सात लोकों का वर्णन इस प्रकार प्राप्त होता है— भूलोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तपलोक, सत्यलोक। सात लोक नीचे के भी हैं—अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल और पाताल। इन्हें ही भुवन भी कहा जाता है। मुख्यतः आचार्य यास्क निरूपित तीन लोक भूर्भुवः स्वः ही हैं तथा उनके भेद के रूप में बाकी सभी भुवन हैं जो तीन लोकों के भीतर ही हैं। इन्ही तीनों लोकों को व्यापक विष्णु मापते हैं—

**इदं विष्णुर्विचक्रमे. त्रेधा निदधे पदम्।**
**समूढमस्य अपां सुरे स्वाहा।।**[10]

ऋग्वेद के उक्त मन्त्र के आधार पर उसी ज्ञान का उपबृंहण करते हुए श्रीमद्भागवत महापुराण में बामन अवतार की कल्पना की गई है।[11] जिसमें बामन रूपधारी विष्णु के द्वारा राजा बलि द्वारा तीन पग धरती दान करने की वचनबद्धता से विष्णु ने तीन पग में पूरी धरती को माप लिया और उसे पुनः देवराज के लिए प्रदान कर दिया। तीनों लोकों को अपने एक पग से माप लेने वाले व्यापक विष्णु की संसार में सात्विक जन आराधना करते हैं—

**तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः।**[12]

यह आध्यात्मिक ज्ञान की ओर बुद्धि को प्रेरित करता है। ऋग्वेद में परमात्मा के सताधिकनाम हैं। जिनमें सबसे पहला नाम ओ3म् है। जिसकी अनेक उपनिषदों में चर्चा है तथा सभी उपनिषद् ओ3म् का ही समर्थन करते हैं।

यह परमात्मा का निज नाम है जो प्रकृति के आदि में मनुष्य को ध्यानावस्था में प्रतीत होता है। अन्य अनेक नाम ईश्वर के गुणवाचक हैं। विष् व्यापणे धातु से विष्णु बना। कृष् कर्षणे से कृष्ण बना। शिव कल्याणकारी होने से शिव हुआ इसी प्रकार ईश्वर के नाम उनके नाना कर्म के अनुसार हैं— ''एकैवात्मा बहुधा स्तूयते''[13] ईश्वर एकरस तथा सर्वत्र गया हुआ है। वह एक ही है किन्तु अपनी नाना प्रकार की अलौकिक शक्तियों के द्वारा नाना प्रकार से अनुभूत होता है। जिसके लिए उपनिषदों में कहा गया है— **''तस्य भा सर्वमिदं विभाति।''**

## संस्कृत काव्यों में लोक

आचार्य मम्मट ने काव्य के प्रयोजन के हेतु को स्पष्ट करते हुए जहाँ मेधावी की मेधाशक्ति, उस मेधा से कार्य की निरन्तरता के परिणाम स्वरूप नैपुण्य तथा लोक आदि के परिज्ञान की चर्चा की है, उसमें लोक शब्द भी उद्धृत है। यथा—

**शक्ति निपुणता लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणात्।**
**काव्यज्ञशिक्षयाभ्यासः इति हेतुश्तदुद्भवे।।**[14]

**अर्थ**— लोक अर्थात् स्थावर जंगम रूप संसार के व्यवहार के, शास्त्र अर्थात् छन्द, व्याकरण, संज्ञा शब्दों के कोश, कला, चतुर्वर्ग, हाथी, घोड़े एवं षडादि के लक्षण ग्रन्थों और महाकवि संबन्धी काव्यों के ग्रहण से इतिहास आदि के पर्यालोचन से उत्पन्न व्युत्पत्ति और निर्माण करने तथा जोड़—तोड़ करने में बारम्बार प्रवृत्ति ये तीनों मिलकर अलग—अलग नहीं हैं। इस प्रकार कवियों ने लोक शब्द का व्यापक अर्थ किया है। गोस्वामी तुलसीदास ने भी अपने लोकविश्रुत ग्रन्थ श्रीरामचरितमानस में मोक्ष की आवश्यकता तथा राम नाम संकीर्तन तथा बारम्बार उच्चारण का महत्त्व बताते हुए कहते हैं—

**लोकहुँ वेद न आन उपाऊ।।**[15]

## आर्षदृष्टि से 'लोक' का तात्त्विक अर्थ

महर्षि दयानन्द सरस्वती ने 'लोक' शब्द को यथार्थ व ब्रह्माण्डीय अर्थ में स्वीकार किया है।

उनके अनुसार– "लोक वह प्रदेश है जहाँ जीव अपने कर्मफलानुसार सुख–दुःख का अनुभव करता है।" अर्थात्, 'लोक' कोई परलोक नहीं, बल्कि कर्मफल के अनुसार वह मानव द्वारा वैयक्तिक अनुभव का क्षेत्र है–

यह पृथ्वी भी एक लोक है, और ज्ञान–सम्पन्न चेतना–अवस्था भी एक ऊँचा लोक है। 'लोक' शब्द वेदों में जगत्, प्रदेश, अस्तित्व या अनुभव–क्षेत्र के अर्थ में आया है। 'त्रिलोकी' का भाव– भौतिक, प्राणिक और प्रकाशमय (दैविक) तीन अस्तित्व–स्तर।

आर्यदृष्टि में 'लोक' = जीव–अनुभूति का क्षेत्र, न कि काल्पनिक स्वर्ग या नरक। अतः 'स्वर्गलोक प्राप्ति' का अर्थ– उत्तम अवस्था प्राप्ति, और "नरकलोक" का अर्थ कृ अधम, दुःखमय जीवन अवस्था।

'सारा भूत, वर्तमान और भविष्य– सब कुछ वेद से ही प्रकाशित है।" जैसे वेद सम्पूर्ण सृष्टि का ज्ञान देता है, वैसे ही 'लोक' उस ज्ञान का अनुभव–क्षेत्र है। जहाँ जीव अपने कर्मों के अनुसार जीवन का अनुभव करता है। "लोक कोई काल्पनिक स्वर्ग नहीं, अपितु वह अवस्था है– जहाँ मनुष्य अपने कर्मों से अपनी स्थिति गढ़ता है। यहीं स्वर्ग है, यहीं नरक और यही है लोक।'

## संस्कृत धातुपाठ में लोक

'लोक दर्शन' ( लोकृ धातु) – जिसका अर्थ है देखना, अनुभव करना, प्रकाशित होना।

इससे बना 'लोकः' = 'जहाँ अनुभव होता है' या 'जहाँ जीवन प्रकट होता है'। अर्थात् – प्रकाश, चेतना और अनुभव का क्षेत्र ही लोक है।

इस प्रकार 'लोक' शब्द की व्यापकता, व्यवहारिकता तथा उपयोगिता को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि, यह बहुत ही उपयोगी शब्द है तथा इसका अर्थ परिज्ञान मनुष्य को व्यापक चिन्तन प्रदान करता है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. ऋग्वेद 1/34/5
2. ऋग्वेद 10/90/14
3. यजुर्वेद 7/35
4. शुक्ल यजुर्वेद संहिता अध्याय 31 मन्त्र 6
5. अथर्ववेद 11/5/16
6. शतपथ ब्राह्मण 6/7/2/14
7. मनु स्मृति 11/97
8. महाभारत
9. शिवपुराण शतरुद्र संहिता 18/27
10. ऋग्वेद 1/22/2
11. श्रीमद्भागवतमहापुराण स्कन्ध 0 श्लोक 0।
12. ऋग्वेद 1/22/5
13. निरुक्तम् 7/4
14. काव्य प्रकाश उल्लास 1, श्लोक 3।
15. बालकाण्ड चौपाई 3

**SHODH CHETNA–YEAR-12, VOL. 1 (Jan. To March, 2026)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed & Referred International Multifocal Research Journal**
**IMPACT-FACTOR SJIF - 7.778**
**Paper Received : 12th March 2026** **Paper Accepted : 20th March 2026**

# कृषि जोत समस्याएँ, एक भौगोलिक अध्ययन, जनपद हरदोई के सन्दर्भ में

❑ डॉ. पुष्पा रानी गंगवार*
❑ राकेश सिंह**

## शोध-सारांश

मानव समाज के विभिन्न आयामों में धीरे–धीरे उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। भविष्य में यहाॅ पर आर्थिक उन्नयन होने की अपार संभावनाएं हैं लेकिन ऐसा भी नही है कि यहाॅ पर विकास नही हो रहा है या पहले विकास नहीं हुआ है। शोधार्थी द्वारा यहाॅ पर की मुख्य समस्या परिवर्तनशील कृषि एवं पर्यावरण पर प्रभाव का एक भौगोलिक अध्ययन है। जिसमें सन् 1991 से 2020–21 हुए सामाजिक–आर्थिक प्रभावों को शामिल किया गया है जो कि सन् 1991 में वित्तमंत्री नरसिंहा राव द्वारा देश को वैश्वीकरण की श्रेणी में लाया गया था जिससे हमारी आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था में सुधार हुआ। इन्हीं तथ्यों को देखते हुए शोधार्थी ने परिवर्तन के लिए सन् 1991 वर्ष को चुना है। मानव समाज पर कृषि का प्रभाव देखा जा सकता है तथा इसके प्रत्येक आयाम को कृषि प्रभावित करती है। समय के साथ बढ़ती जनसंख्या की खाद्यान्न आपूर्ति हेतु हमने अपने कृषि के प्राचीन तौर तरीकों में बदलाव किये हैं। इन बदलावों ने मानवीय समाज पर एक अलग प्रभाव डाला है बढ़ती मशीनरी के उपयोग से मानवी श्रम कृषि कार्यों में निम्नतम होता जा रहा है इससे ग्रामीण स्तर पर बेरोजगारी एक समस्या बनकर पनप रही है। भारत कार्यशील जनसंख्या वाला विशाल देश है जहाॅ पर लगभग 65 प्रतिशत लोग युवा हैं।

***कुंजी शब्द–*** कृषि जोत, खाघान्न, परिवर्तनशील कृषि, मशीनरी, बेरोजगारी आदि।

* एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल–विभाग), केन सोसायटी नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई (उ.प्र.)–241001
** एसोसिएट प्रोफेसर (भूगोल–विभाग), केन सोसायटी नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई (उ.प्र.)–241001

यह जनपद उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में से एक है इस जनपद की भौगोलिक स्थिति से पूर्व हम उत्तर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के बारे में समझेगे, उत्तर प्रदेश के उत्तर दिशा में स्थिति एक मैदानी भूमि वाला राज्य है जिसका अक्षांशीय विस्तार 24030′ उत्तर से 30052′ उत्तर तथा देशान्तरीय विस्तार 77049′ पूर्व से 84038′ पूर्व है उत्तर प्रदेश का क्षेत्रफल 240 9282′ है। उत्तर प्रदेश का हरदोई जिला एक कृषि प्रधान जनपद है। यह जनपद उत्तर प्रदेश के लगभग उत्तर मध्य में स्थित है। इस जनपद का पुराना नाम हरिद्रोही है जिसका क्षेत्रफल 59892′ है तथा अक्षांशीय विस्तार 26053′ से 27046 उत्तर, देशान्तरीय विस्तार 79041′ से 80046′ पूर्व है। यह जनपद काफी पिछड़ा हुआ है क्योंकि यहाँ की लगभग 87 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र में रहती है यह जनपद लखनऊ मण्डल में आता है। हरदोई जनपद की उत्तरी सीमा शाहजहाँपुर एवं लखीमपुर से दक्षिणी सीमा कन्नौज, उन्नाव तथा दक्षिण पूर्व में लखनऊ, पूर्व में सीतापुर पश्चिम में फर्रूखाबाद जनपद की सीमायें लगती है। जनपद के अधिकांश क्षेत्र में पिछड़ापन पाया जाता है। यहाँ की लगभग 85 प्रतिशत जनसंख्या कृषि कार्य में सलंग्न है।






Districts of Uttar Pradesh




Map of Hardoi District

## अध्ययन क्षेत्र

### अध्ययन क्षेत्र के उद्देश्य

कृषि क्षेत्र में पायी जाने वाली प्रमुख समस्याओं की जानकारी प्राप्त करना तथा कृषि की प्रमुख समस्याओं का विश्लेषण कर उनका समुचित निदान खोजना कृषि नियोजन हेतु सुझाव प्रदान करना और कृषि सुधार हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रम की विवेचना करना।

### शोध विधि तंत्र

शोध विधि तंत्र के द्वारा शोध सामग्री को

एकत्रित किया जाता है तथा प्राप्त आंकड़ो के संश्लेषण एवं विश्लेषण करने के उपरान्त एक निश्चित निष्कर्ष पर आसानी से पहुँचा जा सकता है शोध प्रारूप सुचारू रूप से सम्पन्न करने हैं तो हमें शोध विधि का ज्ञान होना अति आवश्यक होता है क्योंकि इसके माध्यम से ही हमें यह ज्ञात हो पाता है कि प्राथमिक आकंड़ा हमें प्राप्त करना है अथवा द्वितीयक आंकड़ों से निष्कर्ष तक पहुँचा जा सकता है। शोधार्थिनी ने शोध आंकड़ो के संकलन हेतु निम्नलिखित शोध विधि को अपनाया है–

**प्राथमिक आंकड़े**– प्रश्नावली अनुसूची क्षेत्रीय अवलोकन व व्यक्तिगत साक्षात्कार आदि।

**द्वितीय आंकड़े**– सरकारी प्रकाशित आंकड़े, अर्ध–सरकारी आंकड़े, अप्रकाशित आकंड़े, शोध पत्र, पत्रिका एवं समाचार पत्र व अनुदित किताबें आदि।

**मानचित्रण एवं आरेखण**– प्रस्तुत शोधपत्र में मानचित्रों एवं आरेखणों का प्रयागे किया गया है।

## कृषि जोत समस्याएँ

जनपद की अर्थव्यवस्था कषि पर ही निर्भर है क्योंकि यहॉ की भूमि कृषि की दृष्टि से अत्यधिक उपयोगी है परन्तु फिर भी यहॅा कृषि की कुछ न कुछ समस्याएं बनी रहती हैं जैसे– सिंचाई के लिए पानी की समस्या, खेतों का छोटा आकार होना, कृषि शिक्षा का अभाव होना, पूँजी की कमी व आधुनिक तकनीकी का ज्ञान न होना, भूमि उपयोग की समस्या, तथा अनावृटि की समस्या आदि हैं। इन सभी समस्याओं के कारण जनपद में वर्ष 2019–20 के आकं ड़ो के अनुसार कुल प्रतिवेदित क्षत्रे फल 598876 है तथा वर्तमान परती भूमि 45982 अन्य परती भूमि 23928 और ऊसर एवं कृषि के अयोग्य भूमि 14145, कृष्य बेकार भूमि 10604 तथा कृषि के अतिरिक्त अन्य उपयोग की भूमि 57859, जनपद में वन क्षेत्र भूमि 12271 और चारागाह 4600 है। वर्तमान में उद्यानों व वृक्षों एवं झाड़ियों का क्षेत्रफल भी बहुत कम लगभग 10290 हेक्टेयर में हैं। कृषि आज भी देश में विकास के लिए अपना योगदान दे रही है परन्तु हरदोई में भूमि के उपयोग में काफी असमानता के कारण कृषि की अनेक समस्याए सामने आ रही है। जनपद में 05 तहसीलें व 19 विकास खण्ड है जो क्रमशः बावन, शाहाबाद, अहिरोरी, सण्डीला, बेंहदर, काथोवॉ, भरावन, टड़ियावॉ, हरियावॉ, साण्डी, हरपालपुर, बिलग्राम, माधौगंज, मल्लावॉ, सुरसा, पिहानी, टोंडरपुर, भरखनी, कछौना हैं। यहॉ कृषि की समस्या अधिक है क्योंकि जनपद की जनसंख्या 2011 के अनुसार 4092845 है जो कुल क्षेत्रफल के अनुसार बहुत अधिक है। इस जनसंख्या में ग्रामीण जनसंख्या 3551039 है जो की बहुत अधिक है जनपद का जनसंख्या घनत्व 684 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है तथा लिंगानुपात 856 प्रति हजार परुु षों पर है और साक्षरता मात्र लगभग 68 प्रतिशत है जिसमें स्त्री साक्षरता बहुत ही कम हैं। लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण जोतों के आकार में भी कमी आ गयी है। आज कुल जोतों की संख्या 709788 जनपद में है तथा कुल जाते ों का क्षत्रे फल 472250 है जो 2015–16 के आकड़ों के अनुसार है।

**जनपद में जोतों का आकार विकास खण्ड– 1995 से 2015**

| विकास खण्ड | कुल जोतों की संख्या 1995 | कुल जोतों की संख्या 2015 |
|---|---|---|
| भरखनी | 45891 | 35583 |
| शाहाबाद | 39116 | 29168 |
| टोंडरपुर | 35910 | 27059 |
| पिहानी | 41797 | 31892 |
| सण्डीला | 39538 | 22367 |
| भरावन | 37022 | 20986 |
| बावन | 38316 | 27987 |
| हरियावॉ | 31295 | 22462 |

| | | |
|---|---|---|
| टड़ियावॉ | 32815 | 24160 |
| सुरसा | 38145 | 28267 |
| अहिरोरी | 34750 | 24011 |
| हरपालपुर | 40974 | 25398 |
| साण्डी | 41188 | 24863 |
| बिलग्राम | 44796 | 28937 |
| माधौगंज | 43412 | 27026 |
| मल्लावॉ | 30572 | 18320 |
| कोथावॉ | 33020 | 19371 |
| कछौना | 26368 | 14485 |
| बेहंदर | 34863 | 19908 |

जनपद में ग्रामीण कुल जोतो की संख्या 709788 है तथा कुल जोतो का क्षेत्रफल 472250 है।

जनपद में कृषि उत्पादन सम्बन्धी समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। क्योंकि यहॉ पर जल भराव की समस्या भी बहुत अधिक है जहॉ कहीं भी यदि कोई नदी या नहर निकली है वहॉ तो कृषि आसानी से हो जाती

परन्तु जहॉ पर कम सिंचाई की सुविधाएं हैं वहॉ कृषि करना थोड़ा मंहगा पड़ता है।

**मृदा समस्याएं एवं नियोजन**

मिट्टी प्रकृति के मूल को विकसित करती है अर्थात पशु, पक्षी, जीव, जन्तुओं के तथा पौधों के आवास के रूप में जानी जाती है यह समस्त भूमण्डल का आधार है। मृर्दा भूमण्डल के ऊपर महीन शैल चूर्ण एवं हयूमस के सहयोग से मिलकर बनी है मृदा मे मुख्य रूप से तीन परतें पायी जाती है जिसमें सबसे ऊपरी परत ही फसलों के उत्पादन के लिए आवश्यक होती है तथा निचली परतों में उर्वरता कम होती जाती है मानव प्राचीन काल से ही कृत्रिम पौधा उगाता रहा है कृत्रिम तरीके से पौधों को उगाने को ही कृषि कहा जाता है यह कृषि कृषकों के द्वारा की जाती है लगातार एक प्रकार की कृषि करने से मिट्टी में विभिन्न प्रकर की समस्याएं पनपने लगती है। समय के साथ में मिट्टी की उर्वरता में कमी आती जाती है क्योंकि हर कार्य की अपनी क्षमता होती है जिसके कारण वह उत्पादन करते हैं लेकिन एक समय ऐसा आता है जब उर्वरता की कमी हो जाती है तो कृत्रिम उर्वरकों के द्वारा फसल उत्पादन सम्भव हो पाता है।

जनपद हरदोई मध्य गगां के मैदान में स्थित होने के कारण यहॉ पर पर्याप्त मात्रा में जलाढ़े व दोमट मिट्टिओं का विस्तार पाया जाता है लगातार कृषि कार्य करने के कारण इन क्षेत्रे में विभिन्न प्रकार की समस्याएं आ गई हैं जिनके कारण फसलों का उत्पादन कम होने लगा है इस उत्पादन को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार की मृदा समस्याएं जिम्मेदार है। जनपद में अनुर्वर बंजर भूमि का एक विस्तृत भाग

इसके मध्य में पश्चिम से पूरब उत्तर रेलवे लाइन के सहारे फैला हुआ है यह भाग ऊसर के नाम से जाना जाता है। जनपद में विभिन्न प्रकार की मृदा समस्याएं दृष्टिगत होती है–

1. मृदा क्षरण की समस्याएं
2. भूमि उपयोग की समस्याएं
3. भूमि सुधार जनित समस्याएं
4. मिट्टी की न्यून उर्वरता

**मृदा क्षरण की समस्याएं एवं नियोजन**

बर्षा व बाढ़ पर आधारित भूमि क्षरण समस्या भी जनपद के कृषि विकास में बाधक है जिसमें मिट्टी की ऊपरी परत कटाव ग्रस्त हो जाती है जिससे मिट्टी की उर्वरता में भारी गिरावट हो जाने से कृषि उत्पादन गिर जाता है। जनपद में मिट्टी की उर्वरता में भारी गिरावट दर्ज की गई है। भूमि क्षरण की समस्या को अति गम्भीर बताते हुए चार्ल्स ई के जाल में मानव एवं मिट्टी के मध्य स्वस्थ संबन्धों के चिन्हों की संज्ञा देते हुए कहा है कि यह सिरदर्द की भांति है जो प्रायः

मनुष्य के शरीर में कुछ मूलभूत अस्वस्थता का चिन्ह होता है। वास्तव में जनपद में भूमि क्षरण समस्या ने कृषि के परिवर्तनशील प्रतिरूप में परिवर्तन को प्रेरित करने में अपनी मूलभूत भूमिका निभाई है। जिससे कृषि उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

जनपद में नदी नालों की बहुलता पश्चिमी निचली भूमिका उच्चावच ढाल मैदानी मुलायम मिट्टी तथा प्राकृतिक वनस्पति का अभाव जैसे कारणों ने भूमि क्षरण को प्रेरित किया है। वर्ष 1991–92 में हुए भूमि सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार जनपद में लगभग 3213 हेक्टेयर भूमि कटाव त्रस्त थी अर्थात इतनी अधिक भूमि का कटाव ग्रस्त होना वास्तव में जनपदीय समस्या है इस समस्या से विशेष रूप से पीड़ित क्षेत्रों में पाली, भरखनी, सवायजपुर, हरपालपुर, साण्डी, बिलग्राम, मल्लावॉ, माधौगंज आदि क्षेत्र प्रमुख हैं। यहॉ तक कि रामगंगा एवं गंगा की दोआब में अत्यधिक कटाव ग्रस्त भूमि होने के कारण इस क्षेत्र को बनकटी नाम से जाना जाता है क्योंकि इस कटाव ग्रस्त क्षेत्र में कटीली झाड़ियों की अधिकता पाई जाती है दिनों दिन नादियों द्वारा बढ़ती हुई कटाव ग्रस्त भूमि के फलस्वरूप शुद्व कृषि भूमि पर प्रतिकूल प्रभाव का पड़ना स्वाभाविक है वास्तव में भूमि चरण कृषि का महान शत्रु है जो देश की प्रसन्नता के लिए एक मात्र सबसे बड़ी धमकी है।

## भूमि उपयोग की समस्या एवं नियोजन

प्रत्येक भूमि उपयागे अवस्था की स्पष्ट विशेषताएं भूमि की उपयोगिता तथा मानव के अंतर क्रियाओं के परिणाम होती है भूमि की महत्व प्रत्येक प्राणी को प्रभावित करती है। भूमि मानव को प्रभावित करती है और मानव भूमि को भूमि का संतुलित उपयोग के तत्वों तथा मानव परिस्थिति की क्षमता को प्रदर्शित करता है कृषि विकास की अनेक अवस्था में परिवर्तन प्रेरित करने वाले अनेक कारक उत्तरदाई होते हैं जिन्हें जनसंख्या वृद्धि, शस्य गहनता एवं कृषि क्षमता सिंचाई तथा आर्थिक उत्पादन का योगदान प्रमुख होता है जनसंख्या का बढ़ता हुआ भार सीमित क्षेत्र के भूमि उपयोग प्रारूप में आवश्यक परिवर्तन करता है जो कृषीय तथा अकृषीय भूमि की अंतर क्रियाओं का ही परिणाम होता है। उक्त सन्दर्भ में जनपद के वर्तमान प्रचलित भूमि उपयोग पर आधारित वृद्धिशील जनसंख्या के पोषण का अत्यधिक भार है। क्योंकि जनपद के 70 प्रतिशत शुद्ध बोई भूमि पर जनसंख्या के 85 प्रतिशत व्यक्तियों के भरण पाेषण की समस्या प्रमुख है। सन् 1991–92 में जनपद की शीस गहनता अता 113 प्रतिशत थी जो 2020 के एक लम्बे अंतराल के बाद बढ़कर 145 प्रतिशत हो गई जनपद में प्रति व्यक्ति शुद्ध कृषि भूमि 0.102 हेक्टेयर है। जिनके क्षेत्र के अनुसार विश्लेषण करने से स्पष्ट होता है कि भूमि उपयोग के अन्तर्गत कृषि के लिए उपलब्ध भूमि के क्षेत्रफल में निरंतर कमी की प्रवृत्ति हो रही है इस अनवरत कमी के कारण मुख्य है जैसे– आवास एवं यातायात उद्योगों के अंतर्गत आने वाली भूमि का अतिक्रमण शुद्ध कृषि भूमि पर हुआ है यह अधिग्रहण क्षेत्र नदी तल में समा गया अथवा कटाव ग्रस्त होकर कृषि के लिए अनुपलब्ध हो गया है। जनपद में परती भूमि पर्याप्त मात्रा में है जो फसल से अभाव ग्रस्त रहती है। वर्तमान परती भूमि के अन्तर्गत लगभग 45982 हेक्टेयर भूमि आती है तथा अन्य प्रति भूमि के अन्तर्गत 23928 हेक्टेयर भूमि आ रही है सबसे अधिक परती भूमि भरावन विकास खण्ड के अन्तर्गत आती है तथा सबसे कम परती भूमि टोंडरपुर विकास खण्ड के अन्तर्गत है जहॉ पर मात्र 1096 हेक्टेयर भूमि परती है अन्य परती भूमि के अन्तर्गत सबसे अधिक भूमि भरावन क्षेत्र में अन्तर्गत है जहॉ पर 1520 हेक्टेयर भूमि अन्य परती भूमि के अन्तर्गत आती है तथा सबसे कम अन्य प्रतिभूमि के अन्तर्गत कछौना ब्लॉक है। जहॉ पर मात्र 690 हेक्टेयर भूमि अन्य परती भूमि के अन्तर्गत अंकित है। जनपद

की सीमित शुद्ध कृषि भूमि में ऋण आत्मक परिवर्तनों का होना एक चिंता का विषय है क्योकि बहु फसली भूमि फसल गहनता एवं सिंचित भूमि का विकास भी पर्याप्त नही कहा जा सकता है। जनपद की बढ़ती हुई जनसंख्या की दृष्टि से आवश्यक है कि भूमि संसाधन का उपयोग अधिकाधिक लाभप्रद हो तथा बहु फसली भूमि एवं फसल गहनता का विकास किया जाए।

**भूमि सुधार जनित समस्याएं एवं नियोजन**

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय से ही भूमि सुधार व्यवस्था में सुधार लाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए है तथा इन महत्वपूर्ण प्रयासों से कृषि के परिवर्तनशील प्रतिरूप में आवश्यक परिवर्तन भी हुए हैं किन्तु सर्वाधिक कृषि विकास की दृष्टि से यह प्रयास अधिक प्रभावी नही सिद्ध हुए और यहॉ आज भी अनेक समस्याएं विद्यमान हैं जो कृषि विकास की गति में अवरोधक है। भूमि सुधार कार्यक्रम में चकबन्दी जोतकार तथा सहकारी कृषि का विस्तार जैसे कार्य महत्वपूर्ण है जिसमें चकबन्दी के माध्यम से अनुकूलित भूमि उपयागे तथा कृषि विकास को लक्ष्य मानकर छोटी–छोटी एवं विखंडित जोतों को एक या दो स्थानों पर एकत्रित करने का प्रयास किया गया है किन्तु चकबन्दी में चकों के स्वरूप आकार स्थिति तथा भूमि के मूल्यांकन एवं निर्धारण में उक्त लक्ष्य की पूर्ति पूर्णता नहीं हो पाई है वस्तुतः उक्त असफलता के लिए सामाजिक एवं प्रशासनिक दोनो ही दशाएं समान रूप से उत्तरदाई हैं। स्वार्थ सिद्धि की लालसा से चंद बुद्धजीवी एवं कुशल वर्ग द्वारा अधिक भूमि को प्राप्त करना तथा अधिकारियों से अनियमिति एवं अनाधिकृत गठबंधन नियोजन विहीन निर्धारण जातिवाद ग्रामीण सदस्यों के सहयागे की कमी एवं कर्मचारियों की कम संख्या आदि तत्व किसी न किसी रूप में असफलता के करण रहे हैं।

इस योजना में आवास खलिहान यातायात खेलकूद के मैदानों एवं अन्य सार्वजनिक उपयोगों के लिए अतिरिक्त भूमि के आवंटन से शुद्ध बोये क्षेत्रफल में ऋणात्मक परिवर्तन की प्रमुख समस्या रही है क्योंकि ग्रामों क निकटवर्ती भाग की उर्वरता अधिक होती है। वस्तुतः आवास खलिहान तथा अन्य सार्वजनिक उपयोग के लिए भूमि की व्यवस्था ऐसी अनुपयुक्त तथा बंजर भूमि पर होनी चाहिए थी जो कृषि की दृष्टि से सर्वथा अनुपयुक्त होती है साथ ही उपलब्ध आबादी की भूमि पर सधन एवं सुनियोजित गृह निर्माण करना चाहिए था। जिसके फलस्वरूप शुद्ध कृषि भूमि की अधिकाधिक बचत संभव थी। जोतों को निश्चित करने हेतु जनपद में जोत सीमाबंदी याजे ना के अन्तर्गत सीमा से अधिक भूमि रखने वाले कृषकों से भूमि प्राप्त कर सरकार ने निर्धन व भूमिहीन कृषकों में भूमि का आवटं न इस उद्देश्य से करने का प्रयास किया जिससे सामाजिक न्याय और कृषि विकास सम्भव हो सके किन्तु इस योजना में व्याप्त सामाजिक एवं प्रशासनिक बरु ाइयों के परिणाम स्वरूप आज भी अनेक समस्याएं व्याप्त हैं। जिस समय यह योजना लागू करने की बात सरकार ने की तथा कानून बनाने तक जोत सीमा में आने वाले कृषकों ने अपने सगे सम्बन्धियों तथा रिश्तेदारों के नाम बहुत सी भूमि लिखवा दी जिससे बहुत सी भूमि सरकार के हॉथ न लग सकी साथ ही जो भूमि सीमा से अधिक निकाली गई वह तो विवाद ग्रस्त थी अथवा आवंटन सही पात्र को नहीं हुआ था। आज भी बहुत से भूमिहीन कृषक अपना समस्या ग्रस्त जीवन व्यतीत कर रहे हैं इस समस्या का मुख्य कारण कुछ पथ भ्रष्ट कर्मचारियों एवं कुशल वर्ग के बीच हुए अनाधिकृत गठबंधन का प्रतिफल है।

**मिट्टी की न्यून उर्वरता की समस्या एवं**

## नियोजन

पौधों का अंकुरण विकास तथा उसकी पुष्टता का सीधा संम्बन्ध उस पोषण शक्ति से होता है जो उसे भूमि से प्राप्त होती है फसलों के बार—बार उत्पादन से भूमि की उर्वरता शक्ति क्षीण होने लगती है। जिसको सतत बनाए रखने के लिए प्राकृतिक खाद् एवं रासायनिक उर्वरकां का प्रयोग आवश्यक होता है रासायनिक उर्वरकों के प्रचलन के पूर्व भूमि की उर्वरता शक्ति बढ़ाने के लिए पशुओं द्वारा प्राप्त गोबर तथा हरी खादों का प्रचलन अधिक था इसके अतिरिक्त खेतों को एक या 2 वर्ष के लिए परती के रूप में छोड़ दिया जाता था। जिससे हवा धूप पानी जैसे प्राकृतिक तत्वों के द्वारा स्वतः भूमि को उर्वरता शक्ति प्राप्त हो जाती थी। किन्तु सतत बढ़ती हुई जनसंख्या की दृष्टि से वर्तमान समय में खेत को परती के रूप में एक निश्चित समय के लिए छोड़ना उपयुक्त नही होगा और न ही गोबर की खाद द्वारा एक खेत में दो या दो से अधिक फसलों का उत्पादन संभव हो सकेगा किन्तु यह रासायनिक उर्वरक इतने अधिक मूल्य के होते हैं जिन्हें जनसाधारण प्रयोग नहीं कर सकता है अर्थात गहन कृषि कार्यक्रम के व्यवस्थित रूप में उर्वरकों के अधिकाधिक प्रयाग की समस्या प्रमुख है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. Achar.S.T.-(1997) - Tropical Diseases p.98 pub- Abdulla Orient Langman St.d, 36 Annasalai mound Road Madras.
2. Adauu. R.M.(1962) - Agricultureand urbar Life in early SW Iran science 136.
3. Agnihotri. R.C.(1980) - Geomedical environ-mentaland Health care. New Delhi.
4. Agrawal.R.S.(1965) - Soil Fortility in India-Asia Pbu. House.P-T
5. Akhtar.R.and Learmonth-(1985)- Geographical Aspects of Healthand Diseases in india concepts PublishingCo. New Delhi PP 12,17.
6. Akhtar.R.and Learmonth-(1992)- Malania returns to India grographical Magazine. 54135, 139.
7. Akhar, Rais (1982) - The Geography of Health. An essayand Biblography. Namal pub- New Delhi.
8. Akhar Rais (1983) - Scope of Geography of Healthand Geographical Research in India Annals, 3, 2, PP66-67
9. Annul Report of (1978)-Central Board for preventionand central. Water Pollution
10. Arthur. N. Strabler & (1967)-Environmental Geo-science interaction Between Alan H.Strahur Arvil.R.Naturalsystemand man willey Interna-tional edition.
11. Arvill.R. (1967) - Manand environment crisisand thestrategy of choic Penguin.
12. Arya.Satya Dev (2000)- Rajasthan hindigranth-academy Jaipur.a